स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
3 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 311 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

भारत बनाम इंग्लैंड

भारत पहली पारी 310/5, ओवर 85

### सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

## नेशनल हेराल्ड अधिग्रहण में हुआ फर्जी लेन-देन

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन

### ईडी ने अदालत में किया दावा

किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। उन्होंने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन



में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया।ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपये के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपये में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं।

### क्या हैं आरोप

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

## एअर इंडिया प्लेन के दोनों इंजन हो गए थे फेल!

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के भीषण हादसे की शुरुआती जांच में इस दुर्घटना के कारणों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच में इस बात की

### शुरुआती जांच में मिल रहे संकेत

संभावना जताई जा रही है कि दोनों इंजनों के फेल हो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई थी। एअरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। इस विमान हादसे में 241 यात्री और मेडिकल कॉलेज के छात्रों समेत कुल 270 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जांच में सामने आया है कि रैम एअर टर्बाइन (आरएटी) केवल तब सक्रिय होती है जब दोनों इंजन बंद हो जाते हैं। हादसे से ठीक पहले यह सक्रिय हो गई थी।प्रारंभिक जांच के मुताबिक, विमान में दो जनरल इलेक्ट्रिक



(जीई) इंजन लगे थे। एएआईबी इस बात की जांच कर रहा है कि क्या बिजली की खराबी, ईंधन में मिलावट या इंजन नियंत्रण प्रणाली की विफलता के कारण एक साथ बिजली चली गई। जीई ने फिलहाल इस रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। एअर इंडिया ने भी कुछ बयान नहीं दिया है। एअर इंडिया द्वारा किए गए उड़ान सिमुलेशन में टेकऑफ के दौरान बोइंग 787 के लैंडिंग गियर और विंग फ्लैप वापस खींचे गए थे। वीडियो फुटेज से पुष्टि होती है विमान उड़ान भरने के बाद ऊंचाई पर नहीं जा सका और सीधा नीचे गिरा। वहीं, आरएटी की तैनाती दर्शाती है कि दोनों इंजन फेल हो चुके थे जो एक बेहद दुर्लभ स्थिति है। फिलहाल दो स्तर पर जांच जारी है। एएआईबी की तकनीकी टीम जांच कर रही है, जिसमें विमान के इंजन की विफलता और सिस्टम की पड़ताल की जांच की जा रही है। वहीं गृह सचिव के नेतृत्व में अलग जांच हो रही है जो मानवीय भूल या सुरक्षा में चूक की जांच पर केंद्रित है।

## संसद की सुरक्षा में सेंध के दो आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। बता दें कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दी है। कोर्ट ने जमानत देने से पहले कुछ शर्तें भी रखी हैं। न्यायाधीश ने उन्हें मीडिया को साक्षात्कार न देने और घटना से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट न करने का भी निर्देश दिया।

## भाजपा की प्रेरणा सिर्फ राष्ट्र निर्माण : राजनाथ

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का सिर्फ एक ही मकसद है, किसी भी तरह सत्ता में बने रहना। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना और ऐसी नीतियां बनाना है जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसी को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि कोई केंद्र सरकार इतना बड़ा




आर्थिक बोझ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर वह सारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करने लगेंगे तो बहुत लंबा समय लग जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिला है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसके लिए सरकार ने काम न किया हो।

राजनाथ सिंह ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा रखना चाहिए कि बिहार भी तेजी से आगे बढ़ेगा और विकास की इस यात्रा में पीछे नहीं रहेगा।

## दोगुना किराया वसूल सकेंगे एप बेस्ड कैब एग्रीगेटर

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2025 के लिए मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस जारी की हैं। इन गाइडलाइंस के तहत कैब एग्रीगेटर्स (जैसे ओला, उबर वगैरह) को अब पीक आवर्स यानी सबसे ज्यादा मांग वाले समय में बेस किराए का दोगुना चार्ज करने की अनुमति मिल गई है। पहले ये सीमा 1.5 गुना थी। वहीं, नॉन-पीक ऑवर्स में न्यूनतम किराया बेस फेयर का 50 प्रतिशत रखना अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025% में कहा है कि एग्रीगेटर को आधार किराये से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा उप-खण्ड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराये से अधिकतम दो गुना डायनैमिक प्राइसिंग की अनुमति होगी। नई गाइडलाइंस के अनुसार, बेस फेयर कम से कम 3 किलोमीटर के लिए तय किया जाएगा। इसका मकसद डेड माइलेज को कवर करना है। यानी वह दूरी जो ड्राइवर बिना सवारी के तय करता है या किसी सवारी को लेने के लिए यात्रा करता है।

## भारत के साथ बहुत कम टैरिफ पर समझौता करेंगे : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते पर कहा है कि अमेरिका बहुत कम टैरिफ पर समझौता कर लेगा। उन्होंने कहा कि यह अलग तरह की डील होगी। रॉयटर्स के हवाले से जारी एक वीडियो में ट्रंप को व्यापार समझौते पर टिप्पणी करते देखा गया। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि हम भारत के साथ एक समझौता करने जा रहे हैं और यह एक अलग तरह का समझौता होगा। यह एक ऐसा समझौता होगा जिसमें हम आगे बढ़कर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अभी भारत किसी को भी स्वीकार नहीं करता है, लेकिन मुझे लगता है कि भारत ऐसा करने जा रहा है, और अगर वे ऐसा करते हैं, तो हम बहुत कम टैरिफ पर समझौता कर लेंगे। बता दें कि बीते दिनों ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका समय सीमा समाप्त होने से पहले देशों को पत्र भेजेगा, जिसमें लिखा होगा कि हम आपको अमेरिका में खरीदारी करने



की अनुमति दे रहे हैं, आपको 25, 35, 50 या 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कौन-सा देश हमें अच्छा या बुरा ट्रीट करता है। कुछ देशों से हमें फर्क नहीं पड़ता, उन्हें बस ज्यादा टैक्स देना होगा।

भारत चाहता है कि प्रस्तावित 26 फीसदी शुल्क वापस लिया जाए और स्टील व ऑटो पार्ट्स पर पहले से लगे अमेरिकी शुल्कों में छूट मिले। मगर अमेरिका पहले भारत से सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क घटाने और गैर-शुल्क बाधाओं को आसान करने की प्रतिबद्धता चाहता है।

## हिमाचल में बारिश से तबाही, दस लोगों की मौत

**शिमला।** पिछले 24 घंटों में बारिश और भूस्खलन से संबंधित घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या 10 हो गई है, जब अधिकारियों ने कई लोगों के बह जाने के बाद दो और शव बरामद किए।

मंडी राज्य का सबसे ज़्यादा प्रभावित ज़िला रहा है, जहाँ अचानक बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की कई घटनाओं ने व्यापक तबाही मचाई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले कुछ दिनों में अत्यधिक भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की चेतावनी दी गई है।

अधिकारियों ने निवासियों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

बुधवार सुबह 10 बजे तक 282 सड़कें यातायात के लिए बंद रहीं। इसके अलावा 1,361 बिजली ट्रांसफार्मर और 639 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

## 'नए आपराधिक कानूनों से केवल भ्रम पैदा हुआ'

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इन कानूनों को लागू करने को 'कट एंड पेस्ट'

### चिदंबरम बोले यह केवल 'कट एंड पेस्ट' एक्सरसाइज

एक्सरसाइज बताया। चिदंबरम ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों को लागू करना व्यर्थ का काम है। इनसे न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस के बीच न्याय प्रशासन में केवल भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। चिदंबरम ने यह बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नए आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार दिए जाने पर दिया है। बीते दिन, राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया न केवल सस्ती और सुलभ होगी, बल्कि सरल, समयबद्ध और पारदर्शी भी होगी।



सरकार पर निशाना साधते हुए चिदंबरम ने कहा कि सरकार ने बार-बार दावा किया है कि तीन आपराधिक कानून विधेयक, जो अब अधिनियम बन चुके हैं, आजादी के बाद के सबसे बड़े सुधार हैं, लेकिन यह सच से बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि मैंने तीनों विधेयकों की जांच करने वाली संसदीय स्थायी समिति को अपना असहमति नोट भेजा था। इतना ही नहीं यह संसद में पेश की गई रिपोर्ट में भी शामिल है। अपने असहमति नोट में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं की तुलना संबंधित नए विधेयक से करने के बाद, मैंने कहा था कि यह केवल कट-पेस्ट एक्सरसाइज है। नए विधेयक में आईपीसी का 90-95 प्रतिशत, सीआरपीसी का 95 प्रतिशत और साक्ष्य अधिनियम का 99 प्रतिशत हिस्सा काट-छांट कर शामिल किया गया है।

## दामाद ने सास-ससुर को उतारा मौत के घाट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार देर रात उस वक्त हड़कंप

### राजधानी में दोहरे हत्याकांड से सनसनी

मच गया। जब आलमबाग थाना क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड जैसे सनसनीखेज की वारदात हुई। घरेलू कलह के बाद आक्रोशित दामाद ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर अपने सास-ससुर को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद भाग रहे आरोपों को पड़ोसियों ने दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस के मुताबिक इलाके में 75 वर्षीय अंतराम घर में 73 वर्षीय पत्नी आशा के साथ रहते थे। उन्होंने अपनी बेटी पूनम की शादी जगदीप सिंह नामक युवक से कई साल पहले की थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से पूनम और जगदीप सिंह में विवाद हो गयाए जिसके बाद करीब 5 साल से पूनम अपने मायके में रह रही थी। आज बुधवार रात जगदीप अपनी ससुराल पहुंचा और पूनम से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। धीरे.धीरे बात इतनी बढ़ गई कि सास ससुर को बीच में बीच बचाव करना पड़ा। इस पर आक्रोशित जगदीप सिंह ने चाकू से अंतराम और आशा ताबड़तोड़ प्रहार कर दियाए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## सीएम तो पूरे पांच साल रहूंगा : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का कहना है कि वह पूरे 5 साल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उनका यह बयान डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और उनके समर्थकों के लिए झटका है, जो मंगलवार तक

### बेकार हो गई डिप्टी सीएम शिवकुमार जोर आजमाइश

दावा कर रहे थे कि 100 विधायक उनके साथ हैं। शिवकुमार समर्थकों का कहना था कि यह सबसे सही समय है, जब मुख्यमंत्री बदल दिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो फिर अगले चुनाव में कांग्रेस के लिए जीतना मुश्किल होगा। बुधवार को सिद्धारमैया ने कहा, हां मैं मुख्यमंत्री हूं। आखिर आपको कोई संदेह क्यों है? उनसे पूछा गया कि भाजपा और जेडीएस की ओर से दावा किया जा



रहा है कि जल्दी ही बदलाव होना है। इस पर सिद्धारमैया ने कहा कि क्या हमारे हाईकमान ये लोग हैं।

एक तरफ सिद्धारमैया ने सीएम पद पर बने रहने की बात कही है तो डीके शिवकुमार का खेमा अब नरम पड़ता दिख रहा है। यहां तक कि शिवकुमार ने अब अपने ही समर्थकों के बयान पर ऐतराज जता दिया है। उन्होंने कहा है कि वह विधायक इकबाल हुसैन को कारण बताओ नोटिस जारी करेंगे। इकबाल हुसैन ने ही दावा किया था कि हमारे पास 100 विधायकों का समर्थन है, जो चाहते हैं कि डीके शिवकुमार को ही सीएम बना दिया जाए। हुसैन का कहना था कि हमारी यह मांग है और हम इस मसले को हाईकमान के सामने भी रखेंगे।

दरअसल डीके शिवकुमार गुट की जोर-आजमाइश सोनिया गांधी और राहुल गांधी के दरबार तक पहुंची थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने तो साफ कहा था कि इस पर फैसला हाईकमान लेगा। फिर मंगलवार को रणदीप सुरजेवाला पहुंचे तो उन्होंने डीके शिवकुमार को साथ बिठाकर मीडिया से बात की और अंत में सब कुछ शांत जैसा करा दिया है।

## ओबीसी युवाओं को अब मुफ्त तकनीकी प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना 2025-26 के तहत अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। योजना के अंतर्गत 14 जुलाई 2025 तक आवेदन स्वीकार

### ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण का मिलेगा लाभ

किए जा रहे हैं। इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 35.00 करोड़ की राशि प्राविधानित की गई है। आवेदन https:// obccomputertraining.upsdc.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। योजना के अंतर्गत इस बार कुल 435 संस्थाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से नियमों के अनुरूप पात्र 299 संस्थाओं का चयन किया गया। इनमें 52 संस्थाएं ओ लेवल, 43 संस्थाएं सीसीसी और 204 संस्थाएं दोनों प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार योजना के तहत इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवक-युवतियां, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख या उससे कम है, वे लाभार्थी बन सकते हैं। ओ लेवल कोर्स की 1 वर्ष की अवधि होती है, जिसमें 15,000 तक की सहायता मिलती है। वहीं, सीसीसी कोर्स की 3 माह की अवधि है, जिसमें 3,500 तक की सहायता दी जाती है। यह सहायता प्रत्यक्ष रूप से चयनित संस्थाओं को दी जाएगी। यदि किसी लाभार्थी ने खुद शुल्क अदा किया है तो प्रमाण-पत्र सत्यापन के बाद उसे भुगतान किया जाएगा। संस्थाओं का चयन निदेशक स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जाता है, जबकि लाभार्थियों का चयन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। योजना की नियमावली में संशोधन कर 9 अप्रैल 2025 को निदेशालय द्वारा संशोधित प्रस्ताय जारी किया गया था।

## हाईकोर्ट पहुंचा सरकारी स्कूलों के विलय का मामला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर (विलय) आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में चुनौती दी गई है। याचिकाओं पर 3 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। पहली याचिका, सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों ने दाखिल की है। जबकि, इसी मामले में एक अन्य याचिका भी दाखिल हुई है। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।

## कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी

### आईसीएमआर-एम्स के शोध में दावा

के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है। दरअसल कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर




तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अचानक हो रहीं मौतों की देश की विभिन्न एजेंसियों ने जांच की है और जांच में पाया गया है कि इनका कोरोना वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं हैं। आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी अपने अध्ययन में इसकी पुष्टि की है। सरकार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है और इसके दुर्लभ ही किसी पर गंभीर परिणाम दिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन-सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी ने 18 से 45 साल के लोगों के बीच अध्ययन किया। यह अध्ययन मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 47 क्षेत्रीय अस्पतालों और 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया। इस अध्ययन में उन लोगों की जांच की गई जो अक्तूबर 2021 से लेकर मार्च 2023 के बीच अचानक मौत का शिकार हुए। अध्ययन में पता चला कि इन अचानक मौतों का कोरोना वैक्सीन से संबंध नहीं है। अब एम्स द्वारा भी ऐसा ही एक अध्ययन किया जा रहा है, जिसकी फंडिंग आईसीएमआर द्वारा की गई है। अध्ययन में पाया गया है कि जेनेटिक म्यूटेशन के चलते दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। अभी अध्ययन चल रहा है और इसके पूरा होने के बाद ही रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। सरकार ने चेताया कि जो दावे किए जा रहे हैं, वे आधारहीन हैं और इनसे आम जनता का कोरोना वैक्सीन में विश्वास कमजोर होगा, जबकि कोरोना वैक्सीन की वजह से ही कोरोना महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बची थी।





# महाअभियान के तहत पौधारोपण का लक्ष्य 35 करोड़

## रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल दिया जाय : डा. अरूण कुमार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बुधवार को वन एवं वन्यजीव मुख्यालय स्थित पारिजात सभागार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना, पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पशु पालन मंत्री धर्म पाल सिंह, लोक निर्माण राज्यमंत्री बृजेश सिंह, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी, उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने वृक्षारोपण महा अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा कर 35 करोड़ वृक्षारोपण के सफल क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिये। वर्ष 2025-26 के वर्षाकाल में प्रदेश के 26 शासकीय विभागों तथा जन सामान्य के सहयोग से वन भूमि, सामुदायिक भूमि, व् अन्य राजकीय भूमि, कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर वृहद स्तर पर रोपण कराया जा रहा है। प्रदेश में गत वर्षों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवं वन सुरक्षा के परिणाम स्वरूप भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा निर्गत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार प्रदेश के वनावरण व वृक्षावरण में लगभग 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है, जो भारत में द्वितीय सर्वाधिक वृद्धि है। प्रदेश का पौधारोपण लक्ष्य 35 करोड़ है जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य 12.60 करोड़ तथा अन्य विभागों वा लक्ष्य 22.4 करोड़ है। 01 से 07 जुलाई (वन महोत्सव) के बीच जन्में नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में उनके अभिभावकों को दिया जाएगा तथा पौधों की देखभाल के लिए प्रेरित किया जायेगा। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 'अटल वन', 'एकता वन', 'एकलव्य वन' और 'शौर्य वन' विकसित किए जा रहे है, ये वन पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गौरव के प्रति सम्मान की भावना जगाने में मदद करेंगे। इसके अतिरिक्त नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण के 'आक्सी वन' भी स्थापित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर डा अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि का 1 प्रतिशत जन प्रतिनिधि ट्री गार्ड का प्रयोग करते हुए सड़क किनारे थीम वृक्षारोपण हेतु प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश कृषि वानिकी को प्राथमिकता देते हुए हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ का प्रचार-प्रसार कराया जाए, उन्होंने कहा कि रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल दिया जाये। उन्होंने कहा कि मां एवं ऑक्सीजन जीवन के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है एवं 'एक पेड़ मां के नाम' ने जीवन की दोनों आधारशिलाओं को जोड़ा है। उन्होंने गत वर्ष के वृक्षारोपण के अनुश्रवण एवं नदियों के किनारे वृक्षारोपण का महत्व बताया। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उद्यान ने वृक्षारोपण की सही एवं वैज्ञानिक तकनीक के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई एवं ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के अन्तर्गत नवजात शिशुओं के जन्म अवसर पर ग्राफ्टेड आम पौध के वितरण का आश्वासन दिया। बृजेश सिंह ने कहा कि वृक्ष सुरक्षा से जल सुरक्षा होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंदूर वन स्थापित किया जाये।

# ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट नीति के तहत 743 पंजीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा लागू की गई ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति के तहत प्रदेश में 743 से अधिक होमस्टे और 30 एग्रो फार्म स्टे इकाइयां पंजीकृत हुई हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इससे स्थानीय रोजगार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोग अपने घरों को पर्यटकों के लिए तैयार करने को लेकर उत्साहित हैं। इससे धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर भी पर्यटकों को रुकने के लिए होम स्टे की आरामदेह एवं सस्ती सुविधा मिल सकेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। वर्ष 2024 में 64.90 करोड़ पर्यटकों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। राज्य में बढ़ते पर्यटकों के ठहरने के लिए ज्यादा से ज्यादा कमरों की आवश्यकता होगी। राज्य में होमस्टे पंजीकरण में बढ़ोतरी पर्यटकों की पसंद में आए बदलाव को भी दर्शाता है। अब पर्यटक पारंपरिक होटलों की बजाय स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली से जुड़ने वाले अनुभवों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे आगरा, मथुरा, वृंदावन और प्रयागराज जैसे प्रमुख स्थलों पर होमस्टे इकाइयों की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। मथुरा के जैत गांव, जो तुलसी की मालाओं के हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है, वहां भी सांस्कृतिक अनुभवों से जुड़े होमस्टे और फार्म स्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने होमस्टे इकाइयों को अपनाया।

# मुख्य सचिव से मिले प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से बुधवार को वर्ष 2022 के 07 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा दूसरों के लिए सोचने और कार्य करने का अवसर प्रदान करती है। सरकार अधिकारियों को आत्म-मूल्यांकन और विवेकपूर्ण निर्णय लेने की स्वतंत्रता देती है। इस सेवा में चुनौतियों के साथ व्यापक अनुभव प्राप्त करने का मौका भी मिलता है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह सेवा दूसरों का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए है। स्वयं का मनोबल ऊंचा रखते हुए जनता के लिए अधिकतम कार्य करें, इससे आपकी टीम भी नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। दूसरों की सेवा से आत्म-संतुष्टि और उपलब्धि की अनुभूति होती है, जो अन्य किसी सेवा में नहीं मिलती है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने और तकनीक से अपडेट रहने का भी आह्वान किया। राजस्व प्रशासन महत्वपूर्ण सेवा है, जिसमें अधिकारियों का सीधा जुड़ाव जनता और उनकी समस्याओं से होता है। जमीन से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कार्य करना होगा। समस्याओं के समाधान के लिए पढ़ने के साथ ही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें। सरकार का मुख्य ध्यान रोजगार और निवेश पर है। अधिकारियों को अपने क्षेत्र में उद्यम और व्यवसायों को प्रोत्साहित करने और उनकी समस्याओं के समाधान करना चाहिए।

## खबर एक नज़र

### एसबीआई ने मनाया 70वां स्थापना दिवस समारोह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ मंडल में अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे ने कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने एसबीआई की 219 वर्षों की विरासत और उत्कृष्टता तथा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 52 करोड़ से अधिक ग्राहक एसबीआई के साथ बैंकिंग कर रहे हैं और एसबीआई को दुनिया के चौथे सबसे भरोसेमंद बैंक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के महत्व पर भी जोर दिया, जोकि एक स्थायी और डिजिटल रूप से सशक्त भविष्य के लिए बैंक के विजन के साथ संरेखित है।

### निकुंज ज्योति दिवस आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बाल निकुंज इंटर कॉलेज (गर्ल्स विंग)मोहिबुल्लापुर, सीतापुर रोड में निकुंज ज्योति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के संस्थापक शिव सहाय के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 14 जिला टॉपर्स और 87 शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अद्वितीय परिणाम लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय शिरमौर अतिथियों द्वारा दुशाला भेंटकर विभिन्न विशिष्ट पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उमा श्रीवास्तव पूर्व प्रधानाचार्या बाल निकुंज विद्यालय अलीगंज लखनऊ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों के साथ कॉलेज प्रबंधिका पुष्पा जायसवाल, प्रबंध निदेशक एच एन जायसवाल, सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य, इंचार्जेस एवं शिक्षक शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएमएस के पांच छात्र सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सीएमएस इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस के पांच छात्रों ने इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आईबीटी) के तहत आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता में 'सर्टिफिकेट ऑफ हाई डिस्टिंक्शन हासिल किया है। इनमें तीसरी कक्षा के जुबिन व हरि राजेश, पांचवी के श्रेयस चक्रवर्ती, 10 वीं के तनय पंत और शाश्वत सिंह शामिल हैं। प्रतियोगिता में छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक पाकर यह उपलब्धि अपने नाम की है। सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन आस्ट्रेलियन काउन्सिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च के तत्वावधान में किया गया। इसमें कई देशों के छात्रों ने हिस्सा किया।

### कार्यकर्ताओं ने सपा के कार्यों को गिनाया



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मेदांता चौराहे पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन पर केक काटकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। जिसमें काफी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता उपस्थित रहे। इजहार अहमद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरीश पाल जिला सचिव लोहिया वाहिनी महेश रावत रविंद्र सिंह मोहम्मद जहीर सुमंत्र यादव काफी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं पर उपस्थित इजहार अहमद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कहा कि आज हम लोगों ने एकत्रित होकर समाजवादी पार्टी द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को लोगों को बताया और समाजवादी पार्टी के नीतियों व कार्यक्रमों से भी लोगों को अवगत कराया वहीं पर हरीश पाल सचिव लोहिया वाहिनी ने भी समाजवादी पार्टी के अच्छे कार्यों को लेकर लोगों के बीच जाकर जागरूक करने का कार्य किया।

### आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने दिनेश गोयल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने अपनी कार्यकारिणी 2025-26 की घोषणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल महासचिव दीपक बजाज कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल चयनित हुए । कैप्टेन राजेश कुमार तिवारी जो बाराबंकी के विगत दो वर्षों से चेयरमैन रहे उनको अयोध्या मंडल का डिविजनल चेयरमैन नियुक्त किया गया है । अब उनको बाराबंकी सहित अयोध्या अमेठी सुल्तानपुर जनपदों में एसोसिएशन की गतिविधियों को बढ़ाने एवं सूक्ष्म लघु मध्यम उद्योगों के विकास में सहयोग करना होगा । तिवारी ने अयोध्या के नव नियुक्त चेयरमैन सुमित जायसवाल बाराबंकी से विधु गुप्ता एवं अमेठी से हेमंत विक्रम सिंह के सहयोग से अयोध्या डिवीज़न में उद्योगों के उन्नयन में निरंतर सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया ।

# प्रदेश लखपति दीदी के लक्ष्यों की ओर अग्रसर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है और इस दिशा में सरकार द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओ का संचालन किया जा रहा है, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आमदनी कम से कम एक लाख व इससे अधिक करने की दिशा में लखपति महिला योजना का संचालन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया जा रहा है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री मार्गदर्शन एवं निरंतर समीक्षा के फलस्वरूप मिशन ने गत वर्ष में स्वयं सहायता समूह में जुडी 75 लाख स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को ग्रामीण विकास मंत्रालय के लखपति दीदी एप पर आय के स्त्रोतों के सर्वे का कार्य पूर्ण किया गया। इस सर्वे कार्य में पूरे देश में प्रदेश अग्रणी रहा। महिलाओं की आय वृद्धि मिशन द्वारा बैंक ऋण, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं आजीविका सम्बंधित मूल्य वृद्धि इत्यादि द्वारा करवाया गया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे-कृषि आजीविका, गैर कृषि आजीविका, टेक होम राशन प्लांट, बैंक सखी, विद्युत सखी आजीविका सखी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, महिलाओं की मूल्य वृद्धि श्रृंखला की कंपनियों ,जिनमें दुग्ध विकास से सम्बन्धित ब मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों महिलाओं की हस्तशिल्प कंपनियों, एवं महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, पंचायती राज, उद्यान विभाग, कृषि विभाग के साथ अभिसरण के माध्यम से कार्य करते को आजीविका के अवसर एवं स्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आय में सतत् वृद्धि करवाई जा रही है एवं त्वरित गति से लखपति महिला बनने की दिशा की ओर मिशन अग्रसर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार की लखपति महिला योजना के अंतर्गत पूरे देश में 3 करोड़ स्वयं सहायता समूह सदस्यों को वार्षिक पारिवारिक आय को 1 लाख या अधिक करने का लक्ष्य है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 28.92 लाख सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2026-27 तक लखपति महिला बनाने का लक्ष्य है।

# राजभवन में मियावाकी तकनीक से 1760 पौधों का रोपण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बुधवार को राजभवन में मियावाकी तकनीक से पुष्प एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 1760 पौधे रोपित किए गए, जिनमें शीशम, जामुन, अमरूद, कचनार, नींबू, लेमनग्रास आदि प्रजातियों के पौधे शामिल थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि प्रेरणा और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है। उन्होंने बताया कि राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय में नया हरित भवन निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य झोपड़पट्टी एवं गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि विगत एक सप्ताह से नामांकन प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके तहत अब तक 51 बच्चों का नामांकन किया जा चुका है। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उन्हें चॉकलेट वितरित की और एक बच्ची काव्या द्वारा प्रस्तुत कविता 'पानी अनमोल है' की सराहना की। लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने इस पहल को सौभाग्यशाली अवसर बताते हुए कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और वृक्षारोपण को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। उन्होंने 'निमिया के डाल' सहित कई मधुर गीतों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मियावाकी पद्धति से यह उनका पहला पौधारोपण था और इसे उन्होंने सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए वृक्षारोपण और उनकी देखभाल अत्यंत आवश्यक है। पिछले सात-आठ वर्षों में प्रदेश में 200 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जिससे प्रदेश आज वनीकरण में देश में द्वितीय स्थान पर है। इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। राजभवन में यह तीसरा अवसर था जब मियावाकी पद्धति से पौधारोपण किया गया। इससे पूर्व लगभग 10,000 पौधे इसी पद्धति से रोपित किए जा चुके हैं।

# पारदर्शी ढंग से हो समस्याओं का समाधान

## मुख्समंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की फरियाद



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये। उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराए।

# सातवीं मोहर्रम पर मेंहदी का जुलूस आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सातवीं मोहर्रम के अवसर पर मेंहदी के जुलूस के लिए गुरुवार को 15 मार्गों पर रूट डायवर्ट रहेगा। जुलूस शाम सात बजे आसिफी इमामबाड़ा (बड़ा इमामबाड़ा) से शुरू होकर रूमीगेट, घंटाघर, शीश महल, सतखंडा तिराहा, रईस मंजिल से होता हुआ छोटा इमामबाड़ा पर आकर समाप्त होगा। जुलूस के दौरान शांति और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए उक्त डायवर्जन शाम सात बजे से जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा। जूलूस के दौरान डायवर्जन मार्ग पर यदि किसी जन-सामान्य की चिकीत्सकीय अपरिहार्यता की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग नहीं मिलता तो प्रतिबंधित मार्ग पर एंबुलेंस, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन आदि को अनुमति रहेगी। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है। - सीतापुर रोड की ओर से आने वाले यातायात डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज से चौराहा नं.-08, आईटी चौराहा होते हुए जाएंगे। -हरदोई रोड की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के यातायात कोनेश्वर चौराहे से मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर जाएंगे। -कैसरबाग से सीतापुर रोड की ओर जाने वाले यातायात डालीगंज पुल से इक्का टांगा नदवा बंधा से बाएं आईटी चौराहा, कपूरथला चौराहा, मड़ियांव होते हुए जा सकेंगे। - कैसरबाग से हरदोई रोड को जाने वाले यातायात शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कॉलेज, चौक, कोनेश्वर होकर जाएंगे। - हुसैनाबाद की ओर से आने वाला यातायात हुसैनाबाद तिराहा से तहसीनगंज तिराहा होकर जाएंगे। तहसीनगंज तिराहा से हुसैनाबाद को नहीं जा सकेंगे । -चौक चौराहा से खुन-खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज होकर सामान्य यातायात चौक चौराहा से मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर मेडिकल कॉलेज चौराहा या कोनेश्वर होते हुए जाएंगे। - नीबू पार्क फ्लाई ओवर से उतरने वाला यातायात चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर अथवा चरक चैराहा होकर जाएंगे। - मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा से यातायात मेडिकल कॉलेज चौराहा या चौक कोनेश्वर होकर जा सकेंगे। - शाहमीना तिराहा से यातायात मेडिकल कॉलेज चौराहा, मेडिकल क्रास(चरक) चौराहा, चौक, कोनेश्वर या डालीगंज पुल चौराहे से दाहिने आईटी चौराहा होते हुए जाएंगे। - नीबू पार्क (रूमी गेट चौकी चौराहा) से यातायात मेडिकल क्रास (चरक) चौराहा या बंधा रोड नया पक्का पुल होकर जाएंगे। - ग्रीन कॉरिडोर से आने वाले वाहन टीले वाली मस्जिद या नया पक्का पुल पारकर खदरा की ओर होते हुए जा सकेंगे। - नक्खास तिराहे से विक्टोरिया स्ट्रीट की ओर जाने वाले वाहन रकाबगंज पुल/बाजार खाला होकर जाएंगे। -मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे से सामान्य यातायात मेडिकल कॉलेज, रकाबगंज पुल या चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जा सकेंगे। - कुडिया घाट रोड तिराहा (नया पुल ढाल) से यातायात बंधा रोड या नया पक्का पुल होकर जाएगा। - पक्कापुल चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा, रूमी गेट चौराहा, घंटा घर तिराहा से छोटा इमामबाड़ा तक जूलूस के मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

# सहकारी चीनी मिलों का बढ़ रहा क्रेज

## रैकिंग में 4 मिलों ने मारी बाजी, 95 प्रतिशत पहुंचा गन्ना भुगतान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** ओल्ड इज गोल्ड, वाली कहावत चरितार्थ कर रही है यूपी की सहकारी चीनी मिलें। हाल में हुई नेशनल रैकिंग में 4 सहकारी चीनी मिलों बाजी मारी है। साथ ही इन सहकारी चीनी मिलों ने गन्ना किसानों का 95 प्रतिशत तक भुगतान कर दिया है। जबकि निजी चीनी मिलों बकाया भुगतान करने में खराब प्रदर्शन है। इसीलिए बकाया भुगतान के लिए सरकार ने इन चीनी मिलों के खिलाफ कार्रवाई भी आरंभ कर दी है। मालूम हो कि प्रदेश में 23 सहकारी चीनी मिलें गन्ने की पेराई कर रही है। इन दिनों मिलों में मेंटीनेंस का कार्य चल रहा है। सूत्रों के अनुसार यह सहकारी चीनी मिलें दशकों पुरानी है। इसके बावजूद हाल में केन्द्र सरकार द्वारा चीनी मिलों की नेशनल रैकिंग कराया जिसमें रमला एवं गजरौला चीनी मिलों में गन्ने से चीनी की रिकवरी में पहला एवं दूसरा स्थान मिला। साथ ही तकनीक के मामले में सठियांव चीनी मिल ने पहला एवं गन्ना क्षेत्र में पुवांया चीनी मिल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि बीते कई वर्षो से इस रैकिंग में मुश्किल ये यूपी की एक या दो सहकारी चीनी मिलों पुरस्कार मिल पाता था। इसकी वजह एक और बतायी जा रही है। प्रदेश की 23 चीनी मिलों में से 14 मिलों में प्रबंधन का कार्य इन दिनों पीसीएस स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। बागपत एवं मोरना चीनी मिलों को करीब 800 करोड़ की लागत से आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके अलावा चीनी मिलों में पेराई एवं अन्य गतिविधियों की मानीटरिंग के लिए मुख्यालय पर एक आईटी वाल विकसित की गयी है। सभी मिलों में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। जिसकी हर गतिविधियों की मानीटरिंग इन्हीं कैमरों के जरिये मुख्यालय पर की जाती है। सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक कुमार विनीत ने बताया कि बागपत व मोरना मिल को आधुनिक किया जा रहा है। मथुरा की छाता मिल को भी आधुनिक किया जाना प्रस्तावित है। बाकी चीनी मिलें रसड़ा, भदोही, जेवर, पीलीभीत का आधुनिकी करण फिलहाल विचाराधीन है।

### गन्ना आयुक्त से मिला पर्यवेक्षक संघ

गन्ना पर्यवेक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेतृत्व में गन्ना आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय से भेंट की। इस दौरान गन्ना विकास निरीक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ-साथ संघ के आगामी द्विवार्षिक अधिवेशन में गन्ना आयुक्त को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अतुल मिश्रा ने बताया कि गन्ना पर्यवेक्षकों की समस्याओं उनकी तैनाती पूर्व की भांति गृह जनपद में करने, पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने, वेतन विसंगति का निस्तारण, कैडर पुनर्गठन, और वाहन भत्ता बहाल करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। गन्ना आयुक्त उन्हें आश्वस्त किया कि संघ के साथ वार्ता कर इन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में गन्ना पर्यवेक्षक संघ के अध्यक्ष मनोज राय, महामंत्री डॉ. सुशील कुमार यादव और जिला अध्यक्ष अमित सिंह सहित कई नेता शामिल रहे।

# मत्स्य उत्पादकता बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों का लें सहयोग : संजय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं है। वन ट्रिलियन इकॉनोमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में मत्स्य विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दिशा में विभाग के अधिकारी मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने में नवाचार अपनाने के सिद्धांत के साथ कार्य करें। उत्पादकता बढ़ाने के लिए मत्स्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए। विधान भवन में आयोजित मत्स्य विकास की समीक्षा बैठक में डॉ. संजय कुमार निषाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का सीधा लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से मत्स्य पालकों को दिया जाए। मत्स्य उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रवार रणनीति बनाते हुए सहकारी समितियों को भी जोड़ा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन हेतु मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मत्स्य पालकों से प्राप्त सुझावों पर भी गंभीरता से विचार कर उन्हें नीतिगत प्रक्रिया में शामिल किया जाए। योजनाओं की नियमित निगरानी और प्रगति रिपोर्ट को समय से शासन को भेजे। प्रमुख सचिव मत्स्य अमित कुमार घोष ने कहा कि मत्स्य पालकों की समस्याओं का समाधान करें। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर महानिदेशक मत्स्य राजेश प्रकाश ,निदेशक आर.रहमानी, उपनिदेशक पुनीत कुमार, एजाज नकवी एवं मोनिशा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।



# बिजली निजीकरण का देश भर में विरोध

## प्रदर्शन में किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी शामिल




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर बुधवार को देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारियों ,जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओ

### 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

ने उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण निगमों के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों के किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के बैनर तले ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन और ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है, जिससे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विगत 7 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ रुपए का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10000 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागों पर 14400 करोड़ रुपए का बिजली राजस्व का बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिली भगत है। वे लाखों करोड़ रुपए की बिजली की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल निजी घरानों को बेचना चाहते हैं। पूर्वांचल में प्रदेश की सबसे गरीब जनता रहती है। दक्षिणांचल में बुंदेलखंड के क्षेत्र में बेहद गरीब लोग रहते हैं, जहां पीने के पानी की भी समस्या है। निजीकरण होने के बाद यहां के उपभोक्ताओं की सब्सिडी समाप्त होने का अर्थ होगा कि उपभोक्ताओं को 10 से 12 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली खरीदनी पड़ेगी जो वे नहीं कर पाएंगे। इस प्रकार उत्तर प्रदेश की गरीब जनता को लालटेन युग में धकेला जा रहा है। फिलहाल बिजली निजीकरण के विरोध में बुधवार को देशभर में सड़क पर निकले बिजलीकर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के साथ अपनी एकजुटता दिखाई। बिजली कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का कोई भी उत्पीड़न करने की कोशिश की गई तो देश के तमाम 27 लाख बिजली कर्मी मूक दर्शन नहीं रहेंगे और सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी। उधर देश भर में बुधवार को निजीकरण के विरोध प्रदर्शन के अलावा राजधानी लखनऊ में रेजिडेंसी पर हुए विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में संयुक्त किसान मोर्चा का बैनर लेकर किसान प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। राजधानी लखनऊ में रेजिडेंसी और मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। लखनऊ की सभा को इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह , सोनभद्र के मजदूर नेता दिवाकर कपूर, राष्ट्रीय कुली मजदूर संघ के राम सुरेश यादव जी ने सम्बोधित किया और देश के 20 करोड़ कामगारों की ओर से बिजली कर्मियों को समर्थन दिया।

# जनगणना से उजागर होगी सच्ची तस्वीर : अनुप्रिया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अपना दल एस ने बुधवार को डॉ.

### जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनी डॉ. सोनेलाल की जयंती

सोनेलाल पटेल की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना और वंचित समाज के उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

चारबाग स्थित रविन्द्रालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को तोड़ने वाला नहीं, बल्कि जोड़ने वाला कदम है। यह देश की सच्ची तस्वीर सामने लाएगी। वंचित समुदायों की स्थिति को उजागर करेगी जो विकास की रोशनी से वंचित हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें अपने सिद्धांतों और वैचारिक मुद्दों से नहीं भटकना चाहिए। विरोध और षड्यंत्र ताकतवर और ईमानदार लोगों के खिलाफ होते हैं। हमें उत्तर प्रदेश में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेना होगा। प्रदेश सरकार के मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि हम हर पीड़ित के साथ खड़े हैं और हर वार का जवाब देंगे। वंचित समाज की ताकत सरकार बनाने और बिगाड़ने की क्षमता रखती है। यदि सामाजिक की बात नहीं सुनी जाएगी, तो हम हर षड्यंत्र का जवाब देंगे। हमने चार इंजीनियरिंग कॉलेजों का नाम महापुरुषों के नाम से किया है साथ ही अम्बेडकरनगर इंजीनियरिंग कालेज का नाम छत्रपति साहू करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। इस अवसर पर प्यारे लाल पटेल राष्ट्रीय सचिव, रमेश पटेल प्रदेश महासचिव व जगन्नाथ पटेल को डॉ. सोनेलाल पटेल सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जाटव आर. पी. गौतम, राष्ट्रीय महासचिव आर.बी. सिंह व राम नयन पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओ.पी. कटियार, महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल, राज्य मंत्री रेखा पटेल, पूर्व मंत्री राम लखन पटेल, विधायक डॉ. सुरभि, शफीक अंसारी, वाचस्पति, अविनाश द्विवेदी, रश्मि आर्य, सरोज कुरील, जैकी, जीतलाल पटेल, आर.के. पटेल, सुनील पटेल, रिंकी कोल, आयोग सदस्य राजेन्द्र पाल, जवाहर पटेल, पूर्व विधायक जमुना प्रसाद सरोज, पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह, प्रो. रामचंद्र पटेल, करुणा शंकर पटेल, राजेश पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोमती नगर में बनेगा लखनऊ का पहला बायो-डाइर्विसटी पार्क



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर में सहारा ग्रुप से ली गयी 75 एकड़ जमीन पर 'गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क' विकसित करेगा। यह शहर का पहला बायो-डाइवर्सिटी पार्क

### सहारा ग्रुप से वापस ली गयी ग्रीन बेल्ट की भूमि पर होगा निर्माण

### 14 करोड़ रुपये की लागत से 25 एकड़ क्षेत्रफल में किया जाएगा विकसित

होगा। पार्क में पाथ-वे, प्ले-एरिया, वॉच टॉवर के अलावा पक्षियों को आकर्षित करने के लिए वॉटर बॉडी विकसित की जाएगी। साथ ही छात्र-छात्राओं को जैव विविधता से रूबरू कराने के लिए नेचुरल इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने सहारा ग्रुप को लीज पर दी गयी ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन वापस ली है। उक्त जमीन पर कुछ स्थानों पर अवैध अतिक्रमण व कूड़ा डम्प है, जिसे अभियान चलाकर हटाया जा रहा है। यहां दिल्ली में यमुना नदी के किनारे बने यमुना बायो-डाइवर्सिटी पार्क की तर्ज पर गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित किया जाएगा। पार्क के निर्माण के लिए टेंडर कराकर कार्यदायी संस्था का चयन कर लिया गया है। इसी महीने स्थल पर विकास कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण में दयाल पैराडाइज चौराहे से जनेश्वर मिश्र पार्क, गेट नंबर-5 के मध्य लगभग 25 एकड़ क्षेत्रफल में पार्क विकसित किया जाएगा। जिसमें लगभग 14 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इसमें बाउन्ड्रीवॉल, पार्किंग, इंट्री गेट, ऑफिस, पाथ-वे, किड्स प्ले-एरिया व वॉच टॉवर आदि बनाये जाएंगे।

**पौधों को किया जाएगा संरक्षित**

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नदी के बेसिन में पाये जाने वाले पौधों की विभिन्न प्रजातियां, जो वर्तमान में विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्हें एकत्रित करते हुए बायो-डाइवर्सिटी पार्क में संरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा देसी व प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए पार्क में घास एवं झाड़ियों के साथ ही छायादार पेड़ लगाये जाएंगे।

**पक्षियों को आकर्षित करेगा पार्क**

बायो-डाइवर्सिटी पार्क को पक्षियों के प्राकृतिक निवास के लिहाज से तैयार किया जाएगा।

# पंचायत चुनाव : दो साल तक नए निकायों के गठन पर रोक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में अब दो साल तक नए शहरी निकायों का गठन या विस्तार नहीं हो सकेगा। पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू होने के कारण नए निकायों के गठन की प्रक्रिया रोक दी गई है। 31 दिसंबर के बाद जनगणना शुरू होने के चलते प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर रोक रहेगी। 2027 में ही निकायों के गठन की राह खुलने के आसार हैं।यूपी में अगले साल की शुरूआत में पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं। 2021 में पंचायत चुनाव के बाद पांच सालों में शहरी निकायों का गठन व विस्तार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा शहरी क्षेत्रों में शामिल हुआ है। पंचायतों के परिसीमन व पुनर्गठन के लिए कहा गया है, जिससे जो क्षेत्र शहरी में आ गए हैं, उन्हें अधिसूचना से बाहर किया जा सके और बचे व कटे क्षेत्रों का पुनर्गठन कर उसे प्रशासनिक स्वरूप दिया जा सके। ऐसे में नए निकायों के गठन का रास्ता बंद हो गया है। वहीं केंद्र सरकार ने जनगणना 2026 की अधिसूचना जारी कर दी है। 31 दिसंबर के बाद किसी भी नई प्रशासनिक इकाई का गठन नहीं हो सकेगा। यह रोक मार्च 2027 तक जारी रहेगी। इसके बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। शहरी निकायों के गठन या विस्तार की संभावना 2027 की दूसरी छमाही में ही बनेगी। सभी नगर निगमों का सीमा विस्तार हुआ था। अकेले प्रयागराज नगर निगम में 202 गांव और लखनऊ में 88 गांव नगर निगम की सीमा में शामिल हुए थे। कोविड 2019 आपदा के कारण जनगणना स्थगित करनी पड़ी। अब एक अप्रैल 2026 से इसकी प्रक्रिया फिर शुरू होने जा रही है। एक जनवरी से जनगणना विभाग प्रशासनिक मैपिंग की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। भौगोलिक बदलाव के साथ ही नामों में बदलाव संभव है। उन क्षेत्रों को अलग से सेंसस टाउन का दर्जा दिया जाएगा जहां की न्यूनतम आबादी 5,000 है और उसमें 75 फीसदी आबादी गैर-कृषि कार्यों में लगी है।

# अवैध खनन पर ड्रोन का शिकंजा 21 हजार वाहन ब्लैक लिस्टेड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार ने कई कदम उठाए हैं। प्रदेश में 57 चेकगेट्स खनन में शामिल वाहनों की निगरानी कर रहे हैं। इन चेकगेट्स

### 57 चेकगेट्स के जरिए हो रही खनन की निगरानी

पर वेट-इन-मोशन तकनीक से ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाया जा रहा है। अब तक 21,477 वाहनों को अवैध परिवहन के लिए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग गूगल अर्थ उपग्रह डेटा के माध्यम से अवैध खनन की पहचान और नए क्षेत्रों की खोज की जा रही है। विभाग की रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला भूवैज्ञानिक मानचित्र तैयार कर स्वीकृत खनन पट्टों की निगरानी कर रही है। इससे रेत, मोरंग और अन्य लघु खनिजों के नए खनिज समृद्ध क्षेत्रों की पहचान संभव हुई है। वाहन ट्रैकिंग सिस्टम के तहत उपखनिजों के परिवहन में शामिल वाहनों पर 140 कॉम्पैटिबल जीपीएस उपकरण लगाए जा रहे हैं। इन उपकरणों को विभागीय वीटीएस मॉड्यूल से जोड़ा जाएगा, जिससे रियल-टाइम ट्रैकिंग, रूट डेविएशन अलर्ट और रिपोर्ट्स के जरिए अवैध परिवहन पर नियंत्रण लगेगा। पहली बार परिवहनकर्ताओं को हितधारक बनाते हुए उनका पंजीकरण भी किया जा रहा है। ड्रोन तकनीक का उपयोग कर खनन क्षेत्रों की लंबाई, चौड़ाई और गहराई का आकलन किया जा रहा है। इसके माध्यम से वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस के जरिए खनन की मात्रा का अनुमान लगाया जाता है, इसी आधार पर विधिक कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा, भंडारित उपखनिजों का भी ड्रोन से वॉल्यूमेट्रिक विश्लेषण किया जा रहा है। ड्रोन की मदद से खनन योग्य क्षेत्रों का चिह्नांकन कर पट्टों का व्यवस्थापन किया जा रहा है। इससे अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिल रही है। समय-समय पर पट्टों की जांच और तकनीकी निगरानी से पारदर्शिता बढ़ी है और खनन माफिया पर नकेल कसी गई है। ये कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं। सरकार की यह सख्ती और तकनीकी अन्य राज्यों के लिए भी एक मिसाल बन गया है।

# काकोरी में गरजा बुलडोजर दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को

### एलडीए के प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने की कार्रवाई

प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना लगभग 18 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि लखन कुमार, वीरू व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम-समदा में लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह मनोज रावत व अन्य द्वारा ग्राम-समदा में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी।

# एलडीए नहीं बढ़ाएगा सम्पत्तियों का सेक्टर रेट



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी सम्पत्तियों का सेक्टर रेट नहीं बढ़ाएगा। इससे डीएम सर्किल रेट में प्रस्तावित बढ़ोत्तरी का असर प्राधिकरण की उन सम्पत्तियों की कीमत पर नहीं पड़ेगा, जिनमें प्राधिकरण आरक्षित सेक्टर रेट के मुताबिक मूल्यांकन करता है। इसी तरह प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में निर्मित अपार्टमेंट्स की कीमतें भी नहीं बढ़ेंगी। क्योंकि प्राधिकरण बोर्ड के निर्णय के अनुसार फ्लैटों की दरें पहले से ही एक वर्ष तक के लिए फ्रीज की गयी हैं। लखनऊ जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2015 के बाद अब डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार कराया गया है। जिसके लागू होने से शहर की कई कालोनियों में सम्पत्ति के मूल्य में वृद्धि होगी। लेकिन, प्राधिकरण की नव सृजित अनंत नगर आवासीय योजना के भूखण्डों की कीमत पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्राधिकरण उक्त योजना में अपने पूर्व निर्धारित सेक्टर रेट के अनुसार ही सम्पत्ति का आवंटन करेगा। इसके अलावा प्राधिकरण बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना के अंतर्गत विक्रय किये जा रहे फ्लैटों की कीमतों को एक वर्ष के लिए फ्रीज किया गया है। ऐसे में डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी होने के बाद भी प्राधिकरण द्वारा उक्त फ्लैटों की कीमतें नहीं बढ़ायी जाएंगी।

# तीसरी लाइन का ट्रायल आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** यात्री सुविधा के विकास तथा परिचालनिक सुगमता के लिए यातायात के दृष्टिगत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के करनैलगंज-घाघराघाट स्टेशनों के मध्य नई विद्युतीकृत तृतीय लाइन कमिशनिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके चलते 3 व 4 जुलाई को पूर्वोत्तर परिमण्डल के रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा नई विद्युतीकृत रेलवे लाइन का संरक्षा निरीक्षण किया जायेगा। फिलहाल रेलवे ने अपील की है कि सभी क्षेत्रीय जनता एवं विशेषकर करनैलगंज-घाघराघाट स्टेशनों के मध्य नई तृतीय रेलवे लाइन के कमिशनिंग के दौरान समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले निवासियों को सचेत किया जाता है कि संरक्षा निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान वह रेलवे लाइन पर सतर्कता बरतें तथा अपने मवेशियों को रेलवे लाइन के आस पास खुले में न छोड़ें ।

# प्रयोगशालाओं में लेटेस्ट मशीनरी उपलब्ध कराएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में डा एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के सहयुक्त राजकीय

### हर विद्यार्थी, शिक्षक एवं आगंतुक, मां के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगाएं - आनंदीबेन



इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, गोण्डा, मिर्जापुर तथा प्रतापगढ़ की कार्यप्रगति, निर्माण, पठन-पाठन, शैक्षिक योजनाओं एवं नवाचार संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न हुई। राज्यपाल ने समीक्षा बैठक के दौरान नवगठित राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के निर्माण कार्यों में विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि इन महाविद्यालयों में रसोईघर बड़ा एवं व्यवस्थित होना चाहिए, जहाँ राशन भंडारण, बेसिन, वॉशिंग एरिया आदि की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने कक्षाओं में ऐसे प्लेटफार्म बनाए जाने पर बल दिया, जिन पर खड़े होकर शिक्षक सुविधा से अध्यापन कार्य कर सकें। उन्होंने स्वच्छ पेयजल, नियमित विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता को भी रेखांकित करते हुए निर्देश दिया कि प्रयोगशालाओं में लेटेस्ट मशीनरी उपलब्ध कराई जाए और जब अध्यापकों की नियुक्ति की जाए, तो यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें उन मशीनों का व्यावहारिक ज्ञान हो, जिससे वे विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण दे सकें।

महाविद्यालयों में उच्च स्तरीय पुस्तकालय की स्थापना पर विशेष बल देते हुए कहा कि छात्रों को अध्ययन हेतु समुचित संसाधन उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने वृक्षारोपण को अनिवार्य बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक महाविद्यालय परिसर में नीम एवं पीपल जैसे वृक्षों का रोपण किया जाए। उन्होंने 'माँ गार्डन' विकसित करने का निर्देश देते हुए कहा कि हर विद्यार्थी, शिक्षक एवं आगंतुक अपनी माँ के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगाए और वह स्थान विद्यार्थियों के बैठने, आत्मचिंतन और प्रकृति से जुड़ने का माध्यम बने। साथ ही, उन्होंने 'मियावाकी वन' स्थापित किए जाने और खेलों के आयोजन हेतु उपयुक्त मैदान की व्यवस्था पर भी बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि महाविद्यालय परिसर में स्थान उपलब्ध हो तो वहाँ स्विमिंग पूल भी बनाया जाए, ताकि विद्यार्थियों को खेल एवं शारीरिक फिटनेस से संबंधित आवश्यक सुविधाएँ मिल सकें। इस प्रकार के समावेशी निर्माण कार्य अन्य विश्वविद्यालयों के परिसरों में भी अपनाए जाएँ। उन्होंने संस्थानों को विवादों से मुक्त एवं पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि किसी भी प्रकार का प्रशासनिक या सामाजिक विवाद महाविद्यालय की गरिमा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने महाविद्यालयों में उपयोग में आने वाले जल की नियमित जाँच (वॉटर टेस्टिंग) करवाने के भी निर्देश दिए, ताकि छात्रों और स्टाफ के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपतियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं नवगठित राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों का भ्रमण करें और निर्माण कार्यों की निगरानी करते हुए यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों की मूलभूत आवश्यकताओं और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण की दृष्टि से सभी आवश्यक तत्वों को निर्माण के समय सम्मिलित किया जाए। कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व ही सभी सुविधाएँ पूर्ण रूप से सुसज्जित एवं क्रियाशील होनी चाहिए, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें एक प्रेरक, सुरक्षित तथा नवाचार से युक्त शैक्षिक वातावरण प्राप्त हो सके।

# पंचायतों को सशक्त बनाने को पंचायतीराज व आईआईटी के बीच एमओयू हस्ताक्षरित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की पंचायतों को सशक्त एवं सक्षम बनाने हेतु नेतृत्व एवं क्षमता विकास कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पंचायतीराज विभाग एवं आईआईटी कानपुर के मध्य एमओयू मंत्री ओम प्रकाश राजभर की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुआ। पंचायतीराज विभाग की ओर से निदेशक अमित कुमार सिंह एवं आई.आई.टी कानपुर के प्रो डा. तरुण गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर श्री राजभर ने कहा कि

### कार्यक्रम में लागत की चिन्ता न कर काम की चिन्ता करें : ओम प्रकाश

पंचायतों को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए नेतृत्व एवं क्षमता विकास के लिए अच्छे ढंग से कार्य किये जाये। इस कार्य में लागत की चिन्ता न किया जाये, काम की चिन्ता करें। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि इस कार्यक्रम में जो प्रशिक्षण दूसरे प्रदेशों में भेज कर कराया जाता था, वह आज हमारे प्रदेश में ही शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आधी आबादी का भी चयन हो, किसी के साथ भेद-भाव न होने पाय। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज की मन्शा के अनुसार बेहतर से बेहतर कार्य हो, हर अच्छे कार्यो में बाधा आती है किन्तु उस बाधा से ऊपर उठ कर कार्य किया जाये। जो ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अच्छे कार्य किये हैउन्हें सम्मानित भी किया जाये। श्री राजभर ने कहा कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाएं ग्रामीण विकास के केंद्र के रूप में गांवों में सुशासन, समावेशी विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का दायित्व निभा रही है। विगत कुछ वर्षों में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित् करने के लिए पंचायतों को वित्तीय, प्रशासनिक और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कार्य किए जा रहें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, पंचायतीराज अनिल कुमार ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पंचायतों की भूमिका को और प्रभावी बनाने एवं मजबूत करने की आवश्यकता है, जिससे कि तकनीकी ज्ञान एवं उपलब्ध रिसोर्सेज की सहायता से पंचायतें समेकित विकास कर सकें। आज जो एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए है उससे काफी बेहतर कार्य किया जायेगा। निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम से पंचायतों की योजना तैयार करने एवं डिजिटल दक्षता में गुणात्मक सुधार हो सकेगा, पारदर्शी और सहभागी शासन की स्थापना, योजनाओं का समयबद्धता, सतत् और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, राज्य की पंचायतों के बीच सहयोग और सीखने की संस्कृति के विकास के साथ प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पंचायत सशक्तिकरण के मॉडल के रूप में स्थापित हो, ऐसी परिकल्पना की गयी है।



स्वतंत्र भारत

# सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में आप का प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मेरठ, आगरा, आजमगढ़, गोंडा, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, मिर्जापुर, गाजियाबाद, अमरोहा, बागपत, अलीगढ़, बलिया, सहारनपुर, जौनपुर और लखनऊ सहित प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में लखनऊ में स्वास्थ्य भवन चौराहा कैसरबाग में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे आप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई तीखी नोंकझोंक के बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकानें खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है। आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी। इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकारी



उधर बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा है कि बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के युग्मन/एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है, वह ग़रीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-ज़रूरी एवं गरीब-विरोधी प्रतीत होता है।
सरकार से अपील है कि वह अपना युग्मन/एकीकरण का यह फैसला ग़रीब छात्र-छात्राओं के व्यापक हित में तुरन्त वापस ले। यदि सरकार अपना यह फैसला वापस नहीं लेती है तो फिर हमारी पार्टी इनके सभी माता-पिता व अभिभावकों को यह विश्वास दिलाना चाहती है कि हमारी पार्टी बीएसपी की सरकार बनने पर फिर इस फैसले को रद्द करके पुनः यहां प्रदेश में पुरानी व्यवस्था बहाल की जायेगी। वैसे उम्मीद है कि यूपी सरकार गरीबों व आमजन की शिक्षा के व्यापक हित के मद्देनज़र अपने इस फैसले को बदलने के बारे में ज़रूर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

सरकार न केवल बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है बल्कि इस फैसले से लगभग 1 लाख 35000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति, 27000 प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति और हजारों की संख्या में शिक्षामित्र की नियुक्ति भी प्रभावित होगी।

आंकड़ों के अनुसार पिछले 4 सालों में 42 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा छोड़ी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 1 साल में यूपी में 8 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा छोड़ दी, अकेले अलीगढ़ में ही 58000 बच्चों ने सरकारी स्कूल की शिक्षा छोड़ दी। उन्होंने कहा कि 26000 स्कूल पहले ही बंद हो चुके हैं और अब 27000 स्कूल बंद हो रहे हैं, जिसके कारण प्रदेश


**कार्यालय उप परियोजना प्रबन्धक**
**उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड**
**सेतु निर्माण इकाई-अयोध्या**

पत्रांक :– 421/ई–निविदा/2025–26 दिनांक :–02.07.2025

**निविदा सूचना (ई–टेण्डरिंग)**

इकाई के अन्तर्गत निर्माणाधीन सेतु पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर आमन्त्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नवत है –

| क्रमांक | कार्य का नाम |
|---|---|
| 01 | Construction Of 2 Lane Rail Over Bridge at Crossing No 123A at Near Devipatan Mandir At Tulsipur Gonda-Tulsipur Rail Section In District Balrampur on EPC Mode. |

उक्त निविदाएं दिनॉक 03.07.2025 को 10.00 बजे से वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं। **उप परियोजना प्रबन्धक**



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित बहुउद्देशीय (मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड-अमिरता) की संगठनात्मक बैठक समिति प्रस्तावित कार्यालय में दिनांक 04/7/2025 को 10:00 बजे आयोजित की जा रही है, बैठक में आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**सचिव**
**प्रस्तावित बहुउद्देशीय**
**(मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड-अमिरता)**

सी.आर.-679/D



**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

## सूचना

मेरी माता जी रश्मि किशोरी बाजपेयी (वर्ष 82) पत्नी स्व. उमाकान्त बाजपेयी जो कि वृद्धावस्था में होने के कारण निर्णय लेने में असमर्थ है व अपने हितों की रक्षा में अक्षम हैं। यदि कोई व्यक्ति उनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन करेगा तब वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आशीष बाजपेयी पुत्र उमाकान्त बाजपेयी नि.-ए-141 साउथ सिटी रायबरेली रोड लखनऊ-226025
**सी.आर.-676/L-45**

## सूचना

मैं रामजी प्रसाद राय पुत्र श्री चन्द्रदीप राय मेरी पत्नी अनीता देवी निवासीगण म.न. 592ग/169 चन्द्रा विहार कालोनी, मोहारीबाग खरिका तेलीबाग लखनऊ ने अपने पुत्र अमरेश कुमार राय व उनकी पत्नी ममता कुमारी को अनैतिक आचरण के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य के लिए मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार न होगा।
**सी.आर.-675/L-50**

## सूचना

सूचित हो मैं अपने छोटे पुत्र अनुज यादव को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पूर्ण सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। ये अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। - रामचन्द्र यादव पुत्र स्व. गौरीशंकर उर्फ शंकर निवासी-ग्राम विरूरा, पो. व थाना एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ।
**सी.आर.-681/L-35**

## सूचना

मेरे बेटे का नाम एल आई सी की पॉलिसी नंबर 226704115 में प्रखर दर्ज हो गया है जबकि वास्तविक नाम अथर्व सिंह है।जो कि आधार कार्ड व विद्यालय में दर्ज है। सपना वर्मा पत्नी सत्येंद्र कुमार वर्मा, निवासी महुरा खुर्द, लखनऊ। मो. - 8303953088
**सी.आर.-682/L-32**

## सूचना

मेरा नाम आनन्द कुमार अग्रवाल है जो कि त्रुटिवश कुछ मूल कागजों में आनन्द कुमार लिख गया है। भविष्य में मुझे आनन्द कुमार अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जाए। आनन्द कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. काशीराम पता-500/ 227 'ख' कुतुबपुर डालीगंज, लखनऊ।
**सी.आर.-678/L-33**

## सूचना

मैंने अपना नाम INDERJEET KAUR से बदलकर HARJINDER KAUR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। HARJINDER KAUR 567/215A, ANAND NAGAR BARHA ROAD ALAMBAGH DIST-LUCKNOW (U.P)
**सी.आर.-677/L-25**

## सूचना

मैंने अपना नाम HARJEET SINGH से बदलकर HARJEET SINGH SOKHI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। HARJEET SINGH SOKHI 567/215A, ANAND NAGAR BARHA ROAD ALAMBAGH DIST-LUCKNOW (U.P)
**सी.आर.-677/L-25**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या:SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10 Date-30.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।
कार्य का नाम : मैकेनिकल वर्कशॉप इज्जतनगर में वैगन पॉकेट यार्ड और शंटिंग लाइनों के विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 2,29,60,966.31, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,64,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24.07.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 Months ● खुली ई–निविदा दिनांक 24.07.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/**
मुजाधि/विद्युत –73 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

(25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में।)

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रूप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।, **क्रम सं. 1.- खण्ड का नाम** : टनकपुरयार्ड (Excl)- लाइन नं0 16 एवं 17 (Incl), **ऊर्जा प्रवाह की तारीख** : 04.07.2025

**वमंविइं/टीआरडी**
मुजाधि/विद्युत-72 **इज्जतनगर**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**कार्यालय सहायक मण्डल इन्जीनियर/ मैलानी नीलामी सूचना सं. 03/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये स्थल पर स्थित रेलवे की दुकानो का सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी के कार्यालय में नीचे दर्शाये गये दिनांक व समय पर सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी व लेखा निरीक्षक की उपस्थिति में नीलामी सम्पन्न की जायेगी। दुकानों के स्थल प्लान को सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। **स्थल:– कमई/11/लज महोदय क्षेत्र के अधीन सी0से0इ0/ कार्य/मैलानी के अन्तर्गत मैलानी स्टेशन पर स्थित रेलवे की 06 अदद दुकानों की नीलामी**

| क्र.सं. | दुकान सं0 | एरिया |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 221.00 (Sq.ft.) |
| 02 | 03 | 170.00 (Sq.ft.) |
| 03 | 04 | 170.00 (Sq.ft.) |
| 04 | 16 | 270.00 (Sq.ft.) |
| 05 | 20 | 120.00 (Sq.ft.) |
| 06 | 29 | 120.00 (Sq.ft.) |

**नीलामी की तिथि:–** 18.07.2025, **धरोहर राशि (रुपये में):–** 50,000/– बैंक ड्राफ्ट द्वारा एवं प्रवेश शुल्क रु0 1000/– नकद जो वापस नहीं होगा।, **धरोहर राशि जमा करने की तिथि एवं समय:–** 17.07.2025 तक (10:00 बजे से 18:00 बजे तक), **नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय:–** 18.07.2025 12:00 बजे से, **दुकान संचालन की अवधि:–** 05 वर्ष, **नियम एवं प्रतिबन्ध:–** नीलामी की शर्तें एवं नियम वेबसाइड के **www.ner.indianrailways.gov.in** तथा **Govt. of India Website www.tenders.gov.in** पर उपलब्ध है।

**सहायक मण्डल इन्जीनियर**
मुजाधि/डब्लू–147 **मैलानी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 33/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : **1.** इज्जतनगर डिवीजन के अन्तर्गत ऑटो कोरिनेटर्स के लिए ए.एम.सी. एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड की आपूर्ति (इज्जतनगर, बरेली सिटी, बदायूँ, कासगंज, मथुरा, पीलीभीत, काठगोदाम, फतेहगढ़ एवं कन्नौज में 3 वर्षों के लिए कुल 43 पम्पिंग स्टेशन)। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,07,02,553.20, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,03,500/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 36 माह। **1.** ई–निविदा दिनांक 24.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **मंडल रेल प्रबंधक (इंजी),**
मुजाधि/डब्लू – 144 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।


# पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के ४४ रेलकर्मी पुरस्कृत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के बहुउददेशीय हाल में आयोजित 69वें रेल सेवा पुरस्कार-2024 के

## -६९वें रेल सेवा पुरस्कार विजेताओं को डीआरएम ने दी बधाई

अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल एवं अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन लखनऊ श्रुति गुप्ता की उपस्थिति में लखनऊ मण्डल के 44 कर्मचारियों को रेल सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं विशेष प्रशंसनीय कार्यो के निष्पादन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने पुरस्कृत होने वाले सभी रेल कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयास से मण्डल ने अनेक उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जिसमें पुरस्कृत होने वाले कर्मचारियों का योगदान भी जुड़ा हुआ है। हमारे रेल कर्मचारी रेल संगठन के आधारभूत स्तम्भ है। उन्होंने कहा कि रेल विभाग को संचालित करने का श्रेय हमारे सभी रेल कर्मचारियों को जाता है। यह कर्मचारी रेल चलाते है और रेल चलाने के फलस्वरूप हम सभी के घर चलते है।

रेलवे के बदलते स्वरूप एवं बहुआयामी कार्यक्षेत्र में प्रगति को देखते हुए कार्यकुशलता तथा मितव्ययता के क्षेत्र में लखनऊ मण्डल ने पूर्वोत्तर रेलवे में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया है। आशा है कि हम सभी रेल संचलन के क्षेत्र में नयी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुये निरंतर प्रगति करते हुए नये-नये कीर्तिमान हासिल करेंगे। इस समारोह में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह एवं पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, लखनऊ की पदाधिकारी एवं सदस्यायें, समस्त शाखाधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों के पदाधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव ने किया।

रेल सेवा पुरस्कार 2024-मंरेप्र स्तर पर पुरस्कृत किये जाने वाले कर्मचारियों में वाणिज्य अधीक्षक गोरखपुर धर्मेन्द्र चंद, वाणिज्य अधीक्षक गोण्डा कचहरी करम चंद कुंवर, मुख्य वाणिज्य सह टिकट पर्यवेक्षक लखनऊ ज्ञान प्रकाश सिंह, स्टेनोग्राफर लखनऊ पंकज कुमार गुप्ता, विद्युत सामान्य एवं टीआरडी विभाग तकनीशियन इंद्रदेव, तकनीशियन एसी.गोरखपुर चंदन कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर लखनऊ, आलोक सिंह, परिचालन विभाग- लोको पायलट गोरखपुर कमलेश कुमार, मुख्य लोको निरीक्षक लखनऊ रविन्द्र सिंह, लोको पायलट शंटर।। लखनऊ, लोको पायलट शंटर।। लखनऊ चन्द्र मोहन यादव, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट गोरखपुर अष्टभुजा कुमार सिंह, विद्युत/टीआरएस लोको शेड गोण्डा सुरेन्द्र कुमार दुबे, वरिष्ठ तकनीशियन गोण्डा कृष्ण मोहन पाण्डेय, तकनीशियन।।/गोण्डा, इंजीनियरिंग विभाग-विवेक चन्द्र श्रीवास्तव, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीवे/लखनऊ अमर बहादुर यादव, ट्रैक मेंटेनर लखनऊ, विशाल वर्मा, जूनियर इंजीनियर/ पीवे/ बिसवा, शत्रुधन कुमार यादव, ट्रैक मेंटेनर/बिसवा राम संजीवन, ट्रैक मेंटेनर/सुढ़ियामऊ धनी राम गुप्ता, ट्रैक मेंटेनर/फतेहपुर देवी दयाल पांडे, ट्रैक मेंटेनर/ बिसवा वर्मानन्द, ट्रैक मेंटेनर/सीतापुर राकेश प्रसाद, ट्रैक मेंटेनर/सीतापुर अशोक कुमार शर्मा, वरिष्ठ तकनीशियन (मैशन)/ बिसवा रोहित प्रसाद चौधरी, ट्रैक मेंटेनर/बिसवा कृष्ण कान्त थारू, ट्रैक मेंटेनर/टप्पा खजुरिया, वित्त विभाग-राम विलास, वरिष्ठ लेखा सहायक/लखनऊ, यॉत्रिक कैरेज विभाग-विजय कुमार प्रजापति, जूनियर इंजीनियर/गोरखपुरविक्रम सौरभ मिश्रा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/लखनऊ विपिन कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर मैलानी ईश्वर चंद, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/बढ़नी, परिचालन विभाग- दिवाकर चौधरी, कॉटावाला/टीनिच आशुतोष कुमार, ट्रेन मैनेजर गुड्स/गोण्डा आतिश कुमार यादव, वरिष्ठ ट्रेन मैनेजर गुड्स/गोरखपुर अखिलेश कुमार द्विवेदी, स्टेशन अधीक्षक लखनऊ यशपाल सिंह, ट्रेन क्लर्क/लखनऊ अनिल कुमार, स्टेशन अधीक्षक लखनऊ, कार्मिक विभाग-अंचल वर्मा, वरिष्ठ लिपिक लखनऊ संरक्षा विभाग-निधि वर्मा, अवर लिपिक लखनऊ, सुरक्षा/रेलवे सुरक्षा बल विभाग-नरेन्द्र पाल सिंह, निरीक्षक/गोरखपुर पदमनाथ मिश्रा, प्रधान आरक्षी/लखनऊ सिगनल एवं दूरसंचार विभाग- आनंद कुमार, जूनियर इंजीनियर/करनैलगंज, अभिषेक, तकनीशियन/स्वामी नारायन छपिया अनिल चौहान, सहायक सिगनल एवं टेलीकाम/डालीगंज, भण्डार विभाग कमलेश कुमार वर्मा पुरस्कृत किया गया।

## निजी घरानों को 3500 करोड़ का लाभ पहुंचाने की थी साजिश : अवधेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल के 42 जनपदों को तोड़कर बनने वाली पांच नई बिजली कंपनियां गोरखपुर, प्रयागराज, काशी, कानपुर, झांसी आगरा और मथुरा जिसकी कुल मिनिमम रिजर्व बिड प्राइस लगभग 6500 से 6800 करोड़ आंकी गई है। चौकाने वाली बात यह है कि इस राशि को तय करने के लिए जो आधार लिया गया।
उस आधार पर पूरे देश में कहीं भी निजीकरण नहीं किया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: वमंविइ–लजं–19–2025; कार्य का विवरण:** ऐशबाग में – ऐशबाग कोचिंग डिपो में नए मैकेनाइज्ड लांड्री फेज–II का निर्माण। **अनुमानित लागत:** ₹1,34,43,627.69; **बयाना राशि:** ₹2,17,200/-; **निविदा मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह; **निविदा सं.: वमंविइ–लजं–20–2025; कार्य का विवरण:** एलजेएन मंडल पर दूरसंचार उपकरणों की सुरक्षा के लिए आइसोलेशन ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों का प्रावधान, एलजेएन यार्ड में इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड के विस्तार के लिए विद्युत कार्य और लखनऊ मंडल के तुलसीपुर और बढ़नी में पंप हाउस के साथ गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹56,23,345.82; **बयाना राशि:** ₹1,12,500/-; **निविदा मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह; **निविदा सं.: वमंविइ–लजं–22–2025; कार्य का विवरण:** बीयूडब्ल्यू और एसटीपी अनुभाग के बीच 18 रिले हट्स के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹59,79,266.61; **बयाना राशि:** ₹1,19,600/-; **निविदा मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह; **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 24.07.2025 को 15:00 बजे। **नोट: 1.** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**
**मुजाधि/विद्युत–76 लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
**(4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ–226001)**

**सार्वजनिक सूचना**

विद्युत अधिनियम–2003 की धारा 64 के अन्तर्गत, उ0प्र0 सरकार के उपक्रम मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 का ट्रू–अप, वित्तीय वर्ष 2024–25 का ए0पी0आर0 एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 का सकल राजस्व आवश्यकता याचिका माननीय उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। उक्त याचिका के मुख्य बिन्दु एवं विवरण दिनांक 05.06.2025 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जा चुके हैं।

उक्त के सन्दर्भ में मा0 आयोग द्वारा दिनांक–07.07.2025 (सोमवार) को पूर्वान्ह 11:00 बजे, स्थान–ऑडिटोरियम (तृतीय तल), मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग (UPERC), विद्युत नियामक भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 पर जन–सुनवाई का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ता, जन सामान्य तथा अन्य स्टेक होल्डर्स उक्त जन–सुनवाई में सादर आमंत्रित है। पब्लिक नोटिस तथा अन्य विवरण मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग की वेबसाइट www.uperc.org तथा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.mvvnl.in पर उपलब्ध हैं।

**प्रबन्ध निदेशक**
**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**

पत्रांक:902 दिनांक:02.07.2025



**उ0 प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

विद्युत पारेषण खण्ड–तृतीय, लखनऊ

ई–निविदा सूचना, दिनांक – 02.07.2025

अल्पकालीन निविदा संख्याः 03/वि०पा० ख०तृ० (ल०)/2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड–तृतीय, लखनऊ के नियन्त्रणाधीन 220 के०वी० उपकेन्द्र बाराबंकी पर स्थापित 145 के0वी0 सर्किट ब्रेकर की SF6 Gas Leakage सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 590/– मात्र (रु0 500.00 + जीएसटी 18 प्रतिशत अतिरिक्त)। सन्दर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि रु0 1000/– मात्र।

ई–निविदा की अन्तिम तिथि–16.07.2025 को 16:00 बजे तक

अति अल्पकालीन निविदा संख्याः 04 / वि०पा० ख० तृ० (ल०)/2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड–तृतीय, लखनऊ के नियन्त्रणाधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र बाराबंकी पर 160/250 वाट एल०ई०डी० लाइट सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 590/– मात्र (रु0 500.00, जीएसटी 18 प्रतिशत अतिरिक्त)। सन्दर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि रु0 2000/– मात्र।

ई–निविदा की अन्तिम तिथि–09.07.2025 को 16:00 बजे तक

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांक–1093/वि.पा.खं.तृ.(ल.)/ ई–निविदा/2025–26 दिनांक:– 02.07.2025 अधिशासी अभियन्ता



**अदालती सूचना**

विवाद्यको के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर
प्रतिकर वाद सं. 978/2018
1. सहील पुत्र जीतू उम्र लगभग 7 वर्ष नि. ग्राम व पो. बिधनू कानपुर नगर व 1 अन्य..याचीगण
बनाम– 3. आाशीष पाल पुत्र सन्त राम नि. 341 अमौसी आंशिक सरोजनी नगर जिला लखनऊ (आरोपित चालक) .....प्रतिवादी सं. 3
सहील आदि ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 10.07.2025 को दिन में 10.30 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से सम्बन्धित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिनपर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, औरयदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 17.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम एम.ए.सी.टी. (दक्षिणी) कानपुर नगर।

सी.आर.-680/K-CN



**अदालती सूचना**

विवाद्यको के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर
प्रतिकर याचिका सं. 315/2020
श्रीमती रमादेवी 1/1. अतुल कुमार उम्र 41 वर्ष पुत्र स्व. राम कुमार अवस्थी निवासी ग्राम तिवारीपुर थाना महराजपुर कानपुर नगर व 2 अन्य ..वादीगण
बनाम– 3. श्री फूल चन्द्र पुत्र श्री शीतल प्रसाद नि. ग्राम सरैया धूमन अमेठी जिला सुल्तानपुर उ.प्र. ..प्रतिवादी सं. 3
रमा देवी वादहू अतुल कुमार ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 04.07.2025 को दिन में 10.30 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से सम्बन्धित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिनपर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, औरयदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम एम.ए.सी.टी. (दक्षिणी) कानपुर नगर।

सी.आर.-680/K-CN



**कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया**

पत्रांक– 3025/2025 न0पा0परि0 (2025–26) दिनांक 01.07.2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

इससे सम्बन्धित सभी फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड से नगर पालिका परिषद गौरा बरहज सीमान्तर्गत सी0सी0 रोड नाली रिपेयर व स्लैब निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ठेकेदार राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद गौरा बरहज सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई– निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 02.07.2025 04.00 PM |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 02.07.2025 05.00 PM |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 02.07.2025 05.00 PM |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 11.07.2025 03.00 PM |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 14.07.2025 10.00 AM |

**(निरूपमा प्रताप)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज**
**देवरिया**

**(श्वेता जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज**
**देवरिया**



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मार्ग विस्तार**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी सं. 22490/22489 मेरठ सिटी–लखनऊ–मेरठ सिटी का मार्ग विस्तार **वाराणसी** तक करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण एवं समय–सारणी निम्नानुसार है:–

**22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का वाराणसी तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. 22490 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 22489 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:35 | मेरठ सिटी | 21:05 | ---- |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद | 18:50 | 18:55 |
| 10:04 | 10:06 | बरेली | 17:13 | 17:15 |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ जं. | 13:40 | 13:50 |
| 15:53 | 15:55 | अयोध्या धाम जं. | 11:40 | 11:42 |
| 18:25 | --- | वाराणसी जं. | --- | 09:10 |

चलने के दिन: 22490 मेरठ सिटी से और 22489 वाराणसी जं. से दिनांक 27.08.2025 से

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1999/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्कार्पियो घर में घुसी, पिता-पुत्र घायल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ का हार्ट ऑफ सिटी कहे जाने वाले हजरतगंज इलाके में मंगलवार देर रात एक जबरदस्त हादसा हुआ। संकल्प वाटिका के पास रात करीब 2:00 बजे बेकाबू होकर सड़क पर फर्राटा भर रही तेज रफ्तार स्कार्पियो दीवार तोड़ते हुए एक घर में जा घुसी। हादसे में घर के बाहर गलियारे में सो रहे विजय सोनी और उनका बेटा घायल हो गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। वहीं आक्रोशित भीड़ ने कार में बैठे एक युवक को जमकर पीटा। हजरतगंज पुलिस पहुंची भीड़ के चंगुल से युवक को बचाया। स्कार्पियो निशातगंज की ओर से आ रही थी। उस पर ब्लाक प्रमुख लिखा था। स्कार्पियो चालक नशे में बताया जा रहा है। कार में बीयर के केन मिले हैं। हजरतगंज पुलिस ने दुकान मालिक और गृह स्वामी विजय सोनी की तहरीर पर स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित चालक की तलाश में दबिश दे रही है। विजय सोनी ने बताया कि फुटपाथ पर अंडे की दुकान है। घर के बाहर गलियारे सो रहे थे। इस बीच बहुत तेज आवाज हुई और दुकान, दीवार ढह गई। दीवार का मलबा आकर ऊपर सीने और पीठ पर गिर गया। बेटा भी घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर परिवारीजन और लोग दौड़े। उन्होंने मलबे से निकाला और अस्पताल ले गई। हादसे के बाद स्कार्पियो चालक मौके से भाग निकला। वहीं, विजय की पत्नी रोली और परिवारीजन पहुंचे दुकान क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। स्कार्पियो घर के ऊपर लटकी थी। स्कार्पियो में बैठे युवक को पकड़कर खींच लिया और पीटने लगे। बवाल की सूचना पर हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। भीड़ के हमले से युवक को गंभीर चोट आयी। पुलिस ने इलाज के लिए उसे अस्पताल भेजा। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपित कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। स्कार्पियो उत्तराखंड काशीपुर काठगोदाम रेलवे कालोनी के रहने वाले अलोक कुमार मिश्रा के नाम से रजिस्टर्ड है। आलोक मिश्रा ने कुछ महीने पहले गाड़ी शाहजहांपुर के भदाजी में रहने वाले अर्जुन सिंह को बेची थी। अर्जुन सिंह ने गाड़ी अपने नाम ट्रांसफर नहीं कराई थी।

## प्रेमी-प्रेमिका की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के कुशीनगर जिले में प्रेमी-प्रेमिका को मारकर पेड़ से लटका दिया गया। दोनों के शरीर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं। लड़के की पैंट पर खून के धब्बे थे, जबकि लड़की का सिर फटा हुआ था दोनों के घुटने जमीन से छू रहे थे। तमकुहीराज थाना प्रभारी सुशील कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक प्रेमी-प्रेमिका मंगलवार दोपहर 3 बजे से घर से लापता थे। बुधवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों ने घर से 400 मीटर दूर आम के बाग में दोनों के शवों को पेड़ से लटकते देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शवों को पेड़ से उतरवाया। शुरुआती जांच में पुलिस को यह हत्या का मामला लग रहा है। प्रेमी-प्रेमिका पड़ोसी थे। लड़की 15 साल की थी, जबकि लड़का 19 साल का था। दोनों के बीच 3 साल से प्रेम संबंध था। अलग-अलग जाति के होने के कारण घरवाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। दोनों परिवारों के बीच पहले से रंजिश थी। इस रिश्ते को लेकर पहले भी गांव में दो बार पंचायत हो चुकी थी। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौन गांव निवासी अशर्फी निषाद के बेटे राहुल (19) ने इसी साल हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी, जबकि लड़की 8वीं कक्षा में पढ़ रही थी।

## 50 हजार का इनामी जाकिर मुंबई से गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पिछले दस साल से फरार चल रहे पचास हजार के इनामी जाकिर खान को यूपी एसटीएफ ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। इनामी नागालैंड में कोल माइनिंग का काम करता था। इसके खिलाफ आजमगढ़ जनपद में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी के बाद से फरार चल रहा था। अब जाकर इनामी पकड़ में आया। गिरफ्तार अभियुक्त जाकिर खान उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि वह नागालैण्ड (नागमी मोड) में कोल माइनिंग का काम करता था। पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश शुक्ला ने बताया कि जाकिर खान के खिलाफ थाना बिलरियागंज के रहने वाले रिजवान ने लिखित शिकायती तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उसने कोयला बेचने के सम्बन्ध में कुल 62 लाख रुपये एडवांस पैसा लिया गया था जिसमें से उसे 40 लाख का कोयला दिया था।

# कारोबारी से लाखों हड़पने का आरोपी साढ़ू पत्नी संग गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कारोबारी ने पत्नी बेटी समेत आत्महत्या मामला-बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने लाखों रुपए हड़पने वाले साली-साढ़ू को गिरफ्तार किया है। लखनऊ के चौक कोतवाली क्षेत्र में कपड़ा कारोबारी शोभित रस्तोगी ने पत्नी शुचिता और बेटी ख्याति के साथ सोमवार तड़के सुसाइड कर लिया था। चौक पुलिस ने मंगलवार को उनके भाई शरद की तहरीर पर शोभित के ससुरालवालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम हाउस से साढ़ू और साली को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने बताया कि मृतक के बड़े भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस टीम ने साढ़ू विवेक सिद्धार्थ और साली मुदिता पर शोभित से जमीन में निवेश के नाम पर लाखों रुपए लेकर वापस नहीं करने का आरोप है। आशंका है कि इसी वजह से मृतक शोभित कर्ज में डूब गए और रिकवरी एजेंट घर आकर परेशान करने लगे थे, जिसके दबाव में आकर उन्होंने परिवार समेत सुसाइड कर लिया।चौक निवासी अशरफाबाद निवासी कपड़ा कारोबारी शोभित रस्तोगी (48) ने पत्नी शुचिता (45) और बेटी ख्याति (16) के साथ सोमवार तड़के जहर खा लिया। पत्नी ने हालत बिगड़ने पर अपनी बड़ी मां तृप्ति को कॉल करके बताया था कि मम्मी-पापा की तबीयत ठीक नहीं है, आप लोग जल्दी से आ जाइए। वहीं सूत्रों के मुताबिक मृतक शोभित के मोबाइल में करीब ढाई मिनट की एक वीडियो क्लिप मिलने की बात सामने आई है। जिसमें शोभित ने ससुराल के प्रॉपर्टी विवाद से लेकर लोन की रकम तक की बात किसी से कही है। सुसाइड नोट में शोभित अपने साढ़ू के कहने पर प्रापर्टी में निवेश के लिए कर्ज लिया था। उसने डूबने के बाद वह ससुराल की प्रापर्टी बेचकर अदा करना चाहता था, उसकी सास को अपनी बातों में फंसाकर सारी संपत्ति अपने बेटे के नाम पर ट्रांसफर करवा ली थी। पुलिस के मुताबिक, प्रापर्टी पर साढ़ू विवेक का कब्जा होने के चलते शोभित का ससुराल वालों से विवाद हुआ। इसका जिक्र उसके मोबाइल में मिली एक वीडियो क्लिप में भी है। जिसमें साफ है कि साढ़ू विवेक के कहने पर उसने एक प्रापर्टी में करीब 28 लाख रुपए निवेश किए थे। जिसके लिए अपनी सारी जमा पूंजी लगा दी थी। उसके बाद पैसे नहीं दिए। तकादा करने पर ससुराल वालों को भड़काने लगा, जिससे सास समेत कोई भी परिवार से बात नहीं कर रहा था। पुलिस को घर से शोभित की पत्नी शुचिता का लिखा एक सुसाइड नोट मिला था। इसमें लिखा था- बड़ी बहन और जीजा विवेक ने मेरे परिवार को तबाह कर दिया है। हमारी सारी कमाई बर्बाद कर दी। हम लोगों पर काफी लोन हो गया है। मेरा पूरा परिवार परेशान है। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आई उसकी बड़ी बहन मुदिता और जीजा विवेक को पोस्टमॉर्टम हाउस से हिरासत में ले लिया।

## खबर एक नजर

### बेकाबू बस ने बाइक में मारी टक्कर

**स्वतंत्र भारत, सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बस ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर। बाइक सवार युवक हुआ गंभीर रूप से घायल। मौंदा निवासी रामखेलावन का कहना है कि उनका लड़का मोहित और भतीजा जय सिंह वर्मा 27 जून को मोटरसाइकिल (यूपी 32 एलएच 4175) से बंथरा जा रहे थे। तभी इसी दौरान दरोगा खेड़ा के पास कानपुर रोड पर तेज रफ्तार बस (यूपी 78 केटी 7098) ने मोटरसाइकिल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया जब की जय सिंह को हल्की-फुल्की चोटे लगी है। पीड़ित का कहना है कि एक्सीडेंट होने की सूचना मिलने पर मोहित को ट्रामा सेंटर में ले जाकर भर्ती कराया गया है, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। रामखेलावन ने एक जुलाई को बस चालक के खिलाफ सरोजनीनगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पुलिस ने किया चिनहट कस्बे में फ्लैग मार्च

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बुधवार को चिनहट कस्बे में अलम का जुलूस दोपहर करीब दो बजे निकाला जाएगा। इस मौके पर शांति-व्यवस्था कायम रखने के मद्देनजर इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पूरे चिनहट कस्बे में दल-बल के साथ मोटरसाइकिल से फ्लैग मार्च किया। इंस्पेक्टर चिनहट की अगुवाई में पुलिस बल ने सतरिख रोड स्थित बड़ी मस्जिद से होते हुए एल्डिको तिराहा, इस्लामिया मदरसा स्थित बड़ी चौक, चिनहट तिराहे के पास सैयद मीरा शाह पहलवान बाबा रहमतुल्लाह अलैहे की दरगाह के बाद कहां-कहां से ताजिया रखी जाएगी इसे लेकर गहनता से निरीक्षण किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के अलावा कस्बा चौकी प्रभारी सुशील कुमार सहित भारी मात्रा में पुलिस के जवान मौजूद थे।

### लेनदेन के विवाद में मुंशी ने वकील को मारा चाकू

**स्वतत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ के वजीरगंज इलाके में रुपए के लेनदेन में कोर्ट परिसर में पूर्व मुंशी ने एडवोकेट पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। कुछ दिन पहले वह दूसरे एडवोकेट के साथ काम करने लगा था। वकील को मुंशी से पैसा लेना था। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ वजीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गाजीपुर के पूर्वांचल नगर निवासी एडवोकेट विजय प्रताप पटेल ने बताया सीतापुर रोड स्थित डुडौली गांव निवासी संग्राम वर्मा उर्फ चोखे से रुपए लेने थे। मंगलवार को वह रेल दावा अधिकरण कोर्ट काम से गए थे। वहां से संग्राम को कॉल करके रुपए मांगे। इस पर संग्राम ने कोर्ट में आकर रुपए देने की बात कही। कुछ देर बाद विजय सष्टम कोर्ट में थे। तभी वहां पर संग्राम पहुंच गया और रुपए मांगने की बात पर गाली गलौज करने लगा। जब विजय ने विरोध किया तो गाली-गलौच कर हेलमेट से वॉर कर दिया। फिर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वो घायल हो गए। विजय खुद को बचाने के लिए पीछे हटे तब उनके गुप्तांग पर पैर से वार कर दिया, जिसके कारण उन्हें असहनीय दर्द होने लगा। आसपास के एडवोकेट ने बीच बचाव कर बचाया। हमले में विजय के सिर, हाथ, चेहरे और शरीर में भी चोट आई है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी विजय का पूर्व में मुंशी था। कुछ समय पहले वह दूसरे एडवोकेट का मुंशी बनकर काम करने लगा। उन्होंने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही हैं।

### दरोगा पर हमला करने के आरोपी गिरफ्तार


**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम थाने के उपनिरीक्षक अनुज भाटी के साथ सोमवार रात अभद्रता गाली गलौज व वर्दी फाड़ने वाले दो फरार वांछित आरोपियों को बुधवार सुबह करोरा बाजार से आगे पुलिया के पास से नगराम पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि देवती का मजरा छंगा खेड़ा गांव से हमराही हेड कांस्टेबल नितेश कुमार वर्मा के साथ उपनिरीक्षक अनुज भाटी एक मुकदमा की विवेचना कर वापस आ रहे थे बरकत नगर से आगे करोरा की तरफ बढ़ने पर तीन अज्ञात युवकों द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए कालर पकड़ कर वर्दी फाड़ दिया था। सूचना के बाद पुलिस बल पहुंचने से पहले ही दो हमलावर राहुल व नागेंद्र फरार हो गए थे जबकि एक आरोपी धर्मेंद्र उर्फ बीरु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था । दो फरार नामजद आरोपी राहुल व नारेंद्र को उपनिरीक्षक संजय सिंह द्वारा टीम में शामिल हेड कांस्टेबल जान मोहम्मद व सिपाही दिनेश कुमार के साथ बुधवार सुबह करोरा बाजार से आगे पुलिया के पास से दबोच कर थाने लाया गया जहां पहले से दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# डॉक्टर का इकलौता बेटा हॉस्टल की बालकनी से गिरा, मौत

## झांसी में एमबीबीएस की तैयारी कर रहा था छात्र, दोस्त के साथ रुका था

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एक डॉक्टर के परिवार का चिराग बुझ गया। झांसी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की हॉस्टल की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह लखनऊ का रहने वाला था। उसके पिता डॉक्टर हैं, जबकि मां स्कूल चलाती हैं। मंगलवार की रात वह लखनऊ से झांसी आया था। कमरे में लाइट न होने की वजह से वह हॉस्टल में अपने दोस्त के रूम में सोया था। बुधवार सुबह 7.45 बजे छात्र सार्थक खन्ना (22) बालकनी में रेलिंग की तरफ गया। वहां बालकनी से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इसके बाद उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सार्थक को मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सार्थक खन्ना लखनऊ के निराला नगर का रहने वाला था। उसके पिता रवि खन्ना भी डॉक्टर हैं, जबकि मां निधि खन्ना स्कूल चलाती हैं। वह



अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन है। सार्थक 2022 बैच का स्टूडेंट था। वो पैरामेडिकल कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल हॉस्टल के रूम नंबर 58 में रहता था। सार्थक खन्ना परिवार का इकलौता बेटा था। थर्ड ईयर के छात्र सिद्धार्थ ने बताया कि सार्थक मंगलवार रात को लखनऊ इंटरसिटी से लौटकर आया था। रात को कमरे का कूलर और पंखा नहीं चलने की वजह से कमरे में काफी गर्मी थी। इसके कारण वह रूम नंबर 60 में दोस्त युवराज के साथ लेट गया था। दोस्तों ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे देखा तो सबकुछ ठीक था। लेकिन, सुबह करीब 7.45 बजे देखा तो रूम की बालकनी से करीब 25 फीट नीचे जमीन पर सार्थक लहूलुहान हालत में पड़ा था। मौके पर खून ही खून पड़ा था। हॉस्टल के छात्र उस मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में लेकर आए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके परिवार को सूचना दे दी गई है। घरवाले झांसी के लिए रवाना हो गए हैं। दोस्तों ने बताया कि सार्थक खन्ना पढ़ने में बहुत इंटेलिजेंट था। उसने पहली बार में ही नीट एग्जाम क्वालीफाई कर लिया था। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने मौका मुआयना किया और उसके दोस्तों से पूरे मामले की जानकारी ली है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मयंक सिंह ने बताया कि ये बहुत ही दुखद घटना है। छात्र सार्थक पैरामेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रह रहे थे। वो रूम नंबर 60 की बालकनी से नीचे गिर गया। सुबह करीब 7.45 बजे छात्रों ने देखा तो वो नीचे गिरा हुआ था। तुरंत इमरजेंसी लाया गया। काफी प्रयास के बाद हम लोग उसे बचा नहीं पाए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# राजा भैया की पत्नी ने बहन पर लगाए गंभीर आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** हजरतगंज के सिल्वर ओक अपार्टमेंट में मंगलवार की शाम बहन साध्वी सिंह के फ्लैट पर अपनी बहन प्रत्यूषा सिंह के साथ माता-पिता से मिलने गई रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की पत्नी भानवी सिंह ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बहन साध्वी सिंह पर मां-बाप से न मिलने देने और जबरन उन्हें अपने फ्लैट में रखने की बात कही है। बुधवार को भानवी सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर मामले की विस्तृत जानकारी दी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रकरण से जुड़े दो वीडियो भी साझा किए हैं। अपनी एक्स पोस्ट पर भानवी सिंह ने लिखा कि हमारी बड़ी बहन और हम कल अपने बुजुर्ग माता-पिता से मिलने उनके घर गए। हमने शांति से दरवाजा खटखटाया, घंटी बजाई, लेकिन दरवाजा खोलने के बजाय हमारी छोटी बहन ने फिर से पुलिस बुला ली। यह पहली बार नहीं है। पहले भी वो पुलिस और मीडिया को बुलाकर झूठा प्रचार करती रही है। सच्चाई यह है कि हमारे बप्पा को कमरे में बंद कर दिया गया था, और चूंकि वे सुन नहीं सकते, उन्हें पता भी नहीं चला कि हमारी बड़ी बहन और हम मिलने आए थे। मां ने कामवाली से कहा कि वो हमारी बड़ी बहन और हमसे मिलना चाहती हैं, लेकिन उन्हें भी रोका गया। दरवाजा नहीं खोला गया। हम अब दो वीडियो साझा कर रहे जिसमें कामवाली सच्चाई बता रही है, और एक आडियो क्लिप जिसमें हमारी बड़ी बहन बहुत विनम्रतापूर्वक दरवाजे पर खड़े होकर बार-बार कह रही हैं कि हम लोगों को अम्मा-बप्पा से मिलने दिया जाए। क्या अपने बुजुर्ग माता-पिता से मिलने जाना अब अपराध है? क्या पुलिस और मीडिया का इस तरह से दुरुपयोग उचित है? मीडिया से मेरी अपील है कि कृपया तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश न करें। भानवी सिंह ने बताया कि देर रात वह हजरतगंज की सुलतानगंज चौकी में शिकायत करने के लिए गई थी, लेकिन चौकी पर मौजूद पुलिस ने उन्हें थाने जाने का हवाला देते हुए शिकायत लेने से मना कर दिया। अब वह पुलिस के उच्चाधिकारियों से प्रकरण की शिकायत करेंगी।

# ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी एसटीएफ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ टीम ने अंतराज्यीय स्तर पर अवैध रूप से ऑसीटोसीन इंजेक्शन तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी अनमोल, अवधेश जो लखनऊ के रहने वाले है व खगेश्वर सीतापुर का रहने वाला है इनके कब्जे से लगभग 5,87,880 एम0एल0 ऑक्सिटोसिन बरामद किया गया। इसकी कीमत करीब 1.20 करोड़ बताई जा रही है। आरोपियों को बुद्धेश्वर चौराहे से मोहान रोड पर, थाना काकोरी, जनपद लखनऊ से किया गिरफ्तार। पूछताछ पर बताया कि इनका एक गिरोह है, जो लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में अवैध रूप से आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की सप्लाई करता है। यह लोग बिहार राज्य से हाई डेनिसिटी के आक्सीटोसीन इन्जेक्शन पार्सल के माध्यम से मिनरल वाटर बताकर मंगाते है, जिसे आवश्यकतानुसार अपने हिसाब से अलग अलग साइज के एम्पुल में पैक करके उसकी सप्लाई लखनऊ एवं आस-प के जनपदों में करते है इस इन्जेक्शन का इस्तेमाल पशुओं के दुध निकालने, सब्जियों एवं फलों को कम समय से अधिक विकसित होने आदि के लिए किया जाता है। इस अवैध आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की बिहार राज्य से सप्लाई करने वाले के विषय में जानकारी की जा रही है।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिला को पीटा

**स्वतंत्र भारत, बंथरा।** बीती रात दबंगों ने महिला के घर में घुसकर की गाली-गलौज विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। ऐसे आरोप पीड़िता ने लगाए है। बंथरा क्षेत्र के बंथरा बाजार में रहने वाली पूजा गुप्ता ने निधि, नितिन, पियूष, अंशिका, गुड्डू, निधि की मां और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता पूजा का कहना है कि बीते 1 जुलाई मंगलवार रात करीब 11 बजे निधि, नितिन, पीयूष, अंशिका, गुड्डू, निधि की मां और पांच अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उसके व उसकी बेटी के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर हॉकी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसकी नाक की कील गिर गई। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे गए। फिलहाल बंथरा पुलिस ने पूजा गुप्ता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूर्व एमएलसी के घर-मेडिकल कॉलेज पर छापेमारी

## फर्जीवाड़े की सूचना पर सीबीआई ने की कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के मेरठ जिले में सीबीआई टीम ने मंगलवार की देर रात पूर्व एमएलसी भाजपा नेता डॉ. सरोजिनी अग्रवाल के खरखौदा स्थित एनसीआर मेडिकल कॉलेज समेत शहर में बेगमपुल के पास जवाहर क्वाटर्स स्थित घर पर छापेमारी की कार्रवाई करते हुए मेडिकल कॉलेज में फर्जीवाड़ा किये जाने की सूचना पर टीम ने रात करीब 12 बजे टीम जांच-पड़ताल कर मेडिकल कॉलेज से संबंधित पत्रावली अपने कब्जे में लेकर साक्ष्यों को एकत्र कर वापस लौट गई। इसकी जानकारी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ही थी जब्कि स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी। डॉ. सरोजिनी अग्रवाल के खरखौदा स्थित नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की टीम ने जांच पड़ताल की थी। शिकायत मिली थी कि मेडिकल कॉलेज में मानक के अनुसार फैकल्टी नहीं हैं। छात्रों का पंजीयन और उनकी पढ़ाई भी मानकों को पूरा नहीं कर रही है। मेडिकल कॉलेज में मरीजों की भर्ती और ओपीडी में भी फर्जीवाड़े की शिकायत एनएमसी की टीम को मिली थी। एनएमसी की रिपोर्ट व लखनऊ में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दिलाने के नाम पर घूसखोरी करने वाले तीन डॉक्टरों समेत छह लोगों की गिरफ्तारी होने के बाद सीबीआई ने छापे की कार्रवाई की।

### मोबाइल कब्जे में लेकर रिकॉर्ड खंगाले

सीबीआई टीम ने रात साढ़े आठ बजे डॉ. सरोजिनी अग्रवाल के बेगमपुल के पास स्थित आवास पर छापे की कार्रवाई की। टीम ने आवास पर पहुंचकर डॉ सरोजिनी अग्रवाल, उनके पति डॉ. ओपी अग्रवाल, बेटी शिवानी के मोबाइल अपने कब्जे में ले लिए। टीम ने मेडिकल कॉलेज से संबंधित तमाम पत्रावली अपने कब्जे में ले ली। सभी फाइलें चेक की और रिकॉर्ड भी खंगाले। टीम ने डॉक्टरों और स्टॉफ से भी पूछताछ की। रात करीब 12 बजे तक छापे की कार्रवाई चली। इसके बाद सीबीआई की टीम लौट गई। मेडिकल कॉलेज वर्ष 2015 में बना था। इसका शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया था। एमसीआई की अनुमति से साल वर्ष 2018 में 150 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की गई। मेडिकल कॉलेज में 340 बेड हैं। मेडिकल कॉलेज का नाम बदले जाने से सपाई नाराज हुए थे। तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह नेतृत्व में सपाइयों ने इस संबंध में डीएम को ज्ञापन भी सौंपा था।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पुलिस एक तहफ अपराधियों को शिकंजा कस रही है, वहीं दूसरी तरफ बेखौफ अपराधी नए-नए पैतरे अपना अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कुछ ऐसा ही हजरतगंज थाना क्षेत्र में हुआ। एक शातिर जालसाज ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी का धंधा अपनाया और कार शोरूम के बाहर खड़ा होकर ग्राहकों को अपने झांसे में लेकर ठगी करने लगा। यह भनक हजरतगंज पुलिस को लग गयी और फिर इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार सलाखों के पीछे भेज दिया गया। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि इलाके में बने कार शोरूम में गाड़ी खरीदने आ रहे ग्राहकों को अपनी बातों में उलझाकर उन्हें लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले विनोद कुमार को गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी लखनऊ में एक होटल में रुक कर कार शोरूम के बाहर आने वाले ग्राहकों से ठगी का काम कर रहा था। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि विनोद कुमार महाराष्ट्र का रहने वाला है, जो राजधानी के होटल में ठहरकर ठगी करता था। वह कार शोरूम के बाहर टहला करता था और इसी बीच ग्राहकों के आते ही उन्हें अपनी बातों में उलझाकर उन्हें अपना शिकार बना लिया करता था। आरोपी ग्राहकों को कार के लोन के बारे से समझाता और उनसे मोटी रकम वसूल कर फरार हो जाता था। डीसीपी का कहना है अभी इस मामले पर और जांच चल रही है और इस गिरोह के अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी की जा सकती है। आरोपी को गिरफ्तार करने में लीला चौकी इंचार्ज निशा सिंह की अहम भूमिका रही।

# जौनपुर में चलती बस धू-धू कर जली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के जौनपुर में चलती प्राइवेट एयर कंडीशन बस में आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया आग इतनी भीषण थी कि दो किलोमीटर से लपटें और धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था बस के शीशे चटककर टूटे और सड़क पर फैल गए। गनीमत रही कि आग के बढ़ने से पहले ही बस में सवार सभी 15 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है वहीं कई यात्रियों का सामान जलकर राख हो गया। हादसे की सूचना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तब तक पूरी बस समेत रखा यात्रियों का सामान जलकर खाक हो चुकी थी। दमकल की दो गाड़ियों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

# 80 हजार दो, फर्जी मार्कशीट लो गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा के थाना फेज-1 पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने बुधवार को एक ऐसे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो पैसे लेकर कूटरचित मार्कशीट और सर्टिफिकेट देते थे। गिरफ्तार किये गये लोगों के पास से 66 फर्जी मार्कशीट, 7 माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत कई संदिग्ध वस्तुएं बरामद की गई है। यह लोग एक मार्कशीट बनाने का 80 हजार से 2 लाख रुपए लेते थे। करीब तीन साल से यह काम किया जा रहा था। इस गिरोह को ट्रैक करने के लिए थाना फेज-1 पुलिस के अलावा स्वात टीम भी लगाई गई।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग बेरोजगार व परीक्षा में फेल व नौकरी की आयु पार कर चुके लोगों को ऑन डिमांड फर्जी मार्कशीट व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाकर देते है। मार्कशीट में कस्टमर के कहने पर नंबर उसकी आयु प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्राहकों को देते है। डेटा गूगल से निकालते है। जिसके बाद ओवर राइटिंग करके फर्जी मार्कशीट तैयार करते है। इनके द्वारा तैयार की गई मार्कशीट में वाटर मार्क तक होता है। जिससे ये बिल्कुल असली लगती है। एक फर्जी मार्क शीट को बनाने के लिए ग्राहक से दो लाख रुपए तक लिए जाते है। इसी मार्कशीट के जरिए कई लोगों को नौकरी तक मिली है। थाना फेज-1 पुलिस के अलावा स्वात टीम मोबाइल और लैपटॉप का डेटा खंगाला जा रहा है। साथ ही अकाउंट ट्रांजैक्शन भी खंगाली जा रही है। उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है जिन्होंने इस गिरोह से फर्जी मार्क शीट बनवाई और नौकरी या अन्य कार्यों में लिप्त है। इसके लिए टीम जांच कर रही है।

# ब्यूटीशियन ने फंदे से लटक दी जान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। आलमबाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक 21 वर्षीय ब्यूटीशियन ने फंदे से लटक कर जान दे दी। मकान मालिक ने दी पुलिस को सूचना। मृतका की पहचान सोनम (21) पुत्री स्वर्गीय छोटे लाल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बाराबंकी की रहने वाली थी और न्यू श्री नगर आलमबाग, लखनऊ में किराए पर रहती थी। सोनम के भाई रोहित ने बताया कि उनकी बहन लखनऊ में रहकर तेलीबाग स्थित एक ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। मंगलवार शाम को सोनम से उनकी बात हुई थी और वह उस समय बिल्कुल सामान्य लग रही थी। रात करीब 8:00 बजे पुलिस ने परिजनों को सूचना दी कि सोनम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव किराए के मकान में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है, जिसके बाद परिजन शव को लेकर बाराबंकी के लिए निकल गए।

# सड़क पर महिलाओं से चेन लूटने वाला धरा गया

**स्वतंत्र भारत, कृष्णानगर।** लखनऊ में बीते दिनों में थाना कृष्णानगर को सूचना प्राप्त हुई कि पीड़िता की पत्नी अपनी बच्ची को ट्यूशन लेकर जा रही थी कि एल.डी. ए. कालोनी सेक्टर डी 1 रोड पर दो अनजान व्यक्ति बाइक पर सवार होकर आये और महिला की गले की चेन टुकडा छीन कर भाग गये। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना कृष्णानगर में मुकदमा पंजीकृत न्याय संहिता पंजीकृत किया गया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि महिला सुबह 06.30 बजे के समय मॉर्निंग वॉक के दौरान पंडितखेड़ा मोड़ के पास मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा महिला के गले की चैन छीनने का प्रयास किये जाने के सम्बन्ध में थाना कृष्णानगर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें उक्त अभियोग के सफल अनावरण हेतु चार टीमें गठित की गयी, जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज अवलोकन वग्राउण्ड सूचना की सहायता से घटना में संलिप्त अभियुक्त मो.आसिफ पुत्र मो. शाबिर स्थाई पता-यशोदानगर बाईपास, मछरिया नौबस्ता कानपुरनगर व हाल पता-आजादनगर बगिया नं0-3 बदालीखेडा थाना सरोजनीनगर लखनऊ उम्र-25 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर आज गंगाखेड़ा रेलवे अण्डर पास से गिरफ्तार करते हुए, अभियुक्त के कब्जे से लूटी गयी चेन का टुकडा व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी, घटना में वांछित अभियुक्त मो. उस्मान की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी आसिफ ने पूछताछ में बताया कि वह अपने मित्र मो. उस्मान निवासी बदालीखेड़ा मदीना मस्जिद के पास थाना सरोजनीनगर लखनऊ के साथ एलडीए कालोनी डी सेक्टर में रोड़ पर एक बच्ची के साथ जा रही महिला के गले से चैन छीनी थी, छीनने के समय चैन दो हिस्से में टूट गयी थी एक हिस्सा उसके पास था, जो बरामद हुआ है। दूसरा हिस्सा उसके मित्र के पास है। पिछले महीने 6 तारीख को भी उसने अपने मित्र मो. उस्मान के साथ जयपुरिया स्कूल के पास विजयनगर में टहल रही एक महिला के गले से चैन छीनने के दौरान चैन टूटकर कपडे में फंस गई थी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सराहनीय सुधार

भारत जैसे विशाल देश में रेल संचालन बहुत दुष्कर कार्य है। यह तथ्य विगत कई वर्षों से सामने आता रहा है। यात्रियों के लिए कई सुविधाएं दी जाती रही हैं जिनकी वे सराहना भी करते रहे हैं और यात्रा भी सुगम हुई है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए रेल मंत्रालय ने अपनी सेवाओं को अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए कई सुधारों की घोषणा की है, जिनमें से कुछ इसी महीने से लागू हुए हैं, जबकि कुछ बड़े सुधार आगामी दिसंबर में लागू होने हैं। अब रेल मंत्री ने सुपरएप 'रेलवन' लॉन्च किया है। इस एक एप पर ही टिकट बुकिंग, ट्रेन ट्रैकिंग और कोच पोजीशन से लेकर ट्रेन में खाने की बुकिंग और शिकायत दर्ज करने जैसी तमाम सुविधाएं होंगी। इससे जनरल टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग तथा सीजन या मंथली पास भी बनवाये जा सकेंगे। दलालों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल टिकट बुकिंग में भी इस महीने से बदलाव किये गये हैं। नयी व्यवस्था में तत्काल टिकट सिर्फ प्रमाणित यात्री ही बुक कर सकेंगे। इसके लिए आइआरसीटीसी की वेबसाइट या एप पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा और जुलाई के अंत से ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। यात्रियों की असुविधा को देखते हुए वेटिंग लिस्ट की सीमा तय करने के पुराने फैसले को भी बदल दिया गया है। कुछ समय पहले रेलवे बोर्ड ने ट्रेन में वेटिंग लिस्ट की सीमा घटाकर कुल क्षमता के 25 प्रतिशत तक कर दी थी। रेलवे का कहना था कि इससे आरक्षण वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। पर नये नियम से वेटिंग टिकट मिलना बहुत मुश्किल हो गया था. रेलवे में आरक्षण से संबंधित कुछ बड़े सुधार आगामी दिसंबर में लागू होंगे। इसके तहत ट्रेन चलने के आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार होगा जबकि अभी यह चार्ट चार घंटे पहले तैयार होता है, जिससे दूरदराज के प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को असुविधा होती है। आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट जारी होने से प्रतीक्षा सूची वाले यात्री जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था कर सकेंगे। दिसंबर से यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) में भी बदलाव होंगे, जिससे प्रति मिनट डेढ़ लाख से अधिक टिकट बुक किये जा सकेंगे जबकि अभी प्रति मिनट 32 हजार टिकट बुक होता है। हालांकि कई साल बाद इसी महीने से रेल किराये में वृद्धि की गयी है, जिससे निश्चित रूप से यात्रियों पर बोझ बढ़ेगा। लेकिन यह तो संचालन की विवशता है जो सहनी ही पड़ेगी।

## बारिश में हम

लखनऊ में पिछले करीब दो-ढाई महीनों से आशंका जताई जा रही थी कि नाले-नालियों की सफाई और खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत व दुरुस्तीकरण न होने का खामियाजा बरसात में शहरवासियों को ही भुगतना पड़ सकता है। यह अंदेशा भी था कि इस मौसम में बिजली की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रह पाएगी या नहीं। मानसून सक्रिय होने के बाद अब ये सच होकर सामने आ रही हैं। ऐसी नहीं कि ये संदेह नए सिरे से व्यक्त किए जा रहे थे। हर साल बारिश के मौसम में नागरिक इन्हीं सबको भुगतने के लिए मजबूर होते हैं। अनुभवों व संबंधित विभागों की निष्क्रियता पहले की तरह ही बनी रहने से ये दिक्कतें फिर शुरू हो गई हैं। काम पर हीलाहवाली इस कदर हावी है कि गड्ढामुक्त सड़कों के दावों के बावजूद इन पर फिर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिन्हें डामर एवं मिट्टी से भरने के बजाय कचरे से भरने के 'जुगाड़' से काम पूरा करने की खानापूर्ति हो रही है। इस कचरे में प्लास्टिक, पॉलिथिन और मलबा शामिल है। दिमाग ऐसा लगाया गया है कि कहीं-कहीं कचरे को रौंदने के लिए बुलडोजर व ट्रैक्टर भी लगा दिए गए जिससे ऊपर से सड़क की तरह की सतह दिखाई दे। इस पर नगर निगम का कहना है कि बारिश में डामर पर पैचवर्क करने पर यह उखड़ जाएगा, इसलिए मलबा डालकर गड्ढे भरे जा रहे हैं। बारिश के बाद गड्ढों को भरेंगे। रूटीन कामकाज के लिहाज से ये दलील सही मानी जाएगी। लेकिन करदाता यह तो पूछेगा ही कि जब ऐसी मुश्किल जब बारिश के हर सीजन में आती है तो इस बारे में समय रहते ही कदम क्यों नहीं उठाया गया। अब इसका जवाब अगर यह है कि इसके लिए फाइल ढाई महीने पहले ही चला दी थी पर मंजूरी अभी नहीं मिली है तो बहुत सीधी बात है कि इसमें आम नागरिक की क्या गलती है कि उसे गड्ढे भरी सड़कों में गिरते-पड़ते, चोटिल होते हुए पानी के जमाव के बीच रास्ता पार करने की जिल्लत भुगतनी पड़ रही है। इसी में जब बच्चे और महिलाएं फंसते हैं तो उनकी हालत कोई भी समझ सकता है। क्या अधिकारी और कर्मचारी आम लोगों की इन मुश्किलों को समझने की कोशिश करेंगे या समय ही बिताएंगे कि बारिश चली जाए तब किसी को कोई शिकायत नहीं रहेगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**स्वस्थ रहकर ही बनेगा विकसित भारत-राष्ट्रपति**
दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में रहते हुए!

**भारतीय रेलवे ने लांच किया सुपर मोबाइल ऐप**
अगर सर्वर डाउन हुआ तो रेलवे जिम्मेदार नहीं!

**सुप्रीम कोर्ट ने लागू कर दी स्टाफ आरक्षण नीति**
डा. अंबेडकर का सपना था जातिमुक्त भारत!

**उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हो गयी भारी बारिश**
नगर विकास की कारगुजारियां सामने आ गयीं!

**यूपी के छह मंडलों में होंगे आयुष पद्धति कालेज**
जड़ी बूटियों के जंगल शहरीकरण में गायब हुए!

**केंद्र और दिल्ली सरकार पर बरस पड़ीं मायावती**
मानसून के बीच में राजनीतिक बारिश का मजा!

♦♦♦

# बाजार के हवाले शिक्षा

**दिनेश प्रताप सिंह**

आज देश के प्रत्येक हाइवे के दायें-बाएं पब्लिक स्कूलों की भव्य इमारतें दिख जाती हैं। यह स्कूल सपना रचते हैं, फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने का और स्मार्ट क्लास में पढ़ाई का! यहाँ केजी से इंटर तक की पढ़ाई होती है, वह भी इंग्लिश मीडिएम में! अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ है तो नीट, जेईई, पीसीएस, क्लैट, सीए, आईआईटी, या आईआईएम की प्रतियोगी परीक्षाएं आसानी से क्रैक की जा सकती हैं। किसी विदेशी फर्म में लग जाएं, तो अंग्रेजी पता नहीं कहाँ से कहाँ पहुंचा देगी। फिर दौलत के ढेर पर बैठने से कौन रोक सकता है? जितना बड़ा सपना, उसी अनुपात में कीमत! जिसके पास पैसा है, वह सपने खरीद रहे हैं।


हमारे गाँव से जो लिंक रोड मुख्य सड़क को जाता है, उसके किनारे भी एक पब्लिक स्कूल खुल गया है। अभी नया है, कमरे कम हैं। कई कक्षाएं एसबेस्टस सीट से बने टपरों में लगती हैं। मगर दावा बड़ा है। दो-तीन महीना पहले प्रधानाध्यापक महोदय ने बताया था-'हमारे यहाँ कक्षा दो का बच्चा जो 'रहाइम' (उन्होंने 'राइम' को यही कहा था।) पढ़ता है, उसे सरकारी स्कूल में आठ में पढ़ने वाला छात्र नहीं पढ़ पाएगा।' सोचने की बात है, गुणवत्ता में कितना जबरदस्त फर्क है। आज के जमाने में बच्चे माता-पिता के चिन्तन के केंद्र में हैं। इसलिए अभिभावक के पास थोड़े भी पैसे हैं तो वह तथाकथित अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाले विद्यालय में बच्चे का नामांकन कराएगा। किसी सरकारी स्कूल में नहीं! आजादी के पहले भी यहाँ दून, सोफिया, मेयो, सेंट लारेंस जैसे सामंत वर्ग के बच्चों के विद्यालय थे। यह संस्थान चमक-दमक ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता के स्तर पर भी विदेशों के पब्लिक स्कूलों से कमतर नहीं थे। स्वतंत्रता के पूर्व ही यहाँ शिक्षा के राष्ट्रीयकरण और समान पाठ्यक्रम की चर्चा जोर-शोर से उठी थी। तब शिक्षा की कमान महात्मा गांधी, विनोवा भावे, एनी बेसेंट, डॉ. जाकिर हुसैन, जी. एस. अरुणडेल जैसे लोगों के हाथ में थी। फलस्वरूप सबको शिक्षा देने की नीति, रूपरेखा और क्रियान्वयन की एक समेकित योजना तैयार हो गई थी। बाद में संविधान में यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दस वर्ष की समय सीमा निर्धारित की गई थी। होना यह चाहिए था कि प्राथमिक शिक्षा मजबूत बनाई जाती। अध्यापकों का व्यक्तित्व परीक्षण आधारित चयन होता। कक्षा की वैविध्यता को संभालने व मूल्य संवर्द्धन के लक्ष्य का दायित्व विकसित करने वाला शिक्षक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए था। किन्तु इसके विपरीत अध्यापकों को मशीनी ढंग से पाठ्यक्रम निपटाने की ट्रेनिंग दी गई और शिक्षा का कारवां चल पड़ा।

यह मूलतः नीति नियोजकों के चिन्तन के गहरे अंतर्विरोध की परिणति थी। वास्तव में स्वतंत्रता के बाद शिक्षा व्यवस्था जिन हाथों में आयी, उनका एक अलग मत था। यह तबका आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज की भव्यता से प्रभावित था। इसलिए प्राचीन शिक्षा व्यवस्था का सूक्ष्म अध्ययन और नालन्दा व तक्षशिला जैसे देशज माडल से प्रेरणा ग्रहण करना उसके संस्कार में नहीं था। लिहाजा शिक्षा एकरूपता नहीं ग्रहण कर पायी। सरकारी शिक्षा सैनिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय और सामान्य पाठशालाओं के कई प्रस्तरों में विभक्त होती चली गई। चर्च और अन्य धार्मिक संगठनों के शिक्षा निकाय भी स्कूल चलाते रहे। शहरों में महाजनों के स्कूल भी खुलते गए। वास्तव में यह पूरा सिलसिला राज्य की शिक्षा प्रणाली की पूरक या विस्तार की भूमिका से अधिक कुछ नहीं था। यह मुनाफा कमाने के स्रोत नहीं थे। सिर्फ यश और धर्म की कामना से प्रेरित थे। शुरू में शिक्षा की जो नीव थी, वह कई असंगतियों के बावजूद समानता, स्वातंत्र्य और बंधुत्व के मूल्य पर आधारित थी। वर्ण व्यवस्था जैसी विषमता के बावजूद भी इसमें सबके लिए प्रवेश की राह खुली थी। कुल मिलाकर आधुनिक शिक्षा का आरंभ सार्वजनीन और लोकतान्त्रिक मूल्यों पर हुआ था। किन्तु 1 जनवरी 1995 में डंकल प्रस्ताव पर हस्ताक्षर के बाद रीति-नीति में बदलाव आने लगा। गेट्स समझौता हुआ। यह भी स्वास्थ्य और शिक्षा को व्यापार के दायरे में लाने का पक्षधर हैं। विश्व बैंक, डब्ल्यू.टी.ओ. और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोश के सहयोग से जिस अर्थव्यवस्था का ढांचा खड़ा हो रहा है, वह जनहित व सार्वजनिक क्षेत्र में दी जाने वाली सब्सिडी को क्रमशः कम करते हुए खत्म करने की नीति से संचालित हैं। यह शिक्षा पर सब्सिडी से बच रही है। नए शिक्षण संस्थान को इंफ्रा स्ट्रक्चर के नाम पर एकमुश्त धनराशि मुहैया करा के वित्तविहीन मान्यता की शुरुआत हो चुकी है। सरकारी दबाव के फलस्वरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठानों को अपने लिए वित्त के स्रोत तलाशने के लिए प्रेरित करने लगा है। सलाह यहाँ तक मिल रही है कि उन्हें बहुराष्ट्रीय निगमों का सहयोग लेने का प्रयास करना चाहिए। विदेशी निगम तैयार बैठे हैं, यहाँ से उन्हें अच्छा अर्थलाभ ही नहीं होगा, बल्कि बाजारवादी जीवन मूल्यों की पोषक प्रतिभाएं विकसित करने का अवसर भी उपलब्ध होगा। शिक्षा निरन्तर महंगी हो रही है। शुल्क और पाठ्य सामग्री की कीमतों में निरन्तर बृद्धि हो रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी संस्थाओं की भागीदारी का रास्ता तैयार है। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 'यूनिवर्सिटी ग्रांटस कमीशन रेग्युलेशन्स-2023' का मसौदा जारी हो चुका है। हालांकि गरीबों और बँचितों के लिए इसमें भी आरक्षण और स्कालरशिप की एक खिड़की खोल दी गई है। मगर दिक्कत यह होती है कि ऐसे मामलों में खाने और दिखाने के दांत वाली बात हो जाती है। अभी तक का जो रुझान है, उसको देखते हुए यही कहा जा सकता है कि सरकारी विद्यालयों में सिर्फ वही बच्चे दाखिला ले रहे हैं, जिनके पालक प्राइवेट स्कूल का खर्चा नहीं उठा सकते। यह छंटनी के बच्चे हैं और उनमें से अधिकांश सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित होने के उद्देश्य से विद्यालय में नाम लिखाते हैं। 'एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट्स' में इधर सरकारी स्कूलों में छात्रों के नामांकन में बृद्धि की स्थिति देखने में आती हैं। यह गलत नहीं है। इसके पीछे 'मुफ़्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम-2009' की प्रेरणाएं हैं। इसका मुख्य मैनडेट बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण स्कूल उपलब्ध कराना है, जहां सभी बच्चे बिना किसी सामाजिक, आर्थिक और लैंगिक भेदभाव के भयमुक्त वातावरण में बालकेंद्रित गतिविधियों से सीखने के लिए उत्साहित हों। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह थी कि पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को विद्यालय के प्रबंधन और संचालन में नेतृत्वकारी भूमिका दी गयी थी। इसका बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ा




और स्कूलों में नितांत वंचित वर्ग नट, बेंडिया, धरिकार, बड़मंस, मंगता जैसी जातियों की पहली पीढ़ी के बच्चों के नामांकन का सिलसिला आरंभ हो गया है। आज समाज के सबसे निचले तबके को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अधिक जरूरत है। इस संवर्ग के अभिभावक अपने पाल्य को सरकारी स्कूलों में नामांकित कराते हैं, मगर उनके सपने तब टूट जाते हैं, जब वे देखते हैं कि उनके बच्चे कुछ खास नहीं सीख रहे हैं। ऐसी स्थिति में जिन अभिभावकों के पास थोड़ा भी पैसा होता है तो और न सही 'रहाइम' पढ़ाने वाले पब्लिक स्कूल में ही अपने बच्चों का नामांकन करा देते हैं। ढेर सारे अभिभावकों का जब यहाँ से मोहभंग होता है तो घूम-फिरकर वह दोबारा सरकारी स्कूल में बच्चों को भेजने लगते हैं। कम से कम यहाँ बच्चों को मध्यान्ह भोजन, गणवेश, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, छात्रवृत्ति, स्वेटर-जूता का पैसा तो मिल जाता है। सरकारी स्कूल की छात्र संख्या इसलिए भी बढ़ रही है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ठाकुर का कुआं

उसने घड़ा और रस्सी उठा ली और झुक्रू चलती हुई एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खड़ी हुई। कब इन लोगों को दया आहे है किसी पर। बेचारे महंगू को इतना मारा कि महीनों लहू थूकता रहा। इसलि कि उसने बेगार न दी थी! उस पर ये लोग ऊंचे बनते हैं।।कुएं पर दो स्त्रियां पानी भरने आयी थीं। इनमें बातें हो रही थीं। 'खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताजा पानी भर लाओ। घड़े के लि पैसे नहीं हैं।' 'हम लोगों को आराम से बैठे देखकर जैसे मरदों को जलन होती है।'
'हां, यह तो न हआ कि कलसिया उठाकर भर लाते। बस, हुकुम चला दिय कि ताजा पानी लाओ, जैसे हम लौंडियां ही तो हैं।' 'लौंडियां नहीं तो और क्या हो तुम? रोटी कपड़ा नहीं पार्टी? दस-पांच रुप छीन-झपटकर ले ही लेती हो। और लौंडियां कैसी होती हैं।''मत लजाओ दीदी! छिन भर आराम करने को जी तरसकर रह जाता है इतना काम किसी दूसरे के घर कर देती. तो इससे कहीं आराम से रहती। ऊप से वह एहसान मानता। यहां काम करते-करते मर जाओ पर किसी का मह नहीं सीधा होता।'
दोनों पानी भरकर चली गयीं, तो गंगी वृक्ष की छाया से निकली और कुएं के जगत के पास आयी। ब्रफिक्रे चले गये थे। ठाकुर भी दरवाजा बन्द कर आंगन में सोने जा रहे थे। गंगी ने क्षणिक सुख की सांस ली। किसी तरह मैदान तो साफ हुआ। अमृत चुरा लाने के लिए जो राजकुमार किसी जमाने में गया था, वह भी शायद इतनी सावधानी के साथ और समझ-बूझकर न गया होगा। गंगी दबे पांव कुएं के जगत पर चढ़ी। विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले कभी न हुआ था। उसने रस्सी का फंदा घड़े में डाला। दायें-बायें चौकन्नी दृष्टि से देखा, जैसे कोई सिपाही रात को शत्रु के किले में सूराख कर रहा हो। अगर इस समय वह पकड़ ली गयी, तो फिर उसके लिए माफी या रिआयत की रत्ती-भर उम्मीद नहीं।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**लेन देन धन अन्न के, विद्या पढ़ने माहिं।**
**भोजन सखा विवाह में, तजै लाज सुख ताहिं।।**

जो मनुष्य लेन-देन, भोजन, धन-धान्य और व्यवहार से निर्लज रहता है, वहीं इंसान अपने जीवन में आगे बढ़ता है। उसे कोई भी व्यक्ति हरा नहीं सकता है। अपने कार्यों को अपने मन से करता है।

♦♦♦

# हिन्दू राष्ट्र का ढोल और जातिवाद का आतंक



**– निर्मल रानी**

स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा गत एक दशक से देश के बहुसंख्यक समाज को भारत को 'हिन्दू राष्ट्र' बनाने का सपना दिखाया जा रहा है। देश के अनेक दक्षिणपंथी नेताओं से लेकर तमाम कथावाचक व संत समाज से जुड़े लोग इसी 'प्रोपेगण्डे' को प्रचारित करने में जुटे हुये हैं। इसी हिन्दू राष्ट्र की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफ़रत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफ़रती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर ज़हर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता, समरसता, समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को 'मनुस्मृति दहन दिवस' के रूप में याद करते हैं। डॉ अंबेडकर ने मनु स्मृति का दहन इसलिये किया था क्योंकि यह ग्रंथ सामाजिक असमानता और जाति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षाओं को बढ़ावा देता है। जबकि मनु स्मृति का विरोध व इसके दहन का उद्देश्य दलितों और शोषित वर्गों के लिए समानता और न्याय की मांग को प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त करना था। सवाल यह है कि दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई? और दूसरे यह कि आख़िर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया। और इस सामूहिक धर्म परिवर्तन समारोह में डॉ. आंबेडकर के साथ उनके लगभग 3,80,000 अनुयायियों ने जिनमें मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे, बौद्ध धर्म स्वीकार किया। आज भी इस सामूहिक धर्म परिवर्तन को भारत में सामाजिक समानता और दलित आंदोलन का एक महत्वपूर्ण क़दम माना जाता है। परन्तु दुःख का विषय तो यह है कि शोषित वर्ग द्वारा किये गये इस धर्म परिवर्तन के बावजूद आज भी मनुवादियों की सोच में कोई अंतर नहीं आया है। बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह जातिवादी विचारधारा गत दस वर्षों में और भी सिर चढ़ कर बोलने लगी है। और तो और अब इस जातिवादी



सोच का शिकार केवल दलित समाज के लोग ही नहीं बल्कि पिछड़ी जातियों के लोग भी होने लगे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के इटावा ज़िले में केवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में देखने को मिला। यहाँ भागवत कथा कहने आए यादव समाज से सम्बन्ध रखने वाले एक कथावाचक भागवताचार्य व्यास मुकुट मणि के साथ ब्राह्मण समाज के लोग अत्यंत क्रूरता से पेश आये। कथावाचक को अपमानित किया उनके साथ मारपीट की और उनकी चोटी काटकर इस क्रूरता का वीडियो भी वायरल कर दिया गया। उनका कुसूर यही बताया गया कि कथा वाचन कर रहे व्यास, ब्राह्मण समुदाय के नहीं थे इसलिए उनकी चोटी काट दी गई और उनका वीडियो वायरल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाल काटने के बाद 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर भी रखा गया। जातिवादी क्रूरता का अध्याय यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि पीड़ित कथावाचक के अनुसार भागवत कथा के दौरान जो ब्राह्मण महिला परीक्षित थी, उसके पैरों पर कथावाचक की जबरन नाक रगड़वाई गई और उसी ब्राह्मण महिला के मूत्र से उस पर छिड़काव भी किया गया। उस पंडितानी महिला का मूत्र छिड़कने के बाद इन जातिवादियों द्वारा उससे कहा गया कि 'ब्राह्मण का मूत्र तुम्हारे ऊपर पड़ गया अब तुम पवित्र हो गए'। ज़रा सोचिये कि कौन सी शिक्षा व संस्कार हैं जो इस क्रूरता के लिये जाति विशेष के लोगों दूसरी जातियों के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हैं? दलितों के साथ तो ऐसी घटनाएं गोया आम बात हो चुकी हैं। पिछले दिनों ऐसी ही एक ह्रदय विदारक घटना उड़ीसा में हुई जहाँ गोतस्करी का आरोप लगाकर कुछ जातिवादी गुंडों द्वारा पहले तो उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गयी। जब दलित युवक पैसे देने में असमर्थ हुये तो उन दोनों युवाओं को 2 किलोमीटर तक घुटने के बल चलने के लिये मजबूर किया गया। इनके सर के बाल भद्दे तरीक़े से काटे गये उन्हें मारा पीटा गया ,उनके कपड़े फाड़े गये, उन्हें घास फूस खिलाई गयी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें नाले का गन्दा पानी पीने के लिए भी मजबूर किया गया। इस तरह की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं। अफ़सोस यह कि ऐसी क्रूर सोच व घृणित संस्कार रखने वाले लोगों को अनेक संतों व नेताओं का समर्थन भी मिल जाता है और वह मनुस्मृति जैसे जातिवादी धर्म ग्रंथों व संहिताओं से ही ढूंढ कर इन जातिवादियों के पक्ष में तर्क भी पेश कर देते हैं। और ऐसे ही जातिवादी लोगों के पैरोकार व समर्थक ही हिन्दू राष्ट्र व हिन्दू एकता जैसी विरोधाभासी बातें भी करते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### समस्या का हल

एक आश्रम में गुरु अपने कुछ शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु सभी शिष्यों को शास्त्रों का ज्ञान दे रहे थे। एक दिन एक शिष्य ने गुरु से कहा, मुझे कोई ऐसा उपाय बताइए, जिससे मुझे जल्दी से जल्दी सफलता मिल सके। ऐसा उपाय जिसकी मदद से हर समस्या हल हो सकती है। गुरु बहुत विद्वान थे। उन्होंने कहा, मैं एक तरीका बता दूंगा, जिससे तुम्हारी सारी समस्याएं दूर की जा सकती हैं। लेकिन, पहले तुम मेरी बकरी को खूंटे से बांध दो।
गुरु ने अपनी बकरी की रस्सी शिष्य के हाथ में पकड़ा दी। बकरी किसी से भी आसानी से काबू में नहीं आती थी। शिष्य ने जैसे ही बकरी को खूंटे से बांधने लगे, वह उछल-कूद करने लगी। बहुत कोशिश करने के बाद भी बकरी काबू में नहीं आ रही थी। शिष्य ने कुछ देर सोचा कि इसे कैसे काबू किया जाए। सोचने के बाद बकरी को पकड़ा और उसके पैर रस्सी से बांध दिए। इसके बाद शिष्य ने बकरी को खूंटे से आरामा से बांध दिया। गुरु ये सब देख रहे थे। शिष्य की बुद्धिमानी देखकर गुरु प्रसन्न हो गए।
गुरु ने शिष्य से कहा, ठीक इसी तरह किसी भी समस्या की जड़ को पकड़ लेने से बड़ी से बड़ी समस्या बहुत ही आसानी से हल हो सकती है। यही सफलता का मूल मंत्र है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमें बुद्धिमानी से ही काम करना चाहिए। धैर्य बनाए रखें और सोच-समझकर आगे बढ़ें। सबसे पहले समस्या की जड़ को समझें और फिर उसे हल करने की योजना बनाएं। तभी सफलता मिल सकती है।

## आपका पत्र मिला

### जुंबा नृत्य पर केरल सरकार का फैसला सराहनीय

केरल की वामपंथी सरकार ने युवाओं को नशे और हानिकारक प्रवृत्तियों से दूर रखने के लिए स्कूलों में जुंबा नृत्य की व्यवस्था जारी रखने का जो फैसला किया है, वह निश्चित ही सराहना योग्य है। जुंबा एक विश्वप्रसिद्ध एरोबिक नृत्य है जो संगीत और शारीरिक व्यायाम का संयोग है। यह मनोरंजन के साथ-साथ फिटनेस बढ़ाने, तनाव घटाने और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। आज के दौर में जब युवा तेजी से मोबाइल और नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, ऐसे में उन्हें आकर्षक शारीरिक गतिविधियों की ओर मोड़ना समय की मांग है। जुंबा ऐसी ही एक गतिविधि है, जो स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है। यह देखा गया है कि जिन छात्रों की दिनचर्या में ऐसी रचनात्मक गतिविधियां शामिल होती हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और वे पढ़ाई में भी अधिक ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। हालांकि कुछ मुस्लिम संगठनों ने जुंबा का विरोध करते हुए इसे अश्लील करार दिया, लेकिन यह विरोध उसी मानसिकता का हिस्सा है जो योग जैसे वैज्ञानिक और स्वास्थ्यवर्धक अभ्यासों का भी विरोध करती है। ऐसे विरोध को धार्मिक रंग देना अनुचित है, विशेष रूप से तब जब यह पहल समाज के हित में की गई हो। अन्य राज्य सरकारों को भी इस पहल से प्रेरणा लेनी चाहिए और जुंबा या इसी तरह की रचनात्मक गतिविधियों को अपने विद्यालयों और महाविद्यालयों में शामिल करना चाहिए। इससे न केवल युवा नशे और मोबाइल की लत से दूर रहेंगे, बल्कि एक स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली भी विकसित कर पाएंगे।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# शिफॉन साड़ी में पाएं ऑफिस पार्टी के लिए परफेक्ट ग्रेसफुल लुक

हर महिला को साड़ी स्टाइल करना पसंद होता है। यही वजह है कि सुंदर दिखने के लिए महिलाएं बेहतरीन डिजाइन वाली साड़ियां खरीदती हैं। वहीं, अगर आप ऑफिस पार्टी में शामिल हो रही हैं और इस दौरान आप प्रोफेशनल और ग्रेसफुल लुक चाहती हैं, तो आप शिफॉन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी आपके लुक को खूबसूरत और न्यू टच देने का काम करेगी। साथ ही, इन साड़ियों को स्टाइल करने के बाद आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा।बाजार में आपको शिफॉन साड़ियां कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करने का सोच रही हैं, तो आप इस आर्टिकल की मदद से ऑफिस की पार्टी में स्टाइल करने के लिए एक बेहतरीन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं।

### लेस वर्क शिफॉन साड़ी

भीड़ से अलग दिखने के लिए ऑफिस की पार्टी में आप इस तरह की लेस वर्क शिफॉन साड़ी पहन सकती हैं। लेस वर्क वाली ये साड़ी पहनने के बाद काफी सुंदर लगती है और इसे आप हॉल्टर नेक या स्ट्रैप वाले ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप ऑक्सीडाइज़ड्ज्वेलरी पहन सकती हैं, साथ ही हाथों में कंगन स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 2000 रुपये से कम कीमत में मिल सकती है।

### एम्बेलिश्ड शिफॉन साड़ी

अगर आपको लाइट कलर पसंद हैं, तो आप इस तरह की एम्बेलिश्ड शिफॉन साड़ी पहन सकती हैं। एम्बेलिश्ड वर्क वाली इस साड़ी में आपका लुक अच्छा लगेगा। इस साड़ी को आप कॉन्ट्रास्ट ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं जो आपके लुक को नया टच देगा। यह साड़ी आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ पर्ल वर्क इयररिंग्स और बालों में बन हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

### ओम्ब्रे शिफॉन साड़ी

सेलिब्रिटी जैसा लुक पाने के लिए आप इस तरह की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस ओम्ब्रे शिफॉन साड़ी में किसी भी तरह का वर्क नहीं किया गया है, लेकिन इस साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बहुत अच्छा लगेगा। इस साड़ी को आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं और ज्वेलरी में आप झुमके स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में आपको यह साड़ी 1,000 रुपये में मिल सकती है। साथ ही, ऑफलाइन इस साड़ी को आप और भी कम कीमत में खरीद सकती हैं।

# सावन में हरा रंग ही है असली स्टाइल, इन आउटफिट्स में लगेंगी आप सबसे हटके

हर वर्ष आने वाला हिंदू कैलेंडर का पांचवा महीना सावन का महीना कहलाता है। इस पूरे महीने को भगवान शिव की भक्ति और साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना है। ऐसे में इस पूरे महीने शिवभक्त शिवालयों से लेकर घरों तक में पूजा अर्चना करके भोलेनाथ को प्रसन्न करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि इस महीने हरे रंग के कपड़े पहनना भी काफी शुभ होता है, इसीलिए कुछ लोग सावन के सोमवार में पूजा के दौरान हरे रंग के ही आउटफिट पहनते हैं। यदि आप भी कुछ हरा आउटफिट पहनने का प्लान कर रही हैं तो यहां हम आपको इसके कुछ विकल्प देने जा रहे हैं।



### फ्लोरल ग्रीन साड़ी

सावन के महीने में हर तरफ हरियाली रहती है, ऐसे में अगर आप ऐसी फ्लोरल हरी साड़ी पहनेंगी तो हर कोई आपको देखता रह जाएगा। हरे रंग की ऐसी साड़ी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएगी। इसे कैरी करते समय अपने बालों में जूड़ा बनाएं। ज्वेलरी को भी थोड़ा हल्का ही रखें, क्योंकि आज-कल हैवी ज्वेलरी पहनने का ट्रेंड नहीं है।

### हरी बंधेज साड़ी

बंधेज प्रिंट की साड़ी महिलाओं को खूब पसंद आती है। खासतौर पर अगर आप विवाहित हैं, तब तो ये आपके सावन लुक को और खूबसूरत बना देगी। इसके साथ कॉन्ट्रास्ट में ब्लाउज पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। इसके साथ चाहें तो गले में चोकर पहनते हुए बालों को स्लीक स्टाइल में बांधें। इससे आपका लुक काफी सादगी भरा लगेगा।

### ग्रीन अंगरखा सूट

ये सूट ज्यादातर महिलाओं को अनारकली जैसा ही लगता है, जबकि ये अनारकली से काफी अलग होता है। इस सूट का अपर पार्ट अंगरखा के स्टाइल में होता है, इसलिए इसे अंगरखा सूट कहते हैं। यदि ये पहनना है तो इसके साथ बालों को कर्ल करके खुला रखें। ऐसे सूट के साथ पैरों में हील्स काफी कमाल की लगती हैं।

### ग्रीन अनारकली सूट

अनारकली सूट तो महिलाओं की पहली पसंद है ही। ये सूट देखने में रॉयल लगता है, और इसे कैरी करना भी काफी आसान होता है। ऐसे में अगर आप भी अनारकली सूट कैरी कर रही हैं तो उसके साथ दुपट्टा अवश्य लें, दुपट्टे से किसी भी सूट की खूबसूरती बढ़ जाती है। अगर आपका पूरा सूट एकदम प्लेन है तो उसके साथ हैवी दुपट्टा अलग से कैरी कर लें, ताकि ये देखने में अच्छा लगे।

### इन बातों का ध्यान रखकर हों तैयार

हरा रंग काफी खूबसूरत होता है, ऐसे में इसके साथ आपको ज्यादा मेकअप और हैवी ज्वेलरी की जरूरत नहीं है। हरे आउटफिट की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए हाथों में चूड़ी पहनें और माथे पर बिंदी अवश्य लगाएं। साथ ही अपने मेकअप को भी लाइट रखकर तैयार हों।

# लूज फिटिंग वाली जींस के संग पहनें ऐसी 3 कुर्तियां

यंग गर्ल्स को अक्सर आपने देखा होगा कि वो अपने लुक्स को अपडेट करने के लिए तरह-तरह के एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। ताकि लुक फैशनेबल और क्लासी नजर आ सके। वहीं कुर्तियां और जींस हमेशा से गर्ल्स की पहली पसंद रहती हैं। इनमें लुक स्टाइलिश दिखने के साथ काफी कॉम्फर्टेबल भी रहता है। अधिकतर लड़कियां जींस के संग टॉप और कुर्ती के संग लैगिंग्स वियर करना पसंद करती हैं। ऐसे में यदि आप भी इस लुक को कैरी करते हुए बोर हो चुकी हैं और अपने लुक में फैशन का तड़का लगाना चाहती हैं, तो आज हम आपको जींस और कुर्ती का एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन बताने जा रहे हैं। जिसको कैरी करने के बाद आपका लुक बेहद अट्रैक्टिव नजर आएगा।

### लूज फिटिंग के संग पहनें ये 3 कुर्तियां

यदि आपके पास भी लूज फिटिंग वाली कुर्तियां हैं, तो आप उनके संग यह तीन तरह की कुर्तियां पहन सकती हैं। यह आपको बेहतरीन लुक देंगी।

### हाई स्लिट कुर्ती

यदि आपको अपना लुक स्टाइलिश बनाना है, तो आप उसके संग ऐसी हाई स्लिट कुर्ती का चुनाव कर सकती हैं। यह कुर्ती आपको बेहद स्मार्ट लुक देगी। इसको पहनकर आपका लुक गर्ल्स गैंग में एकदम मॉडर्न नजर आएगा। यह आपकी लूज फिटिंग वाली लाइट कलर की जींस के संग परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट सेट करेगी। ऐसी कुर्तियां अधिकतर शिफॉन फैब्रिक में मिलती हैं। ऐसे में आप इन्हें अपनी चॉइस के हिसाब से प्लेन या फिर प्रिंटेड में खरीद सकती हैं। यह आपको आसानी से ऑनलाइन 400 से 700 रुपये में मिल जाएंगी।

### स्ट्रेट नूडल स्ट्रैप कुर्ती

ऑफिस या ऑफिशियल मीटिंग में कैरी करने के लिए स्ट्रेट कुर्ती बेस्ट रहती हैं। ऐसे में आप अपना लुक थोड़ा और क्लासी बनाने के लिए स्ट्रेट विद नूडल स्ट्रैप कुर्ती को लूज फिटिंग वाली जींस के संग कैरी कर सकती हैं। इस लुक में आप काफी ग्रेसफुल नजर आएंगी। इसके संग आप ऑक्सीडाइज झुमकी, बन हेयर स्टाइल और शूज पहनकर अपना लुक ब्यूटीफुल बना सकती हैं। इस तरह की कुर्तियां आपको प्रिंटेड, चिकनकारी, सितारों, थ्रेड वर्क कई तरह के डिजाइंस में मिल जाएंगी।



### शार्ट आलिया कट कुर्ती

लूज जींस के संग पहनने के लिए शार्ट आलिया कट कुर्ती भी बेस्ट ऑप्शन है। ऐसी कुर्तियां काफी खूबसूरत लगती हैं। इनको आप आसानी से कैरी करके ऑफिस, मीटिंग या फिर ऑउटफिट के लिए भी जा सकती हैं। यह आपको स्मार्ट लुक देने के साथ कंफर्टेबल फील भी कराती हैं। इनमें आपको कई तरह के पैटर्न मिल जाते हैं। जिनको आप अपनी बॉडी टाइप के साथ से खरीद सकती हैं। यह आपको 300 से 600 रुपये की कीमत में आसानी से ऑनलाइन मिल जाएंगी।



# लेपर्ड प्रिंट साड़ी का बढ़ा महिलाओं में क्रेज

फैशन की दुनिया में महिलाएं आए दिन कुछ न कुछ बदलाव करती रहती है। साड़ी से लेकर सूट तक हर आउटफिट को प्रॉपर स्टाइल कर पहनना पसंद करती हैं। इनमें से कुछ महिलाएं ऐसी है, जो साड़ी में भी कई तरह की वैरायटी की साड़ी पहनती है। अगर आपको भी साड़ी पहनने का बहुत शौक है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको लेपर्ड प्रिंट साड़ी डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं।

**ब्लैक एंड व्हाइट लेपर्ड प्रिंट जॉर्जेट साड़ी**–अगर आप बोल्ड और कॉन्फिडेंट लुक पाना चाहती हैं और भीड़ से हटकर दिखना चाहती है, तो आप इस तरह की खूबसूरत ब्लैक एंड व्हाइट लेपर्ड प्रिंट जॉर्जेट साड़ी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप ऑफ शोल्डर ब्लाउज भी शामिल कर सकती हैं। यह आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा।

**एनिमल प्रिंट साटन साड़ी**– यही नहीं फैशन की दुनिया में अगर आप ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह की एनिमल प्रिंट साटन साड़ी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। इसके साथ आप कंट्रास्ट ब्लाउज भी बनवा सकती हैं।

**ब्लैक और ग्रे लेपर्ड प्रिंट साड़ी**–अगर आप भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो ब्लैक और ग्रे लेपर्ड प्रिंट साड़ी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्लीवलेस ब्लैक कलर का ब्लाउज भी शामिल कर सकती हैं। यह आपके लुक को कंप्लीट करने में मदद करेगा। आप चाहे तो इसके साथ एक्सेसरीज और मेकअप भी कर सकती हैं।

**एनिमल प्रिंट प्योर जॉर्जेट साड़ी**–आप इस तरह की खूबसूरत एनिमल प्रिंट प्योर जॉर्जेट साड़ी को स्वीटहार्ट नेक वाले ब्लाउज के साथ शामिल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको डिफरेंट और एलिगेंट लुक देने में मदद करेगी। इसके साथ आप मिनिमल मेकअप और एक्सेसरीज ट्राई कर सकती हैं। ऐसी साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकती है।

# पैंट स्टाइल सूट में पाएं एलिगेंट लुक



ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए सूट बेस्ट ऑप्शन है। हालांकि, बदलते फैशन ट्रेंड के साथ सूट-सलवार आपको कई सारे नए ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। इन सूटस को आप सारे खास मौकों पर स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप अपने फैशन में कुछ न्यू ट्विस्ट लाना चाहती हैं, तो पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट न्यू और एलीगेंट लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है, और इस तरह के सूट में आपका लुक बहुत ही अच्छा लगेगा। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पैंट स्टाइल सूट दिखा रहे हैं। इन सूट्स को स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लगेगा। साथ ही, सूट्स में आप कंफर्टेबल भी महसूस करेंगी।

### प्रिंटेड सूट

सिंपल और अट्रैक्टिव लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंटेड सूट स्टाइल कर सकती हैं। ये देखने में काफी अच्छे लगते हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। आप इस सूट को बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म से 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस सूट में अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग गोल्ड प्लेटेड इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान आप एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद एक रॉयल टच आता है। इन सूट को आप किसी भी पार्टी या फंक्शन में वियर कर सकती हैं। ये सूट आपको ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे।

इस सूट में अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप मोजड़ी स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, मिरर वर्क झुमके इस आउटफिट के साथ स्टाइल करने के बेस्ट रहेंगे।

### थ्रेड वर्क सूट

ऑफिस में क्लासी और एलीगेंट लुक पाने के लिए आप थ्रेड वर्क सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट स्टाइल करने के दौरान आप कंफर्टेबल रहेंगी, साथ ही, स्लिम भी नजर आएंगी। यह सूट आपको कई सारे कलर ऑप्शन्स में मिल जाएंगे, जिन्हें आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस थ्रेड वर्क सूट के साथ अप पर्ल वर्क इयरिंग्स वियर कर सकती हैं और फ्लैट्स इस आउटफिट के साथ आपके लुक को अट्रैक्टिव बनाने का काम करेंगे।

इस तरह के सूट ब्यूटीफुल और एलीगेंट लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस सूट में आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।

# बारिश में झड़ते बालों से परेशान? घर पर बनाएं ये जादुई सीरम



बारिश का मौसम शुरू हो गया है, जो अपने साथ कापी सुहाना मौसम लेकर आता है। इस मौसम में लोग अपने परिवार के साथ घूमना पसंद करते हैं और तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ उठाते हैं। ये मौसम वैसे तो काफी अच्छा होता है, लेकिन अपने साथ ये तमाम दिक्कतें लेकर आता है। इन दिक्कतों में सबसे अहम परेशानी है बालों का झड़ना। बारिश के मौसम में हर दूसरा व्यक्ति हेयर फॉल से परेशान होता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बारिश की वजह से हर तरफ नमी हो जाती है, जो हेयर फॉल का मुख्य कारण है। इसी के चलते हम आपको एक ऐसा सीरम बनाने की विधि बताएंगे, जिसको लगाने के बाद एक हफ्ते में ही आपको असर दिखने लगेगा। इससे हेयर फॉल में काफी राहत मिलेगी।

**हेयर सीरम बनाने का सामान**

- एलोवेरा जेल- 2 टेबलस्पून
- रोजमेरी एसेंशियल ऑयल - 5-6 बूंदें
- नारियल तेल - 1 टेबलस्पून
- गुलाब जल - 2 टेबलस्पून
- विटामिन ई कैप्सूल

**सीरम बनाने की विधि**–अब जान लेते हैं हेयर फॉल रोकने वाले सीरम बनाने की विधि के बारे में तो इसके लिए सबसे पहले तो एक साफ कटोरे में एलोवेरा जेल निकाल लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा नारियल का तेल मिक्स करें। सभी चीजों की मात्रा का आपको खास ध्यान रखना है, वरना ये असर नहीं करेगा। नारियल का तेल मिक्स करने के बाद कटोरे में एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे डालें। इसके बाद विटामिन ई का कैप्सूल तोड़ें और उसे भी कटोरे में मिक्स कर दें। सबसे आखिर में कटोरे में आपको गुलाब जल मिक्स करना है। अब जब कटोरे में सब चीजें पड़ गई हैं तो सभी सामग्री को अच्छी तरह से मिक्स करें। बस ये हेयर सीरम तैयार है, अब इसे एक स्प्रे बोतल या ड्रॉपर बोतल में भर लें।

**ऐसे करें इस्तेमाल**–अब बारी आती है इसते सही इस्तेमाल की तो इस नहाने से दो घंटे पहले अपने बालों में लगाना है। अगर ये स्प्रे वाली बोतल में भरा है तो इसे स्कैल्प पर स्प्रे करें। इसके बाद हल्के हाथों से स्कैल्प पर मसाज करें। दो घंटे के बाद बालों को धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में तीन बार आसानी से कर सकते हैं।

**बरतें ये सावधानी**–यदि आप इस हेयर सीरम को घर पर तैयार कर रहे हैं तो सबसे पहले पैच टेस्ट करें। पैच टेस्ट में ये चेक करें कि कहीं इस सीरम में डाली गई किसी भी चीज से आपको एलर्जी तो नहीं है। अगर एलर्जी हो रही है तो उस चीज को सीरम में न डालें।

**फायदे**– बालों की जड़ों को पोषण मिलता है

हेयर फॉल कम होता है

डैंड्रफ की समस्या भी कम हो सकती है

बाल मजबूत और चमकदार बनते हैं।



–ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 03 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिणअयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, अष्टमी तिथौ गुरु वासरे 14/07/ हस्त नक्षत्रे 13/51/ परिध योग 18/36/ बव करणे 14/07/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.27मि.16पर।

**व्रत एवं त्यौहार**– श्री दुर्गाष्टमी व्रत। खार्वी पूजा(त्रिपुरा)।

**मेष** : कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष** : रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन** : आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क** : गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह** : जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या** : व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला** : वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक** : सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु** : शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर** : बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ** : यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन** : पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

## खबर एक नजर

### स्टाफ नर्स की फेसबुक और व्हाट्सएप हैक कर फोटो व वीडियो किए वायरल, आरोपी दानिश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे की एक दलित युवती ने ट्रामा सेंटर में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत होते हुए गंभीर साइबर अपराध का शिकार हो गयी। उसने इस आशयए की कोतवाली पुलिस से शिकायत की। पीड़िता का कहना है कि कस्बे के आज़ाद नगर मोहल्ला निवासी युवक दानिश ने उसकी फेसबुक और व्हाट्सएप आईडी हैक कर निजी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। युवती ने बताया कि वह मूल रूप से लालगंज के एक मोहल्ले की रहने वाली है और वर्तमान में अमेठी जनपद के ट्रामा सेंटर में बतौर स्टाफनर्स कार्यरत है। उसका आरोप है कि आरोपी दानिश काफी समय से उसे परेशान कर रहा था और निजी जानकारियों को वायरल कर ब्लैक मेलिंग का प्रयास भी कर रहा था। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो दानिश ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। युवती ने मामाले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई। इस पूरे मामले ने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं व महिलाओं की डिजिटल सुरक्षा पर फिर सवाल खड़ा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी दानिश के खिलाफसम्बन्धित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहें हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### एसडीएम ने ली बीएलओ की बैठक, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए दिए जरूरी निर्देश

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील सभागार में बुधवार को विधानसभा 179 हरचंदपुर के अंतर्गत समस्त सुपरवाइजर व बीएलओ की बैठक एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी सुपरवाइजरों व बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आगामी निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं एवं महिलाओं की सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। आयोग के निर्देशों के क्रम में 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों के संभाजन एवं समायोजन के लिए विशेष चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी तहसीलदार शंभू शरण पांडेय, नायब तहसीलदार शिवम राठौड़ के अलावा विपिन गुप्ता, दिलीप पटेल समेत सभी सुपर वाइजर व बीएलओ मौजूद रहे।

### न्याय दिलाने के लिए हर स्तर की लड़ाई लड़ेगा चौहान गुट-जीसी सिंह चौहान

**रायबरेली।** बीती 01 जुलाई को थाना खीरों के अंतर्गत ग्राम महारानीगंज के गल्ला व्यापारी सुखदेव की चाकुओं से गोदकर और गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके साथ ही अपने पति को बचाने आई उसकी पत्नी को भी जान से मारने की नियत से हमला किया गया। जिसका इलाज एम्स में चल रहा है। जिसको लेकर आज ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट टीम अपने पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ पीड़िता के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ साथ शासन प्रशासन से व्यापारी की हत्या की सीबीआई जांच कराने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने, पीड़ित परिवार के सदस्यों को समुचित सुरक्षा दिलाने, पीड़िता का इलाज जो एम्स में चल रहा है उसका इलाज डॉक्टरों की टीम गठित करके करवाने के साथ साथ वो चश्मदीद गवाह होने के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा दिलवाई जाए, मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाई जाए और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने कहा कि हमारी बात पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह से हो गई है उन्होंने कहा कि आपकी उपरोक्त 6 मांगों में से 5 मैं मानता हु और 6वीं नौकरी वाली मांग को लेकर मैं पूरा प्रयास करूंगा और आप भी अपने स्तर से प्रयास करें। साथ श्री चौहान ने कहा कि पीड़ित परिवार की हर तरह की मदद चौहान गुट व्यापार मंडल करेगा और न्याय दिलाने में रायबरेली से लेकर लखनऊ तक की लड़ाई चौहान गुट लड़ने का काम करेगा। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर की लड़ाई लड़ेगा चौहान गुट। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो0 उमर, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, रमाशंकर शुक्ला, सरवरी बेगम, ताहिरा बेगम, बबीता, राजेश कुमार सोनी, भोला शुक्ला, संजय निर्मल, शुभम निर्मल सहित सैकड़ों पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

### सुखदेव की हत्या के बाद पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**रायबरेली।** जिले सेमरी के महारानीगंज में गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। जंगलराज कायम है। हर मोर्चे पर सरकार विफल है। बीती सोमवार रात को महारानीगंज में गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी और उनकी पत्नी सरोजिनी पर घर में घुसकर हमला किया गया था। बदमाशों ने दंपती पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। इसमें सुखदेव लोधी की मौके पर ही मौत हो गई थी तो सरोजिनी गोली लगने से घायल हो गई थीं। जिनका इलाज एम्स में चल रहा है। व्यापारी हत्याकांड के बाद से प्रदेश की सियासत भी गर्म हो गई है। वहीं सांसद राहुल गांधी ने इस घटना पर मंगलवार को ही जानकारी ली थी। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को एम्स पहुंचे। उनकी सरोजिनी से मुलाकात नहीं हो सकी। कारण वह केयर यूनिट में भर्ती हैं। इस पर अजय राय से चिकित्सक से बातचीत की। बताया गया कि सरोजिनी की हालत स्थिर है। गोली निकाल ली गई है। चिकित्सक से बात करने के बाद उन्होंने सरोजिनी की बेटी रागिनी से भी बातचीत की। एम्स के बाहर निकलते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। योगी कहते है कि जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। कानून व्यवस्था एकदम फिट चल रही है। यह कैसी कानून व्यवस्था है कि घर के अंदर व्यापारी को मारा जा रही है। अब तो घर के भीतर भी लोग सुरक्षित नहीं है। गाजियाबाद की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि बदमाश गाजियाबाद में पहले एक घर के बाहर गोली चलाते हैं और जब पिता थाने पहुंचता है और एफआईआर लिखाता है तो बेटे को गोली मार दी जाती है। पूरे प्रदेश में जंगलराज है। व्यापारी की हत्या के बाद से रायबरेली में भी जंगलराज कायम हो गया है। बताया कि सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर वह व्यापारी की घायल पत्नी को देखने आए हैं। कहा कि प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पुलिस का इकबाल खत्म हो जाएगा। यूपी में केवल हिंदू मुस्लिम की राजनीतिक कर बंटवारा किया जा रहा है। असल में भाजपा की राजनीति इसी से चलती है। बताया कि सपा के साथ गठबंधन से पहले 403 विधानसभाओं में पार्टी को मजबूत करना है। साथ ही पंचायत चुनाव को लेकर भी तैयारी की जा रही है।

### छह माह के संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी

**रायबरेली।** तहसीलों में माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का जुलाई से दिसंबर माह तक के लिए रोस्टर जारी कर दिया गया है। डीएम हर्षिता माथुर पांच जुलाई को लालगंज, 19 जुलाई को ऊंचाहार, दो अगस्त को सलोन, 16 अगस्त को महराजगंज, छह सितंबर को सदर, 20 सितंबर को डलमऊ, चार अक्तूबर को लालगंज, 18 अक्तूबर को ऊंचाहार, एक नंबर को सलोन, 15 नवंबर को महराजगंज, छह दिसंबर को सदर और 20 दिसंबर को डलमऊ में शिकायत सुनेंगी। इसी तरह सीडीओ अर्पित उपाध्याय पांच जुलाई को डलमऊ, 19 जुलाई को सलोन, दो अगस्त को ऊंचाहार, 16 अगस्त को सदर, छह सितंबर को महराजगंज, 20 सितंबर को लालगंज, चार अक्टूबर को डलमऊ, 18 अक्टूबर को सलोन, एक नवंबर को ऊंचाहार, 15 नवंबर को सदर, छह दिसंबर को महराजगंज और 20 दिसंबर को लालगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनेंगे। एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, एडीएम वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह, एडीएम न्यायिक विशाल यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी किया गया

## हर्षोल्लास से मनाया गया डॉक्टर्स डे, विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली शाखा द्वारा, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के पावन अवसर पर एक दिवसीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र के प्रति समर्पण दिखाने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करना और समाज में स्वास्थ्य एवं सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। भारत में डॉक्टर्स डे हर साल 1 जुलाई को मनाया जाता है यह दिन महान चिकित्सक, शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है, जिनका जन्म और निधन दोनों ही 1 जुलाई को हुआ था वे भारत के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सकों में से एक थे और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी रहे। उन्हें चिकित्सा एवं सार्वजनिक सेवा में अतुलनीय योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। डॉ रॉय ने भारतीय चिकित्सा पद्धति को एक नई दिशा दी और चिकित्सा को समाज सेवा से जोड़ने का कार्य किया उनके जीवन और कार्यों को श्रद्धांजलि देने हेतु भारत सरकार द्वारा 1991 से हर वर्ष 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की गई। इंडियन मेडिकल एसोशिएशन आईएम रायबरेली इकाई की ओर से डॉक्टर्स डे धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। रक्तदान की शुरुआत आईएमए अध्यक्ष डा0 संजीव जायसवाल ने की। इस मौके पर सचिव डा0 अनुपम दीक्षित, डा0 बृजेश बहादुर सिंह, डा0 मनीष चौहान, डा अमिता दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में सायं काल एक भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन एक होटल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए आईएमए अध्यक्ष डा0 संजीव जायसवाल ने मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा0 पीके अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि विश्व प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डा0 अनुज माहेश्वरी को सम्मानित किया। इसके अलावा शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों जिसमें डा0 एएस वर्मा, डा0 एआर त्रिपाठी, डा0 अजय श्रीवास्तव, डॉ बृजेश सिंह आदि को सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने वाले आईएमए परिवार के सदस्यों के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें सौन्दर्या जायसवाल, ऐश्वर्या सिंह, अर्चिता दीक्षित, सार्थक दीक्षित, सत्यांश सिंह, डा0 सिद्धार्थ गुप्ता, डा0 अनुकृति सिंह आदि थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मेंए डा0 केएस सिंह, डा श्वेता जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ अतुल अग्रवाल, सचिव डॉ अनुपम दीक्षित, कोषाध्यक्ष डा सीबी सिंह, डॉं डी आर मौर्या, डॉं तहसीन खॉंन, डॉ शैलजा गुप्ता, डॉ सुमेधा रस्तोगी, डॉ संजय रस्तोगी, डॉ ओमिका चौहान एवं डॉ पूजा त्रिवेदी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहाण्कार्यक्रम का सफ ल संचालन डा0 धर्मेन्द्र सिंह एवं डा श्वेता वर्मा द्वारा किया गया।

## संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने निकाली रैली



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** ब्लक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में 1 जुलाई से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण गतिमान है, जिसके अंतर्गत स्कूल में आने वाले सभी बच्चों का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा रोली चंदन का टीका लगाकर किया गया। बच्चों का माल्यार्पण द्वारा भी स्वागत किया गया। कई विद्यालयों को गुब्बारों से सजाया भी गया। प्राथमिक विद्यालय आलमपुर में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा ने आए हुए स्कूली बच्चों का स्वागत किया। साथ ही संचारी रोगों की रोकथाम की शपथ भी बच्चों को दिलाई। ब्लॉक में इस समय संचारी माह संचालित है, जिसमें बच्चों को संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विद्यालयों द्वारा रैली निकाल ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय चिलौला में बच्चों ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए रैली निकाली।

## इनरव्हील क्लब ने अपोलो मेडिक्स के साथ चिकित्सकों को किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** महिलाओं की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब की रायबरेली शाखा ने 1जुलाई को चिकित्सक दिवस के अवसर पर अपोलो मेडिक्स, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर एक परिचर्चा का आयोजन करवाया जिसमें अपोलो अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 राधिका बाजपेई और डॉ0 आसना जेहरा नकवी ने गर्भधारण, माहवारी, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मेनोपॉज़ आदि विषयों पर जानकारी दी

और महिलाओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। तत्पश्चात अध्यक्ष वैशाली चन्द्रा और सचिव अलका द्विवेदी ने दोनों महिला चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। क्लब की सदस्य डॉ 0 सुमेधा रस्तोगी, डॉ0 शैलजा गुप्ता और डॉक्टर अलका त्रिपाठी को भी पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता तथा कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। क्लब की अध्यक्ष वैशाली चन्द्रा ने कहा कि चिकित्सक बिना रुके, बिना थके मानवमात्र की सेवा करते हैं, चिकित्सक दिवस पर क्लब के नवीन सत्र का आरंभ गौरवान्वित करने वाला है। अपोलो मैडिक्स हॉस्पिटल ने इस अवसर पर क्लब की महिला सदस्यों को फ्री हेल्थ चेकअप का कूपन वितरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन भावना चांदवानी ने किया। इस अवसर पर रेखा जीवनानी, मंजू सिंह, अलका पांडे, शिल्पी सिंह, अल्पना पीयूष, स्वाति अग्रवाल, नीरज गुप्ता, आशिका जैन, पारुल अग्रवाल, गुंजन कक्कड़, साधना सिंह, कोमल, तृषा, वरुशा कृष्णा, ज्योति अग्रवाल आदि कई सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## राजेंद्र मौर्या बने समाजवादी लोहिया वाहिनी ऊंचाहार के विधानसभा अध्यक्ष



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ई0 वीरेंद्र यादव ने लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष फहीम अहमद की अनुशंसा पर राजेंद्र मौर्या को समाजवादी लोहिया वाहिनी ऊंचाहार का विधान सभा अध्यक्ष बनाया। इस अवसर पर फहीम अहमद ने कहा कि राजेश मौर्य के विधानसभा अध्यक्ष बनने से समाजवादी पार्टी ऊंचाहार विधानसभा में मजबूत होगी और वह नौजवानों के बीच में समाजवादी पार्टी के कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें ज्यादा से ज्यादा संख्या में समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। इस अवसर पर लोहिया वाहिनी के विधानसभा ऊंचाहार के अध्यक्ष बनाए गए राजेश मौर्य ने कहा कि उनको जिला अध्यक्ष फहीम अहमद के द्वारा और समाजवादी पार्टी के द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी गई वह इसका बखूबी निर्वहन करेंगे।

समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव, पूर्व लोकसभा प्रभारी उन्नाव, सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली के संयुक्त मंत्री गोविंद सिंह एडवोकेट ने कहा कि लोहिया वाहिनी के नए बने विधानसभा अध्यक्ष राजेश मौर्य पार्टी के लिए तन मन धन से काम करने का काम करेंगे। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के सदर विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कैफ , रेहान कजियाना, संगम यादव, मोहित यादव, अरविंद चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा वृहद स्वच्छता अभियान-डीपीआरओ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में 01 से 31 जुलाई तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि 02 दिवस में जनपद के 310 ग्राम पंचायतों में 1591 सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया गया, साथ ही साफ-सफाई के दौरान ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को ई-रिक्शा के माध्यम से एकत्रित कर निस्तारित कराये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया है कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाए गए कर्मचारियों के कार्यों का मेरे द्वारा रैण्डम आधार पर भी निरीक्षण किया जाएगा तथा क्रॉस वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी पं0 को नामित किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यों एवं नामित कर्मचारियों की उपस्थिति का अनुश्रवण किया जा रहा है। जिसमें किसी भी कर्मचारी के कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर टीम भावना के साथ ग्राम पंचायत में झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य किया जा रहा है।

## मृतक गल्ला व्यवसायी के परिजनों ने शासन को भेजा मांग पत्र पुलिस के संरक्षण में किया अंतिम संस्कार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सेमरी के कस्बा महरानीगंज में सोमवार की रात गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी 45 पुत्र दयाराम लोधी की छत पर सोते समय अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। उनकी पत्नी सरोजनी को भी गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसका एम्स में इलाज चल रहा है। खीरों पुलिस मृतक गल्ला व्यापारी के बड़े भाई आनन्द पाल लोधी की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। बुधवार को मृतक गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी का शव घर पहुंचने पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जिससे प्रशासनिक अधिकारी और कई थानों का पुलिसबल सेमरी के महरानीगंज पहुंच गया। परिजनों ने एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, सीओ लालगंज गिरिजा शंकर त्रिपाठी, सीओ डलमऊ के सामने अपनी मांगे रखी। जिसमें मृतक के परिजनों ने मृतक आश्रितों को एक करोड़ की नकद आर्थिक सहायता, मृतक की बड़ी बेटी को सरकारी नौकरी, मृतक की घायल पत्नी सरोजनी का सरकारी खर्चे पर इलाज, बच्चों के भरण पोषण और सुरक्षा की जिम्मेदारी, हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया। तब परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से मृतक की बेटी रागिनी, शालिनी, बेटों आयुष और अयांश सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उपजिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित परिवार से जो मांग पत्र प्राप्त हुआ है उसको उचित माध्यम से शासन तक पहुंचाकर पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जायेगी। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। घटना का खुलासा करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की मदद भी ली जा रही है। शीघ्र ही गल्ला व्यापारी की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। घटना की सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने महरानीगंज पहुंचकर पीड़ित परिवार और व्यापारियों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार और व्यापारियों से कहा कि इस घटना को लेकर वह स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर पीड़ित परिवार की हर संभव मदद और व्यापारियों की सुरक्षा तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग करेंगे।

## नव मनोनीत पदाधिकारी गणों की प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत पदाधिकारी गणों की ''प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह'' सांसद आवास भुएमऊ में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्अजय राय ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए हिन्दु-मुसलमान करती है, 5000 सरकारी स्कूलों को बंद कर सरकार शराब खाने खोल रही है, यह देश का दुर्भाग्य है कि स्कूल बंद हो रहे है और शराब की दुकाने खुल रही है, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर लड़ रही है, इसीलिए जनता का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद अमेठी केएल शर्मा जी ने कहा कि जननायक सांसद राहुल गांधी पूरे देश में महिलाओं, पिछड़ो, अल्पसंख्यको और दलित वर्गो को आगे लाकर संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दिये जाने की बात करते रहे है, उनकी इसी मंशा का सम्मान करते हुए रायबरेली के नव मनोनीत पदाधिकारियों में इन सभी वर्गो की भागेदारी सुनिश्चित की गई है, रायबरेली और अमेठी का संगठन पूरे देश और प्रदेश के लिए उदाहरण है, शीर्ष नेतृत्व की मंशानुसार रायबरेली संगठन में सभी वर्गो की हिस्सेदारी का ध्यान रखा गया है, सांसद ने सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र प्रदान कर कमेटी में स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी वर्गो को संगठन में उचित स्थान मिलने से जनपद में कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी, उन्होने कहा कि जल्द ही पदाधिकारियों को उनके प्रभार क्षेत्र सुनिश्चित कर संगठन को बूथ स्तर पर और मजबूत किया जायेगा। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब अपने जन प्रिय नेता राहुल गांधी के सिपाही है, संविधान और लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में हम सब अपने नेता के साथ खड़े है। जिला संयोजक रायबरेली इन्दल कुमार रावत ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी राहुल गांधी का परिवार है। निश्चित रुप से आप सभी की सहभागिता से संगठन और मजबूत है। कांग्रेस जिला प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी में एक कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रभारी सहित 80 लोंगो को स्थान मिला है, जिनमें 10 उपाध्यक्ष, 14 महामंत्री और 53 सचिव शामिल है, इसी प्रकार शहर कांग्रेस कमेटी में एक कोषाध्यक्ष, एक शहर प्रवक्ता सहित 48 पदाधिकारियों को स्थान मिला है, जिनमें 10 उपाध्यक्ष 11 महामंत्री और 25 सचिव शामिल है। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने किया।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत एक घायल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली अयोध्या हाईवे पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, रोड से गुजरे लोगों ने घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे का उपचार जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। दूसरी तरफ दुर्घटना में शामिल चालक स्कॉर्पियो समेत मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे सोहबत तकिया मजरे अमावा गांव निवासी शराफत अली उर्फ कालिया 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय अब्दुल खालिद अपने भतीजे राज 30 वर्ष के साथ मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के समरहदा गांव के मोहर्रम के मातम में शामिल होने के लिए जा रहा था। बाइक भतीजा राज चल रहा था, जबकि कालिया पीछे बैठा था। रात करीब 9.00 बजे दुसौती चौराहे के पास पीछे से आई तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कालिया की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना में कालिया और राज दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रोड से गुजरे राहगीरों ने दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां कालिया को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि राज का उपचार जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है और दुर्घटना में शामिल स्कार्पियो चालक की तलाश की जा रही है। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया शव पीएम में भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटना में शामिल स्कॉर्पियो की तलाश जारी है।

# तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारतहैदरगढ़ बाराबंकी** ।तहसील हैदरगढ़ में व्याप्त भ्रष्टाचार के सम्बन्ध कई बार लिखित व मौखिक शिकायत किये जाने के बावजूद तहसील प्रशासन द्वारा अभी तक कोई सुधार न किए जाने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने आज तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र, महामंत्री सुनील त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप सिंह पूर्व महामंत्री कुंवर बहादुर यादव, संजय सिह,रूपनारायण वर्मा,विजयराज,राजेश तिवारी,जगदीश प्रसाद शर्मा,विजेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह,के के शर्मा ,अजय प्रताप,पवन त्रिवेदी,सुनील तिवारी,विभोर गुप्ता,सोमिल शुक्ला सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## नहर के पानी को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** धान की रोपाई के लिए नहर के पानी को लेकर दो पक्षों मे हुई मारपीट मे दो लोगो के फावड़ा लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया जिन्हे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बताते चले कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहरामऊ निवासी अमित कुमार पुत्र स्वर्गीय राम मिलन की ग्राम बड़ागांव मे कृषि भूमि है वही पर मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम डेहवा निवासी अमित कुमार पुत्र दिनेश प्रसाद ने खेती बटाई ले रखी है मंगलवार को रहरामऊ निवासी अमित अपने खेत मे धान की तैयारी के लिए नहर से पानी लगा रखा था तभी डेहवा निवासी अमित व आकाश ने आकर पानी अपने खेत मे बांध लिया जिस पर दोनो पक्षों मे कहासुनी होते ही अमित और आकाश ने रहरामऊ निवासी अमित पर जोरदार फावडे से प्रहार कर दिया जिसे बचाने के लिए दौ शिवकुमार पर भी हमला कर दिया।

## नेपाल से छोड़ा २.६५ लाख क्यूसेक पानी तेजी से बढ़ रहा है घाघरा नदी का जलस्तर

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** नेपाल से 2.65 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जिले की रामनगर और सिरौली गौसपुर तहसीलों में सरयू (घाघरा) नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी का बहाव इतना तीव्र है कि तराई क्षेत्र में कटान ने भयावह रूप ले लिया है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं।सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के तेलवारी, कहारनपुरवा और सनावा गांवों के निवासियों ने बताया कि कल शाम से ही पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। सरयू नदी का बढ़ा हुआ जलस्तर खासकर सनावा और टेपरा गांवों में भीषण कटान की समस्या पैदा कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ खंड द्वारा कटान रोकने के लिए किए जा रहे प्रयास अब तक निष्फल साबित हुए हैं।स्थानीय लोगों में प्रशासन के कटान रोधी कार्यों को लेकर भारी असंतोष है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि जहां वास्तव में कटान हो रही है, वहां पर्याप्त संख्या में एंटी-कटान पॉइंट नहीं लगाए जा रहे हैं। इसके उलट, जहां कटान का कोई खतरा नहीं है, वहां बेवजह कटान रोकने का कार्य किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है।वहां पर्याप्त संख्या में एंटी-कटान पॉइंट नहीं लगाए जा रहे हैं। इसके उलट, जहां कटान का कोई खतरा नहीं है, वहां बेवजह कटान रोकने का कार्य किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है।सनावा और तेलवारी गांव के हीरालाल और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो दिनों में सरयू नदी का जलस्तर काफी ऊपर आ गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर बाढ़ खंड के अवर अभियंता प्रदीप वर्मा ने केवल इतना कहा कि कटान रोकने के लिए कार्य किया जा रहा है।नदी के बढ़ते जलस्तर और तेज कटान से तराई क्षेत्र के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि उनके खेत और घर नदी में समाने का खतरा मंडरा रहा है।

# बीडीओ ने संभाली महादेवा मेले में सफाई व्यवस्था की कमान

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** महादेवा मेले में सफाई व्यवस्था की कमान स्वयं खंड विकास अधिकारी रामनगर जितेंद्र कुमार ने संभाल ली है।बुधवार को ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला के साथ खंड विकास अधिकारी ने स्वयं बहोनिया तालाब पर खड़े होकर सफाई करवाई। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एसडीएम और बी डी ओ ने पूरे प्रशासनिक अमले के साथ महादेवा मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया था जिसमें सबसे अधिक गंदगी दिखाई दी थी। हालांकि महादेवा क्षेत्र सूरतगंज ब्लाक में आता है लेकिन बुधवार को सुबह ही बी डी ओ रामनगर जितेंद्र कुमार ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला के साथ मेला क्षेत्र में पहुंच गए और अपने सामने खड़े होकर बहोनिया तालाब अभरन सरोवर आदि स्थानों पर सफाई करवायी और ड्यूटी पर लगे सफाई कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ काम करने की निर्देश दिए।



बी डी ओ ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा मंदिर इस जनपद का गौरव है यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिले और साफ सफाई व्यवस्था बनी रहे या हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। ज्ञात हो कि पूरे मेला क्षेत्र को सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत सेक्टरों में बांट दिया गया है सभी सेक्टरों में सफाई कर्मियों की तैनाती करके निगरानी करने के लिए सुपरवाइजर लगाए गए हैं। ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला ने बताया कि मेला क्षेत्र में 68 सफाई कर्मी सूरतगंज ब्लॉक के 40 सफाई कर्मी रामनगर ब्लॉक के तैनात किए गए हैं 14 सुपरवाइजर को लगाया गया है। इसके अलावा नगर पंचायत रामनगर की 8 सफाई कर्मी लगाए गए हैं उन्हें केसरी पुर रेलवे क्रॉसिंग से लेकर ऑडिटोरियम तक जिम्मेदारी दी गई है ।

## खबर एक नजर

### संठनात्मक चुनाव हुए सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी पंचायत के हुए संठनात्मक चुनाव मे आनंद कुमार सिंह को अध्यक्ष एव शंभूनाथ पाठक को तो जानकीराम मीडिया प्रभारी बनाया गया है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला एव जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडले की मौजूदगी मे संगठन चुनाव को लेकर हुई बैठक मे सर्वसम्मति पदाधिकारीयों को चुना गया जिसमे आनंद कुमार सिंह को बाराबंकी इकाई का अध्यक्ष, अनिल कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, शंभूनाथ पाठक को मंत्री, विजय कुमार को कोषाध्यक्ष, सम्प्रेक्षक के रूप मे शैलेन्द्र कुमार दुबे, मीडिया प्रभारी के लिए जानकीराम को चुना गया। नवनिर्वाचित संघ के पदाधिकारियों को अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे ने पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मेंहदी कटरा वार्ड स्थित हाजी दारोगा स्कूल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज करीब 3:30 बजे किया गया। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहें। इस दौरान विद्युत विभाग से संबंधित कई प्रकरण सामने आए जहां पर जेई मिर्जा परवेज हुसैन ने जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। वही नगर पंचायत प्रशासन को लेकर कई प्रमुख समस्याएं आई। इसके साथ ही पुलिस विभाग से 1 शिकायत दर्ज नहीं की गई।जिसपर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने तत्काल निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ राजस्व विभाग से कानून गो और क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा भी समस्याएं सुनी गई।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी सभासद तफज्जुल हुसैन, सभासद गण मो आलम, मो सुफियान, निजामुद्दीन, प्रधान तव्वाब अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

### अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले में अनफिट स्कूली वाहनो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के तहत आज भी परिवहन विभाग पूरी तरह से मुस्तैद रहा। दूसरे दिन चेकिंग अभियान के दौरान 2 गाड़ियों को सीज किया गया, जबकि 8 चलान किए गए। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से हड़कंप सा मचा रहा। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम ने लखनऊ-अयोध्या हाईवे स्थित जयपुरिया स्कूल के अंदर खड़े वाहनें की भी जांच की। बता दें कि परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 जुलाई तक अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी श्रविचन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने संघन चेकिंग के दौरान पत्रावलियो की जांच करते हुये विभिन्न स्कूलों के 2 वाहनों को सीज एंव 8 वाहनों के चालान किये। इसके उपरान्त एआरटीओ, पीटीओ, आरआई द्वारा जयपुरिया स्कूल मे पहुंचकर परिसर मे ख? वाहनों का निरीक्षण कर फिटनेस एंव अन्य मानकों की स्थिति को जांचा तथा सम्बधित स्कूल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### इमाम कासिम की याद में निकाला गया मेहंदी का जुलूस

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी ।** सुरसंडा में मोहर्रम के पावन अवसर पर इमाम कासिम की याद में मेहंदी का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मीरा शाह मस्जिद से पांच मोहर्रम को शुरू हुआ। इस्लामी नया वर्ष 1447 हिजरी जुमा के दिन से आरंभ हुआ है। मोहर्रम की पहली तारीख से घर-घर में मजलिस का आयोजन शुरू हो जाता है। मोहर्रम के दसवें दिन को आशूरा कहा जाता है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। मोहर्रम का चांद दिखते ही नैहा खवानी, मजलिसों और लंगरों का आयोजन शुरू हो जाता है। जुलूस के दौरान जगह-जगह चाय और कॉफी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में जब्बार अहमद एडवोकेट, प्रधान प्रतिनिधि धीरज कुमार, सिराज अहमद डाकिया और एतबार अली समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इंतजामिया वसी खान रानू के साथ पत्रकार शाहिद हुसैन, कादीर खान, मिथुन खान, फरहान खान और तौसीफ राजा भी उपस्थित थे। मसौली थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शमशाद अली, उप निरीक्षक अभय गुप्ता, पंच बहादुर सिंह और रमेश चंद्र की निगरानी में जुलूस का सकुशल समापन हुआ। आरक्षी लवकुश कुमार सिंह, संजय विश्वकर्मा, रत्नेश पांडे, अनीश और विनोद कुमार यादव समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### चार मादक पदार्थ तस्कर हुए गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के थाना मसौली पुलिस द्वारा 04 मादक पदार्थ तस्कर/अभियुक्तों को गिरफ्तार उसके कब्जे से 281 ग्राम अवैध मारफीन व घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्तगण मो0 सालिम पुत्र मो0 आदिल निवासी मो0 मस्तान नगर कस्बा व थाना मसौली जनपद बाराबंकी, मैनुद्दीन उर्फ सारिक पुत्र फखरूद्दीन, मो0 कैफ पुत्र निसार वारिस निवासीगण मो0 कटरा कस्बा व थाना मसौली जनपद बाराबंकी व मो0 उजल पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी ग्राम शाहपुर थाना मसौली जनपद बाराबंकी को धरौली तिराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 281 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर मु0अ0सं0 288/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।अभियुक्तगणों द्वारा अपने अन्य साथियों से मारफीन खरीद कर आस-पास के क्षेत्रों में बेचकर अपने शौक को पूरा किया जाता है। अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

### दुराचार करने के आरोपी बहनोई को आजीवन कारावास

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट प्राण विजय सिंह ने मंदबुद्धि बालिका से दुष्कर्म के एक मामले में अभियुक्त बहनोई को आजीवन कारावास व ?20000 जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अजय सिंह, योगेंद्र सिंह व पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि मामला कोतवाली देवा क्षेत्र के एक गांव का है। यहीं के वादी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी 11 वर्षीय बहन मंदबुद्धि की है। 5 दिन पहले वह अपनी बहन के यहां गई थी। 20 मई को उसका बहनोई अजय गौतम बालिका को बुला कर खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया ।

# संतान के जन्म पर पौधरोपण महाअभियान का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** पर्यावरण संरक्षण को जीवन के अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण से जोड़ते हुए संतान जन्म के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण महाअभियान 2025 का शुभारंभ कल जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में किया गया। यह अभियान 01 से 07 जुलाई तक जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में संचालित होगा, जिसके अंतर्गत जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु के अभिभावकों को एक सागौन का पौधा एवं ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ जिलापंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत एवं जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में हुआ। इस अवसर पर सोमवार को जन्मे 09 नवजात शिशुओं के परिजनों को सागौन के पौधे एवं ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलापंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत ने इस अभियान को नवजीवन और प्रकृति के मध्य एक सुंदर सेतु बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आप सभी अपने नवजात शिशु की कोमलता, स्नेह और ममता से देखभाल करते हैं, ठीक उसी प्रकार इस पौधे को भी पालें-पोसें। यह पौधा न केवल आपके बच्चे के नाम से जुड़ा एक हरित स्मृति चिन्ह होगा, बल्कि आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मूल्यवान योगदान भी बनेगा।उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि इस अभियान से प्रेरणा लेकर पौधरोपण को जीवन की परंपरा बनाएं।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि यह पौधा नवजात के लिए एक फिक्स्ड डिपॉजिट की भांति है। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होगा, यह पौधा भी बढ़ेगा और पर्यावरणीय संतुलन, भावनात्मक जुड़ाव और भविष्य में एक आर्थिक संभावना के रूप में खड़ा रहेगा। उन्होंने इस अभिनव सोच के लिए वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा यह पहल बाराबंकी को हरित जनपद के रूप में नई पहचान दिलाने में सहायक होगी।प्रभागीय वनाधिकारी आकाश बधावन ने इस अवसर पर अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य नवजात के जन्म जैसे पवित्र अवसर को पर्यावरणीय जिम्मेदारी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट एक प्रमाण-पत्र होगा जिसमें नवजात शिशु का नाम, जन्म तिथि, पौधे की प्रजाति व स्थान अंकित रहेगा। यह न केवल एक भावनात्मक दस्तावेज होगा, बल्कि पौधों की देखभाल व निगरानी हेतु वन विभाग एक सतत प्रणाली विकसित कर रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश यादव, सीएमएस महिला चिकित्सालय डॉ प्रदीप, सहित स्वास्थ्य, वन एवं प्रशासनिक विभागों की टीमों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बैठक संपन्न

**स्वतंत्र भारत।** अवसानेश्वर मार्ग पर कस्बा स्थित मां चंद्रिका ऑटोमोबाइल्स पर बुधवार को व्यापारियों की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल एवं प्रांतीय महामंत्री सचिन कंछल की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों की फर्टिलाइजर, जीएसटी, इन्कम टैक्स एवं नगर की समस्याओ पर चर्चा की गई । अध्यक्ष द्वारा समस्त समस्याओं के निदान को लेकर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया । बैठक में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष शिवकुमार चतुर्वेदी, महामंत्री जितेंद्र सिहल व संजीव गोयल, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह व कृष्ण कुमार शुक्ला, नगर अध्यक्ष पप्पू सिद्दीकी,महामंत्री रामशरण साहू,वरिष्ठ व्यापारी राज कुमार अग्रवाल,शैलेंद्र सिंहल, राम झुनझुनवाला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## विधायक के काफिले की ४० गाड़ियां टोल बिना निकलीं, जमकर हंगामा

**स्वतंत्र भारतहैदरगढ़ बाराबंकी** ।लखनऊ‍सुल्तानपुर हाईवे पर गोतौना गाँव के निकट पड़ने वाले टोल प्लाजा पर विधायक के समर्थकों ने बुधवार की सुबह जमकर हंगामा किया और बिना टोल दिए ही 40 गाड़ियां जबरदस्ती निकाल लीं गई।उल्लेखनीय हैं कि लखनऊ‍सुल्तानपुर हाईवे पर गोतौना गांव के पास पड़ने वाले बारा टोल प्लाजा पर बुधवार की सुबह 10बजकर20 मिनट पर उस समय हंगामा हो गया, जब अपना दल (एस) के एक विधायक के काफिले में चल रही करीब 40 गाड़ियां टोल टैक्स दिए बिना टोल प्लाजा से पार करा दी गईं।इस घटना को देखने वाले लोगों के अनुसार टोलकर्मियों ने विधायक की गाड़ी को तो पहले निकाल दिया, लेकिन उसके बाद पीछे-पीछे आ रहे समर्थको के दर्जनों वाहनों को रोकने की कोशिश की। इसी को लेकर टोलकर्मियों और विधायक समर्थकों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हंगामे में बदल गई।मौके पर तैनात पुलिस के गनर और समर्थकों ने मिलकर काफिले के सभी वाहनों को जबरन बैरियर हटवाकर टोल प्लाजा से पार कराया। विवाद बढ़ता देख स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात को किसी तरह शांत कराया।टोल मैनेजर ने इस मामले में जहाँ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं एनएचएआई के अधिकारियों के अलावा इसकी सूचना अपनी कंपनी के अधिकारियों को भेजी है। वहीं इस घटना को लेकर टोल कर्मचारियों में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि विधायक किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बनारस से लखनऊ की ओर जा रहे थे।

## एसडीएम व बीडीओ ने तराई क्षेत्र के गांवों का किया भ्रमण



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया लेकिन स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है । मंगलवार शाम एसडीएम और बी डी ओ ने पुरे दलबल के साथ घाघरा के किनारे बसे गांवों का निरीक्षण कर घाघरा की स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।रुक रुक कर हो रही बारिश एवं पड़ोसी देश नेपाल के द्वारा छोड़े गए पानी से सरयू नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है जिससे बाढ़ की आशंका बलवती हो गई है लेकिन अभी तक स्थिति सामान्य है।उप जिलाधिकारी विवेकशील यादव ने खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार तहसीलदार विपुल कुमार सिंह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी के साथ घाघरा नदी के किनारे बसें तपेसिपाह कोरिन पुरवा जैन पुरवा का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की तरह उन्हें सतर्क रहने को कहा। उप जिलाधिकारी ने बताया घाघरा का जलस्तर बढ़ रहा है लेकिन अभी बाढ़ जैसे हालात नहीं है जलस्तर खतरे की निशान से नीचे है॥

## ट्रक ने ट्रैक्टर- ट्राली में पीछे से मारी टक्कर, मौत

**स्वतंत्र भारत।** बुधवार तड़के एक ट्रक आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली को रौंदते हुए स्वयं एक गड्ढे में पलट गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुँचाया। जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया जबकि दो गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मंगलपुर के पास नेशनल हाईवे पर राजेश वर्मा के शंकर ब्रिक फील्ड भट्टे से ईंटा लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली किसी गांव उतारने गई थी, वापसी के दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली के परखच्चे उड़ गये और ट्रक भी अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में जाकर पलट गया।

## जल्द ही जैदपुर से बाराबंकी सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी : गौरव रावत

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** जनपद मुख्यालय के लिए कस्बा जैदपुर समेत आसपास के हजारों लोगों को रोडवेज की बस सफदरगंज से होकर बाराबंकी पहुंचाती है जिससे मुख्यालय की दूरी अधिक हो जाती है और ज्यादा स्टॉपेज के कारण अधिक समय के साथ जनता को ज्यादा कीमत भी चुकानी पड़ती है इस समस्या को जैदपुर टाउन एरिया की बोर्ड की बैठक में विधायक गौरव रावत और अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम के समक्ष छोटी बाजार से सभासद मोहम्मद कासिम ने प्रमुखता से उठाया जिस पर बोर्ड ने सर्वसम्मति से सभासद मोहम्मद कासिम द्वारा जनहित के प्रस्ताव पर सहमति जाहिर की। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 2 जुलाई को ही जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने प्रमुख सचिव परिवहन विभाग को पत्र भेज कर अवगत कराया और जल्द से जल्द जैदपुर की आवाम को आश्वस्त किया कि जल्द ही लाखों लोगों के समय और पैसों की बचत के साथ जैदपुर से बाराबंकी सीधी



बस सेवा शुरू की जाएगी।इस संबंध में जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा जैदपुर विधानसभा के विकास के लिए हम तत्पर हैं, कई वर्षो से बाराबंकी से जैदपुर होते हुए सुबेहा मार्ग जो अत्यंत जर्जर हो चुका था हमने अपने प्रयासों से उसका पुनः निर्माण कराया और अब हमारे प्रयास से इस रोड का चौडीकरण भी किया जाएगा. जैदपुर मार्ग से सरकारी अस्पताल जाने वाला संपर्क मार्ग अत्यंत जर्जर होने के कारण आवागमन के लिए बहुत दुश्वार है जिसके निर्माण भी निर्माण के लिए भी प्रस्ताव हो गया है. जैदपुर में आंगनबाड़ी के लिए भी सभासदों की मांग के अनुरूप हर वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे जिससे कस्बा वासियों को लाभ मिल सके।अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम सभासद मोहम्मद कासिम राम सिंह शाहआलम निजामुद्दीन शाह टेक चंद्र अबसार अंसारी ताहिर अंसारी आलम अंसारी शाऐम रिजवी सुफियान अंसारी कलीम अंसारी ने विधायक गौरव कुमार रावत जी के प्रयासों की प्रशंसा की है और आभार व्यक्त किया है।

# विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**रामनगर बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी रामनगर जितेंद्र कुमार ने पंचायत सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने तथा मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।बैठक में सबसे पहले बी डी ओ ने ग्राम पंचायत वार वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा की ।किस ग्राम पंचायत में कितने पौधे लगाए जाने हैं किन स्थानों पर लगाये जायेंगे उनकी सुरक्षा किस प्रकार से की जाएगी इसके बारे में जानकारी ली। खंड विकास अधिकारी ने पंचायत सचिव और तकनीकी सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा वृक्षारोपण के साथ-साथ पेड़ पौधों को बचाना हम सभी का लक्ष्य है। इसके बाद खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे हैं मनरेगा



कार्यों की जानकारी और तेजी लाने को कहा। गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने पर विशेष जोर देते हुए बी डी ओ ने कहा कि कामों पर विशेष निगरानी की जाये किसी भी प्रकार के लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। इसके अलावा आवास फैमिली आईडी की भी समीक्षा की गई बैठक में एडीओ एजी दलबीर सिंह यादव एडीओ पंचायत अभय शुक्ला एपीओ मनरेगा मिथलेश यादव मनरेगा लेखाकार अशोक आनंद सहित सभी पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

## घाघरा पुल पर बिगड़ी डीसीएम, घंटों लगा रहा जाम

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** संजय सेतु पुल पर अचानक डीसीएम खराब हो जाने के चलते लंबा जाम लग गया करीब एक घंटे तक लोग जाम के झाम से जूझते रहे सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात बहाल करवाया। लखनऊ बहराइच हाईवे स्थित सरयू नदी के पुल के बीचों बीच बुधवार की शाम गोंडा की ओर जा रही एक एसडीएम में तकनीकी खराबी आ जाने के चलते बंद हो गयी। जिससे पुल के दोनों ओर किलोमीटरो वाहनों की लंबी लाइन लग गयी। एम्बुलेंस मोटरसाइकिल आदि छोटे बड़े वाहन घण्टो जाम मर फसे रहे सूचना पर पहुंची रामनगर पुलिस ने खराब डीसीएम को पुल से हटवाकर यातायात शुरू करवाया। इस दौरान घण्टो वाहन कछुए की चाल रेंगते रहे।

## वन महोत्सव में विधायक व जिला पंचायत सदस्य ने किया पौधरोपण



**स्वतंत्र भारत।।** 1 से 5 जुलाई तक मनाये जा रहे वन महोत्सव के तहत बुधवार को बाबा टीकाराम धाम मंदिर के निकट गोमती नदी के किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृक्षों की बारात भी निकल गई।विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी वन विभाग हैदरगढ़ द्वारा वन महोत्सव मनाया गया। जिसमें महोत्सव के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह सहित ग्राम प्रधान रामकिशोर मिश्रा बूथ अध्यक्ष मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी एवं पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामीण ब?ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों अधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा मंदिर में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक व प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा पर्यावरण संरक्षण को नवजात के जन्म से जोड़ने की अनूठी पहल के तहत नवजात शिशु के परिजनों को सागौन का एक पौधा एवं ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट भेंट किया गया।

# गिल ने लगातार दूसरे टेस्ट में जड़ा सैकड़ा, जायसवाल शतक से चूके

**नई दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन पांच विकेट खोकर 310 रन बना लिए हैं। बुधवार का खेल समाप्त होने तक शुभमन गिल 114 और रवींद्र जडेजा 41 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दोनों के बीच 99 रनों की साझेदारी हो चुकी है। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। भारत की पहली पारी झटके के साथ शुरू हुई। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें क्रिस वोक्स ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद यशस्वी जायसवाल को करुण नायर का साथ मिला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी हुई। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने करुण नायर को अपना शिकार बनाया। वह 50 गेंदों में पांच चौके की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुए।



इसके बाद मोर्चा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने संभाला। दोनों के बीच 66 रनों की साझेदारी हुई। सलामी बल्लेबाज जायसवाल 87 रन बनाकर आउट हो गए। वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्हें बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। जायसवाल के बाद गिल को पंत का साथ मिला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए कुछ अच्छे शॉट्स खेले और 47 रन जोड़े, लेकिन शोएब बशीर ने उपकप्तान को अपना शिकार बनाया। वह 42 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, इंग्लैंड की धरती पर अपना पहला मैच खेल रहे नीतीश कुमार रेड्डी सिर्फ एक रन बना पाए। उन्हें क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया।

पहले दिन टीम इंडिया को सबसे ज्यादा ऋषभ पंत का विकेट खटका जिन्होंने एक बड़ा शॉट खेलने के चलते विकेट खो दिया। पंत 25 रन पर खेल रहे थे तभी उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर बिना कुछ सोचे एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। इसी के चलते वो बाउंड्री लाइन पर जैक क्राउली के हाथों कैच आउट हो गए। इससे टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा।

इसके बाद, क्रिस वोक्स ने नीतीश कुमार रेड्डी को भी जल्द ही आउट कर दिया। उन्होंने नीतीश को सिर्फ 1 रन पर बोल्ड कर दिया। 61.4 ओवर में भारत का स्कोर 211 रन पर 5 विकेट हो गया, यानी आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। रेड्डी ने क्रिस वोक्स की गेंद को छोड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद अंदर घुस गई और वो बोल्ड हो गए।

शुभमन गिल का साथ देने के लिए रविंद्र जडेजा आए। दोनों ने मिलकर तेज गति से रन बनाना जारी रखा। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक शॉट लगाए। दोनों ने मिलकर टीम इंडिया को 300 पार पहुंचा दिया। जडेजा और गिल ने 78 गेंदों में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। जडेजा ने गिल को शतक बनाने के रास्ते में पूरा सहयोग दिया। दिन खत्म होने तक दोनों के बीच 99 रन की साझेदारी हो चुकी है।

**बर्मिंघम में मिला संदिग्ध पैकेट**

भारतीय क्रिकेट टीम बर्मिंघम के जिस मुख्य इलाके में ठहरी है वहां पास के सेंटेनरी स्क्वायर में संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद टीम के सदस्यों को बाहर निकलने से मना किया गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को पुष्टि की कि बर्मिंघम सिटी सेंटर पुलिस की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट के बाद खिलाड़ियों को बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गयी है। भारतीय क्रिकेटर आमतौर पर टीम होटल के नजदीक इलाकों में घूमते हैं और दूसरे टेस्ट से पहले वे अक्सर ब्रॉड स्ट्रीट पर जाते थे। कप्तान शुभमन गिल सहित कुल आठ खिलाड़ियों ने मंगलवार को एजबेस्टन में अभ्यास किया जबकि टीम के 10 अन्य सदस्यों ने विश्राम किया। बर्मिंघम सिटी सेंटर पुलिस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा गया, ''हमने बर्मिंघम सिटी सेंटर के सेंटेनरी स्क्वायर के आसपास घेरा बना रखा है और हम एक संदिग्ध पैकेट की जांच कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें दोपहर तीन बजे से ठीक पहले इसकी जानकारी मिली थी। एहतियात के तौर पर कई इमारतों को खाली करा लिया गया है, जबकि इसकी जांच की जा रही है। कृपया उस इलाके में जाने से बचें।''पुलिस ने हालांकि एक घंटे के बाद सुरक्षा घेरा हटा लिया।

## शुभमन इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने वाले 5वें भारतीय

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लीड्स के बाद एजबेस्टन टेस्ट में भी शतक जड़ दिया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट मैचों में शतक लगाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार से शुरू हुआ है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

भारतीय कप्तान ने 199 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का सातवां सैकड़ा पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में भी शतक लगाया था। उससे पहले 2024 में जब इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत आई थी, तब गिल ने धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में 110 रनों की पारी खेली थी। इस तरह गिल इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय बन गए।

इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

मोहम्मद अजहरुद्दीन (1984-1985)
दिलीप वेंगसरकर (1985-1986)
राहुल द्रविड़ (2002)
राहुल द्रविड़ (2008-2011)
शुभमन गिल (2024-2025)

गिल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

बतौर कप्तान भी गिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दूसरा शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए। उनसे पहले यह कारनामा विजय हजारे और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने किया था। दोनों ने क्रमशः दिल्ली और ब्रेबोर्न (1951-52) व लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड (1990) में यह कारनामा किया था।

## जसप्रीत बुमराह को रेस्ट देने पर भड़के रवि शास्त्री, गिल-गंभीर को जमकर सुनाया

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में तीन बदलाव किए हैं। शार्दुल ठाकुर, साई सुदर्शन को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया है, जबकि जसप्रीत बुमराह को रेस्ट दिया गया है। जसप्रीत बुमराह की जगह आकाशदीप को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री बुमराह के ना होने से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ये सुनिश्चित करना चाहिए था कि बुमराह दूसरे टेस्ट में खेलें, क्योंकि दोनों मैचों के बीच लगभग एक सप्ताह का अंतर था। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। साई सुदर्शन और शार्दुल ठाकुर को टीम में नहीं चुना गया है। रवि शास्त्री ने कहा कि, इसको खेलो इसे 1-1 से बराबरी पर लाओ और फिर उन्हें विकल्प दो। आप लॉर्ड्स में आराम देना चाहते हो, वहां दो। आप सोचते हैं कि वह लॉर्ड्स में रेस्ट करेगा? कोई मौका नहीं है अगर आप ये जीतते हैं, अगर आप भारत के नजरिए से देखें तो ये बहुत ही अहम टेस्ट मैच बन जाता है। आप न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच हारे, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन हारे और यहां पहला मैच गंवाया है और आप जीते के रास्ते पर आना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के आराम के बाद बाहर बैठा देते हैं, इस पर विश्वास करना बहुत कठिन है।

## एक नज़र

### शमी ने मुझे नौकरी छोड़ने को कहा : हसीन जहां

**नई दिल्ली।** भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां का कहना है कि वह शादी से पहले मॉडल थीं और अभिनय करती थीं। गेंदबाज ने उन्हें यह पेशा छोड़ने को कहा और उन्होंने उनकी बात मान ली। बता दें कि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को निर्देश दिया कि वह अपनी पत्नी हसीन जहां और बेटी को उनके साथ चल रही कानूनी लड़ाई के दौरान हर महीने चार लाख रुपये गुजारा भत्ता दें। न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की एकल पीठ ने गुजारा भत्ता देने का आदेश पारित किया। इस आदेश के बाद हसीन जहां का बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि शादी से पहले वह मॉडलिंग करती थीं, लेकिन शमी ने उन्हें गृहिणी बनकर जीने के लिए कहा। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए हसीन जहां ने कहा- मैं शादी से पहले मॉडलिंग और एक्टिंग करती थी। शमी ने मुझे मेरा पेशा छोड़ने के लिए मजबूर किया। वह चाहता था कि मैं सिर्फ एक गृहिणी की जिंदगी जिऊं। मैं शमी से इतना प्यार करती थी कि मैंने खुशी-खुशी यह स्वीकार कर लिया... लेकिन अब मेरे पास खुद की कोई कमाई नहीं है। हमारे भरण-पोषण की सारी जिम्मेदारी शमी को उठानी होगी। इसीलिए जब उसने इनकार किया तो हमें कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाना पड़ा।

### रवि शास्त्री समेत 11 खिलाड़ियों को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री समेत 11 खिलाड़ियों को मुंबई खेल पत्रकार संघ (एसजेएएम) ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में भारत की पूर्व महिला क्रिकेटर शुभांगी कुलकर्णी, तीन बार के अमैच्योर विश्व बिलियडर्स चैम्पियन माइकल फरेरा, नीरज बजाज (टेबल टेनिस), ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से (शतरंज), निशानेबाज अंजलि भागवत, सुमा शिरूर और दीपाली देशपांडे शामिल हैं। हॉकी ओलंपियन मर्विन फर्नांडिस और जोकिम कार्वाल्हो और पूर्व राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियन संजय शर्मा को भी सम्मानित किया गया। शास्त्री समारोह में नहीं आ सके लेकिन उनकी मां लक्ष्मी ने उनके खेलने के दिनों की यादें ताजा की। उन्होंने घरेलू मैच में एक ओवर में छह छक्के लगाने के उनके रिकॉर्ड का भी जिक्र किया। शास्त्री ने रणजी ट्रॉफी 1984-85 सत्र में बड़ौदा के खिलाफ छह गेंद में छह छक्के लगाये थे। शास्त्री की मां ने कहा, रवि ने हमें कई सुनहरी यादें दी है। इनमें एक ओवर में छह छक्के लगाना शामिल है। मुझे पता ही नहीं था कि वह वानखेड़े स्टेडियम में यह कमाल कर रहा है। मेरे भेलपुरी वाले ने मुझे बताया जो वहां था। जब रवि घर आया तो उसे तुरंत कहीं जाना था।

### वेस्टइंडीज के खिलाड़ी पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की वर्तमान क्रिकेट टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की खबर के बाद टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के एक न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अभी तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया और कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया। पूर्व कप्तान सैमी ने कहा कि, मीडिया में जो कुछ चल रहा है, उससे हम सभी वाकिफ हैं। मैं अपने खिलाड़ियों के बहुत करीब हूं।

# शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद; सेंसेक्स 287 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

**नई दिल्ली।** बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को शुरुआती बढ़त खोकर नीचे आ गए। अमेरिकी टैरिफ की समयसीमा से पहले एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली के कारण यह गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि बाजारों से विदेशी पूंजी का पलायन और वैश्विक शेयर बाजारों में मिले-जुले रुख से निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे गिरकर 85.71 (अनंतिम) पर बंद हुआ। शुरुआती उत्साह के बाद बीएसई सेंसेक्स ने अपनी गति खो दी और 287.60 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 546.52 अंक या 0.65 प्रतिशत गिरकर 83,150.77 पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 88.40 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ।



**व्यापार विस्तार:** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25 साल के सफर में अब तक की सबसे ज्यादा छमाही बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियाँ बेचने का नया रिकॉर्ड बनाया है। स्कोडा इस साल भारत में अपनी 25वीं और दुनिया भर में 130वीं वर्षगांठ मना रही है और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस उपलब्धि के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, हमारी ऐतिहासिक अर्धवार्षिक बिक्री दिखाती है कि भारत में ग्राहकों ने स्कोडा के प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं को मजबूती से अपनाया है। हमारे ग्राहक हर दिन अपने आसपास की दुनिया को एक्स्प्लोर करना पसंद करते हैं।

**नवीनतम पेशकश:** 80 मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड खिलाड़ियों के साथ भारत की अग्रणी ऑनलाईन स्किल-गेमिंग कंपनी हेड डिजिटल वर्क्स ए23 ने एपिक पोकर चैंपियनशिप का लॉन्च किया है, जिसके ब्रांड एम्बेसडर विकी कौशल हैं।इसमें विकी ए23 के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आने वाले महीनों में कंपनी की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाते रहेंगे। एपिक पोकर चैंपियनशिप एक 19 दिवसीय मल्टिपल-फॉर्मेट पोकर फेस्टिवल है, जिसमें 28 करोड़ रुपये की भव्य पुरस्कार राशि वितरित की जानी है। समापन गोवा में मेगा फिनाले के साथ होगा। एपिक पोकर चैंपियनशिप में 3 जुलाई से 21 जुलाई, 2025 के बीच विभिन्न फॉर्मेट्स में आकर्षक ऑनलाईन टूर्नामेंट खेले जाएंगे। सिद्धार्थ शर्मा, सीईओ, हेड डिजिटल वर्क्स ने कहा, ''एपिक पोकर चैंपियनशिप में 28 करोड़ रुपये की गारंटीड पुरस्कार राशि है।

# सोने की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी, चांदी 104800 रुपये पर स्थिर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताओं के बीच वैश्विक स्तर पर भारी बिकवाली से सोने के दाम में उछाल आया। बुधवार को राजधानी दिल्ली में सोना 500 रुपये बढ़कर 99,170 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। लगातार दो सत्रों में पीली धातु की कीमत में 1,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 450 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है।



**समृद्ध पहल:** एक हालिया अध्ययन के मुताबिक, भारतीय हर हफ्ते औसतन 10 घंटे 42 मिनट पढ़ने में बिताते हैं। यानी पढ़ने के समय के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है। लेकिन इसके बावजूद खासकर स्कूली बच्चों में पढ़ी हुई चीज़ों को समझने और गहराई से जुड़ने की क्षमता में अब भी काफी कमी देखी जा रही है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया के प्रबंध निदेशक सुकांत दास ने कहा, एनसीएफ 2023 ने पढ़ने को एक बुनियादी योग्यता माना है, जो बाकी सभी विषयों की नींव बनती है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस में हमारा मानना है कि पढ़ना न सिर्फ एक ज़रूरी क्षमता है, बल्कि यह बच्चों में जिज्ञासा, सहानुभूति और स्वतंत्र सोच को भी बढ़ावा देता है।

**केवीबी:** करूर वैश्य बैंक (केवीबी) और क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज एक महत्वपूर्ण बैंकाश्योरेंस गठबंधन की घोषणा करते हुए भारत के ग्रामीण और कृषि-केंद्रित समुदायों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए दोहरे लाभ वाले बीमा उत्पाद क्षेमा किसान साथी की पेशकश की। क्षेमा जेनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के अध्यक्ष, नटराज नुकाला ने इस गठजोड़ पर अपनी टिप्पणी में कहा, यह अग्रणी बैंकेश्योरेंस उत्पाद केवीबी के मूल्यवान ग्राहकों के लिए फसल बीमा और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा को मिलाकर, आजीविका और परिवार को दोहरी सुरक्षा प्रदान करता है। करूर वैश्य बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, रमेश बाबू ने इस गठजोड़ के बारे में कहा, हम भारत के ग्रामीण परिदृश्य में गहराई से जुड़े बैंक के रूप में, अपने ग्राहकों की रोज़मर्रा के जीवन में आने वाली चुनौतियों को समझते हैं।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी 6.7 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले एसबीआई की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया।

वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत के योगदान में से, अकेले एसबीआई ने अपनी संपत्ति के आकार के माध्यम से 44 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। एसबीआई का यह योगदान वित्त वर्ष 25 में वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि का लगभग 1.1 प्रतिशत है।

**श्रंखला विस्तार:** पुराने स्मार्टफोन्स और गैजेट्स खरीदने-बेचने और रिपेयर कराने का भरोसेमंद नाम, कैशिफाई अब लखनऊ में और भी नज़दीक आ गया है। चौथा रिटेल स्टोर लुलु मॉल में शुरू किया। अब तक 1 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड हो चुके कैशिफाई ऐप और देशभर में 200 से ज्यादा स्टोर्स के साथ जुड़ चुके हैं।

पुराना फोन हाथों-हाथ बेचें, डेटा की पूरी सुरक्षा के साथ, और तुरंत पेमेंट पाएँ। रीफर्बिश्ड फोन्स टॉप ब्रांड्स की प्रीमियम डिवाइसेस 50प्रतिशत तक की छूट पर, 32-पॉइंट क्वालिटी चेक और 12 महीने की वॉरंटी के साथ। ट्रेंड टेक्नीशियन द्वारा उसी दिन की रिपेयर सर्विसेस, वह भी हाई-क्वालिटी पार्ट्स के साथ।

ट्रेंडी और प्रीमियम मोबाइल एक्सेसरीज़ की शानदार रेंज, बेहतरीन दामों पर। कैशिफाई के को-फाउंडर और सीईओ, मंदीप मनोचा ने कहा, हम सिर्फ एक और स्टोर ही शुरू नहीं कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसा अभियान चला रहे हैं, जो टेक्नोलॉजी के स्मार्ट और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देता है।

# वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कोयला उत्पादन 16.39 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** कैप्टिव और कॉमर्शियल कोयला खदानों से उत्पादन में 16.39 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। कोयला मंत्रालय के अनुसार जून 2025 में कोयला प्रेषण 17.31 मीट्रिक टन दर्ज किया गया। पिछले साल की तुलना में कोयला प्रेषण में 13.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कोयला प्रेषण का मतलब होता है कि खनन के बाद कोयले को उपभोक्ताओं तक भेजना। इसमें आमतौर पर कोयले को कोयला खदानों से बिजली संयंत्रों, इस्पात कारखानों, सीमेंट कंपनियों या अन्य औद्योगिक इकाइयों तक ट्रांसपोर्ट करना शामिल होता है। ये आंकड़े कोयला क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन का संकेत देते हैं। यह देश भर में प्रमुख उद्योगों की ऊर्जा और कच्चे माल की जरूरतों को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाता है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान कोयला उत्पादन 15.57 मिलयन टन तक पहुंच गया। यह वृद्धि बेहतर परिचालन दक्षता और खनन क्षमताओं के बेहतर उपयोग का परिणाम है। कोयला मंत्रालय के जारी ग्राफ में पहली तिमाही के अंत में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदर्शन में लगातार सुधार हुआ है। उत्पादन और प्रेषण दोनों के आंकड़ों साल दर साल बढ़ रहे हैं।

**आईएमसी:** एशिया के सबसे बड़े डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 की दिशा में गति बढ़ाते हुए आईएमसी ने बेंगलूरू में आज एक रोडशो का आयोजन किया। दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित आईएमसी 2025 ने बेंगलूरू में फलते फूलते स्टार्टअप पारितंत्र और डीप टेक के उन्नयन में अग्रणी स्थिति को देखते हुए इस शहर को महत्वपूर्ण लांचपैड के तौर पर लिया है। प्रोग्राम मार्गदर्शन, लाइव पिचिंग और नेटवर्किंग के लिए 500 से अधिक स्टार्टअप्स को अग्रणी निवेशकों, इनक्यूबेटर्स और वैश्विक साझीदारों के साथ जोड़ेगा। संचार एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डाक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी, दूरसंचार विभाग के सचिव डाक्टर नीरज मित्तल और सीओएआई के चेयरमैन अभिजीत किशोर ने आयोजन और आगे चलकर भारत के डिजिटल नेतृत्व के लिए प्रेरणादायी विचार रखते हुए अपना विजन और अंतर्दृष्टि साझा की।

# डीओसी मांग कमजोर होने से खाद्य तेल में गिरावट

**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। सामान्य कारोबार के बीच सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पूर्व-स्तर पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि खपत बढ़ने पर पिछले साल की तरह खाद्यतेलों का आयात भी बढ़ना चाहिए था। नवंबर-दिसंबर, 2022 के दौरान 31,11,669 टन (खाद्य एवं अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जो नवंबर-दिसंबर, 2023 में 21 प्रतिशत घटकर 24,72,276 टन रह गया। पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने की भी आशंका है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40-45 दिन लगते हैं। ऐसी परिस्थिति में विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मंदा होने के बावजूद देश के बाजारों पर कोई असर नहीं पड़ा। मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 -1,805 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,710 -1,810 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,075 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,325 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 7,900 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,815-4,855 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।



# कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति पर भड़की भाजपा

## 'कांवड़ यात्रा को सांप्रदायिक बताना और जमाते-इस्लामी से चुनावी गठबंधन अवसरवाद की इंतिहा': भाजपा

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने और उन्हें अपने पक्ष में एकजुट करने के लिए कांग्रेस द्वारा कथित तौर पर यूपी से लेकर केरल तक में तुष्टिकरण की राजनीति पर अमल किए जाने से भाजपा बुरी तरह भड़क उठी है। खास तौर से जहां एक ओर दिग्विजय सिंह द्वारा कांवड़ यात्रा को नफरत फैलाने का उपकरण बताना भाजपा को बेहद नागवार गुजरा है वहीं दूसरी ओर केरल में उस जमाते-इस्लामी के साथ कांग्रेस का गठजोड़ भगवा खेमे को कतई रास नहीं आ रहा जिसकी कट्टरपंथी विचारधारा इस्लाम को संविधान से बड़ा मानती है और जो खुले तौर पर भारत में शरिया कानून लागू करने की वकालत करती है। कांग्रेस की ऐसी सियासत को भाजपा ने अवसरवादी राजनीति की इंतिहा करार देते हुए कहा है कि जब लोकसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल विदेश यात्रा में ऐसे सम्मेलनों में हिस्सा लेते हों जिसमें चर्चा का केंद्र 'वैश्विक हिन्दुत्व को खत्म करना' हो और फिर चेन्नई में 'सनातन धर्म का उन्मूलन' के विषय पर सम्मेलन आयोजित होता हो तो इसका साफ मतलब है कि संविधान की किताब लेकर लोगों के बीच घूमना महज दिखावे से अधिक और कुछ नहीं है।

भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी और पार्टी की केरल इकाई के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा तुष्टिकरण की राजनीति पर अमल किए जाने पर तीखा और दोतरफा हमला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सुधांशु ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर की गई सियासी टिप्पणी का तीखा विरोध करते हुए याद दिलाया है कि मुस्लिम परस्त राजनीति के तहत दिग्विजय पहले भी ऐसे बयान देते रहे हैं। सुधांशु ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा है कि जाकिर नाइक को 'शांति का दूत', ओसामा बिन लादेन को 'ओसामा जी' और हाफिज सईद को 'हाफिज साहब' बताने वाले लोगों को कांवड़ यात्रा में सांप्रदायिकता दिखाई पड़ना स्वाभाविक ही है। दूसरी ओर राजीव चंद्रशेखर ने जमाते-इस्लामी के साथ कांग्रेस के राजनीतिक गठजोड़ पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि हाथ में संविधान, मुंह में सेक्युलरिज्म और जमाते-इस्लामी के साथ साझेदारी करना अवसरवादी सियासत की पराकाष्ठा है। यहां तक कि वर्ष 2018 में कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री उम्मन चांडी ने भी इसे खतरनाक और राष्ट्रविरोधी संगठन बताते हुए अदालत में कहा था कि इसकी मूल विचारधारा ही धर्मनिरपेक्षता एवं लोकतंत्र के विरुद्ध है। जमात को लंबे समय तक देश की मुख्यधारा की राजनीति से इसलिए दूर रखा गया क्योंकि कांग्रेस सहित कई दल इसे राष्ट्रविरोधी मानते थे। लेकिन राहुल गांधी की पुरानी और प्रियंका गांधी की वर्तमान लोकसभा सीट वायनाड के अंतर्गत आने वाली नीलाम्बूर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस ने खुले तौर पर इस खतरनाक संगठन के साथ गठबंधन करके अपना असली चेहरा दिखा दिया है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गुलाब तिराहा से बुधवार कि सुबह पुलिस ने किशोरी को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसआई हंसराज यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म करने के आरोपित फुलियारी गांव निवासी राम नरेश कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित कही भागने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था घटना के संबंध में किशोरी के पिता ने तहरीर देकर



किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद किशोरी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया किशोरी के बयान व मेडिकल परीक्षण के आधार पर दुष्कर्म व पक्सो एक्ट की धारा कि बढ़ोतरी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

## परमहंस आश्रम औरा पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ने संत से लिया आशीर्वाद

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अजीत पाल सिंह व विधायक आशीष सिंह प्रोटोकॉल के साथ क्षेत्र के औरा गांव स्थित परमहंस आश्रम पहुंचकर आश्रम के संत तुलसीदास महराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। मंत्री आश्रम में पहुंचकर रात्रि विश्राम करने के बाद आश्रम के संत तुलसीदास महराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद वापस लौट गए है। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराह लगे रहे।

## अमेरिका में आयोजित विश्व पुलिस व फायर खेलों में तीन इवेंट में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर विश्व जनपद का डंका बजा




**स्वतन्त्र भारत दिलदारनगर, जमानियां (गाजीपुर)।** यूएसए में आयोजित विश्व पुलिस और फायर खेलों में टोकवा गांव निवासी मनीष दुबे ने तीन इवेंट में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीत विश्व स्तर पर अपने प्रतिभा का डंका बजा दिया है।मनीष असम राइफल में राइफल मैन के पद पर तैनात है। मनीष इस प्रतियोगिता में भारतीय पुलिस का प्रतिनिधत्व कर रहे थे। 27 जून से 3 जुलाई तक यूएसए के बर्मिंघम शहर में विश्व पुलिस गेम के तीरंदाजी खेल में मनीष दुबे भारतीय पुलिस की ओर से खेलने गए थे।पहले इवेंट टारगेट अर्चारी में यूएसए के खिलाड़ी को मात देकर 900 में 720 अंक प्राप्त कर भारतीय पुलिस के खाता में स्वर्ण पदक जोड़ बेहतर शुरुआत किया।दूसरे इवेंट 3 डी (जानवरों की आकृति पर निशाना साधना) में भी ब्राजील व नीदरलैंड के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए दुबारा स्वर्ण पदक झटक भारतीय पुलिस टीम को मजबूती में ला दिया।हालांकि तीसरे इवेंट फील्ड अर्चारी (जंगल में नीचे अथवा ऊपरी सतह पर लक्ष्य को निशाना साधना) में 300 में 254 अंक प्राप्त कर अमेरिका के खिलाड़ी से महज एक अंक पीछे रहने पर रजत पदक हासिल किये।।मनीष दुबे पांच जुलाई को देश वापस लौटेंगे।कोच सतीश दुबे ने बताया की विश्व स्तर पर तीरंदाजी स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक प्राप्त कर मनीष ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिया है।

साथ ही संपूर्ण देश के पुलिस कर्मियों में खेल भावना को बढ़ाने का कार्य किया है।द्रोणा तीरंदाजी एकेडमी व जिला तीरंदाजी के संयुक्त रूप से मनीष दुबे का स्वागत भी किया जाएगा और दोनों एकेडमी सहित क्षेत्र के तीरंदाज खिलाड़ियों को मनीष दुबे से मिलवाया जाएगा और वह विश्व स्तर के खेल अनुभव को खिलाड़ियों के बीच साझा करेंगे ताकि क्षेत्र में तीरंदाज खेल को बढ़ावा मिल सके।

# स्कूल चलो अभियान की रैली निकाल कर लोगों किया जागरूक

**हलिया ((मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हथेडा गाँव स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के छात्रों के साथ शिक्षकों ने बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाल कर गाँव के बस्तियों में चक्रमण करते हुए लोगों को जागरूक किया है। स्कूल चलो अभियान पखवाड़े के तहत रैली के माध्यम से बच्चों का नामांकन कराने व स्वच्छता के लिये लोगों को जागरूक किया गया। रैली हथेडा विद्यालय से पाल बस्ती, मुसहर बस्ती, हरिजन बस्ती, कहार बस्ती, आदिवासी बस्ती, ब्राह्मण बस्ती मुस्लिम बस्तियों में नारा लगाते हुए



चक्रमण किया। इस दौरान प्रधान अनीता मिश्रा , प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद मिश्रा, काशी प्रसाद मिश्रा, आर पी, उदित नारायण मिश्रा आदि सहित विद्यालय के स्टाप छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाण सागर नहर के पटरी पर फंसी पीआरवी 112 का वाहन ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के बरुआ गांव स्थित बाण सागर नहर के पटरी पर बुधवार को किसी सूचना पर जा रही हलिया थाना की पीआरवी 112 का स्कार्पियों वाहन सड़क खराब होने से फंस गई पीआरवी कर्मी हेड कांस्टेबल तौकीर खान,ओमप्रकाश, शमशेर खान द्वारा वाहन को निकालने का बहुत प्रयास किया लेकिन वाहन नहीं निकलने पर पीआरवी वाहन के कर्मियों ने ट्रैक्टर मंगाकर पीआरवी वाहन को ट्रैक्टर से



खींचकर बाहर निकाला है। ग्रामीणों का आरोप है की क्षेत्र के सड़क की हालत खराब होने से बारिश के दिनों में क्षेत्र के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पीआरवी वाहन के फंसने की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में भीड़ मौके पर जुट गई है पीआरवी वाहन कोई सूचना मिलने पर मौके पर जा रही थी की फंस गई बारिश के दिनों में एम्बुलेंस वाहन पीआरवी वाहन फंस जा रही है।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा अपर हिनौती गांव

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार व

### बोले - 10-10 लाख रुपये का मुआवजा एवं नौकरी दे सरकार

जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पड़री थानान्तर्गत अपर हिनौती गाँव पहुँचा। जहाँ दो बच्चे अंश उर्फगोलू 8 वर्ष और आर्यन 10 वर्ष इण्डियन ऑयल की ओर से पाईप लाईन के लिये खोदे गये गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी। प्रतिनिधिमंडल अपर हिनौती गाँव पहुँचकर पीड़ित परिजन श्री सरोज व श्री दिनेश चन्द्र के घर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लिया और परिजनों के प्रति



संवेदना प्रकट किया। रिपोर्ट देने पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि कम्पनी की घोर लापरवाही है। गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था। प्रशासन ने सपा के दबाव में केवल ठेकेदार के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या ने कहा पीड़ित परिजनों को 10-10 लाख रूपये का मुआवजा दिया जाय और साथ ही परिजनों को सरकारी नौकरी भी दी जाय। विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने कहा कि दोनो बच्चों के परिजन गरीब व असहाय है। आवास भी मुहैया कराया जाय। प्रतिनिधिमंडल में प्रिन्स रॉव, सुरेन्द्र यादव, देवेन्द्र पटेल, त्रिलोकी चमार आदि शामिल थे।

## आवास सर्वे में जनपद में अधिकतर ब्लॉक का सर्वे पूरा नहीं

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को आवास प्लस 2024 सर्वे के अन्तर्गत किये गये सेल्फ सर्वे का सर्वेयर द्वारा पुष्टि/सत्यापन शतप्रतिशत दिनांक 30.06.2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये थे परन्तु दिनांक 01.07.2025 को प्रगति की समीक्षा करने पर पाया गया है कि विकास खण्ड देवकली, जखनियां, मनिहारी, मरदह, मुहम्मदाबाद, जमानियां, भदौरा व सैदपुर की प्रगति जनपद के औसत प्रगति 63.92 से कम है तथा चेकर की प्रगति भी शून्य है, जिससे स्पष्ट है कि उक्त वर्णित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा सेल्फ सर्वे का सर्वेयर द्वारा वेरीफिकेशन कराने में अपेक्षित सूचि न लेकर सर्वेयर से समयबद्ध वेरीफिकेशन नही कराया जा रहा है, जिसके कारण पूरे जनपद की प्रगति प्रभावित हुए है। दिनांक 26.06.2025 को आयुक्त, ग्राम्य विकास उ0प्र0 लखनऊ द्वारा फोन करके रोष व्यक्त किया गया है। परियोजना निदेशक राजेश यादव ने खण्ड प्रगति के लिए विकास खण्ड अधिकारी सादात, जखनियां, मरदह, जमानियां, मनिहारी, सैदपुर, देवकली व मुहम्मदाबाद के वेतन आहरण पर रोक लगायी है तथा दिनांक 01 जुलाई 2025 को विकास खण्ड भदौरा की भी प्रगति जनपद के औसत प्रगति 63.92 से खराब होने की परिस्थिति मे खण्ड विकास अधिकारी भदौरा कृष्ण कुमार सिंह के वेतन आहरण पर माह जून 2025 से अग्रिम आदेश तक के लिए तत्काल प्रभाव से रोक लगायी है।

## खिड़की की वेल्डिंग करते समय करंट लगने से वृद्ध की मौत

**स्वतन्त्र भारत संवाददाता। सेवराई ।** गहमर थाना क्षेत्र के सायर गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सायर ग्राम निवासी महातिम कुशवाहा (60 वर्ष), पुत्र विश्वनाथ कुशवाहा, अपने घर में खिड़की और दरवाजे की वेल्डिंग का कार्य कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वे मौके पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पाकर लेखपाल मौके पर पहुंचे और आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। मृतक महातिम कुशवाहा का एकमात्र पुत्र विमलेश कुशवाहा किसी महानगर में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता है। हादसे के वक्त मृतक की पत्नी ही घर पर मौजूद थीं। परिजनों ने घटना की जानकारी बेटे विमलेश को दे दी है और उसका इंतजार कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन ने स्थानीय पुलिस को सूचना नहीं दी थी और शव घर पर ही रखा हुआ है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। इस बाबत क्षेत्रीय लेखपाल अनिल कुमार ने बताया कि तहसील को अवगत करा दिया गया है। मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया।

## छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का भाजपा नेता ने किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** भारत सरकार, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वाराणसी के तत्वाधान में बुधवार को कस्बे के ग्रामीण बैंक के पास स्थित मैरेज हॉल में छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें इस योजना के तहत कुल 20 लाभार्थियों को सरकार द्वारा बैंक संबंधित विभिन्न योजनाओं, हस्तशिल्पियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं का विवरण, सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लाभार्थियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छोटू प्रसाद प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश ने कार्यक्रम के पूर्व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ओनई जंगल विकास खण्ड अमावां जनपद रायबरेली**

पत्रांकः— मेमो/मनरेगा/निर्माण कार्य निविदा — दिनाक 01.07.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

महत्मागांधी नरेगा वर्ष 2024—25 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ओनई जंगल विकास खण्ड अमावां रायबरेली में निम्नलिखित निर्माण कार्यो के कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा दिनॉक 02.07.2025 को अपरान्ह 1 बजे से ग्राम पंचायत ओनई जंगल कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिवस पूर्व तक क्रय किये जा सकते हैं।निर्धारित समय सीमा के पश्चात निविदा पर कोई विचार नही किया जयेगा।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनॉक 09.07.2025 को अपरान्ह 1 तक उक्त सामग्री हेतु अपनी दरें बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय ओनई जंगल में डाल सकते है।
आपूर्ति का विवरण निम्नवत हैं।

| क0स0 | कार्य का विवरण | कार्य की माप | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 5 प्रति0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क0स0 1 | इण्टरलाकिंग निर्माण, रामकली के दरवाजे से सुन्दर के घर तक | | कोरसेण्ड<br>सीमेंट<br>एम150ब्रिक<br>ब्रिकब्लास्ट40एमएम<br>फाइनसेण्ड<br>लोकलसेण्ड<br>इण्टरलाकिंग ईट<br>स्टोनग्रिट20एमएम<br>स्टोनग्रिट10एमएम | 2.81 घ0मी0<br>3.32 टन<br>3893 नग<br>18.84घ0मी0<br>9.40 घ0मी0<br>13.20घ0मी0<br>203'2 वर्ग मी0<br>73 घा0मी0<br>24 घ0मी0 | 380000.00 | 19000.00 | 100रू0 | 3 माह |
| 2 | इण्टरलाकिंग निर्माण, रामेश्वर के दरवाजे से हनुमान मंदिर तक | | कोरसेण्ड<br>सीमेंट<br>एम150ब्रिक<br>ब्रिकब्लास्ट40एमएम<br>फाइनसेण्ड<br>लोकलसेण्ड<br>इण्टरलाकिंग ईट<br>स्टोनग्रिट20एमएम<br>स्टोनग्रिट10एमएम | 3.39 घ0मी0<br>8.73 टन<br>10220 नग<br>49.45 घ0मी0<br>24.72 घ0मी0<br>34.67 घ0मी0.<br>553.4 वर्गमी0<br>1.94 घ0मी0<br>0.63 घ0मी0 | 985000.00 | 49250.00 | 500रू0 | 3 माह |

नियम व शर्ते—
1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे सामाग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्ति कर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा आयकर दाता हो।
3. निविदा आपूर्तिकर्ता एंव ग्राम पंचायत सदस्य के समक्ष खोला जायेगा।
4. सामाग्री आपूर्ति स्वीकत दर पर ग्राम पंचायत परिधि में निर्माण स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायेगीं वह बैट तथा कार्टेज जोडकर प्रस्तुत की जायेगीं ।
6. सामाग्री आपूर्ति सचिव/प्रधान सम्बंधित ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी। समाग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। प्रस्तुत दर पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकत दर से अधिक न हो।निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव /ग्राम प्रधान के पास होगा। धरोहर की धनराशि नगद एफ0डी0आर.एन0एस0सी0 डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो एंव संलग्न करना अनिवार्य है।
7. जी0एस0टी0 कनवेनस अलग से देय होगा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ओनई जंगल
विकास खण्ड—अमावां,रायबरेली

सचिव
ग्राम पंचायत ओनई जंगल
विकास खण्ड—अमावां,रायबरेली



**कार्यालय ग्राम पंचायत पहरावां विकास खण्ड अमावां जनपद रायबरेली**

पत्रांकः— मेमो/मनरेगा/निर्माण कार्य निविदा — दिनाक 02.07.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

महत्मागांधी नरेगा वर्ष 2024—25 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पहरावां विकास खण्ड अमावां रायबरेली में निम्नलिखित निर्माण कार्यो के कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा दिनॉक 03.07.2025 को अपरान्ह 1 बजे से ग्राम पंचायत पहरावां कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिवस पूर्व तक क्रय किये जा सकते हैं।निर्धारित समय सीमा के पश्चात निविदा पर कोई विचार नही किया जयेगा।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनॉक 17.07.2025 को अपरान्ह 1 तक उक्त सामग्री हेतु अपनी दरें बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पहरावां में डाल सकते है।
आपूर्ति का विवरण निम्नवत हैं।

| क0स0 | कार्य का विवरण | कार्य की माप | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 5 प्रति0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इण्टरलाकिंग निर्माण, गुलाम के घर से बनवारी के घर तक | | कोरसेण्ड<br>सीमेंट<br>एम150ब्रिक<br>ब्रिकब्लास्ट<br>फाइनसेण्ड<br>इण्टरलाकिंग ईंट<br>लोकलसेण्ड<br>स्टोनग्रिट20एमएम<br>स्टोनग्रिट10एमएम | 4.7568घ0मी0<br>5.5713 टन<br>6570 नग<br>31.00घ0मी0<br>15.6940घ0मी0<br>337.50वर्गमी0<br>21.9375घ0मी9<br>1.2482घ0मी0<br>0.4099घ0मी0 | 479692.97 | 23984.6 | 500रू0 | 3 माह |

नियम व शर्ते—
1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे सामाग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्ति कर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा आयकर दाता हो।
3. निविदा आपूर्तिकर्ता एंव ग्राम पंचायत सदस्य के समक्ष खोला जायेगा।
4. सामाग्री आपूर्ति स्वीकृत दर पर ग्राम पंचायत परिधि में निर्माण स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायेगीं वह बैट तथा कार्टेज जोडकर प्रस्तुत की जायेगीं ।
6. सामाग्री आपूर्ति सचिव/प्रधान सम्बंधित ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी। समाग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। प्रस्तुत दर पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक न हो। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव /ग्राम प्रधान के पास होगा। धरोहर की धनराशि नगद एफ0डी0आर.एन0एस0सी0 डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो एंव संलग्न करना अनिवार्य है।
7. जी0एस0टी0 कनवेनस अलग से देय होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पहरावां
विकास खण्ड—अमावां,रायबरेली

सचिव
ग्राम पंचायत पहरावां
विकास खण्ड—अमावां,रायबरेली



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 3 जुलाई, 2025

# पहलगाम के दोषियों को तत्काल सजा मिले : क्वाड



**वाशिंगटन।** क्वाड देशों की वाशिंगटन में हुई बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में इस साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर गंभीर चिंता जताई गई। क्वाड ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की

**हमले की कड़ी निंदा की**

और इसके लिए जिम्मेदार लोगों, योजनाकारों और वित्तीय समर्थकों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने की मांग की। बैठक में क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका) देशों ने सीमापार आतंकवाद की कठोर आलोचना की। इसके साथ ही, आतंकवाद के खिलाफ मजबूत कार्रवाई, क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाना, आर्थिक सहयोग और आपदा प्रबंधन के लिए नए कदमों की घोषणा की गई। क्वाड ने स्पष्ट किया कि वह आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों, खासकर सीमापार आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा करता है और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्वाड देशों ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस हमले में 25 भारतीय नागरिक और एक नेपाली नागरिक की जान गई। इसके साथ ही कई लोग भी घायल हुए। देशों ने कहा कि हम पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी करते हैं। क्वाड ने अपने बयान में जोर देकर कहा, हम इस जघन्य कृत्य के दोषियों, योजनाकारों और वित्तपोषकों को तत्काल न्याय के दायरे में लाने की मांग करते हैं। हम सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से अपील करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सक्रिय सहयोग करें।

# निर्वासन की धमकी के बाद बदले एलन मस्क के सुर

**वॉशिंगटन।** बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क के बीच विवाद में नया मोड़ आया है। ट्रंप की निर्वासन की धमकी के बाद मस्क के सुर बदल गए हैं।



**कहा- ट्रंप ने वैश्विक संघर्ष को अच्छे से हल किया**

मस्क ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने वैश्विक संघर्षों को बेहतर तरीके से हल किया है। एलन मस्क ने ट्रंप की निर्वासन वाली धमकी का भी जवाब दिया। एलन मस्क के बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना करने पर ट्रंप ने कहा था कि वह मस्क को निर्वासित करने पर विचार कर सकते हैं। उनका प्रशासन टेस्ला प्रमुख की एजेंसी डॉज या सरकारी दक्षता विभाग को उनके खिलाफ ही इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें एलन पर डॉज लगाना पड़ सकता है। आप जानते हैं कि डॉज क्या है? डॉज वह राक्षस है, जो वापस जाकर एलन को ही खा सकता है। निर्वासन की धमकी के बाद एलन मस्क ने एक्स पर ट्रंप के ट्रुथ सोशल पोस्ट को साझा करते हुए लिखा कि इस्राइल ने गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने वैश्विक संघर्षों को हल करने के लिए ट्रंप को श्रेय दिया। उन्होंने लिखा कि जहां श्रेय देना चाहिए, वहां श्रेय दिया जाना चाहिए। इससे पहले निर्वासन की धमकी का जवाब देते हुए मस्क ने कहा था कि इस मामले को आगे बढ़ाना बहुत लुभावना है। बहुत ही ज्यादा दिलचस्प है। हालांकि, मैं अभी इससे दूर रहूंगा।

# एक बार फिर फिसली ट्रंप की जुबान

**पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए कहे आपत्तिजनक शब्द**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जुबान एक बार फिर फिसल गई। ट्रंप ने अपने प्रतिद्वंदी और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे। फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में बने नए प्रवासी हिरासत केंद्र के दौरे पर ट्रंप ने कहा कि जो बाइडन उनको यहां रखना चाहते थे। उन्होंने धीमी आवाज में कुछ अपशब्द भी बोले। यह सुनकर ट्रंप के साथ दौरे पर गए अधिकारी हंसने लगे। दरअसल, ट्रंप मंगलवार दोपहर को कैबिनेट सहयोगी होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के साथ फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में बने नए प्रवासी हिरासत केंद्र एलीगेटर अल्काट्राज का दौरा करने गए थे। इस दौरान जब पत्रकारों ने उनसे निरीक्षण को लेकर सवाल पूछे तो ट्रंप बोले कि अरे बाइडन मुझे यहां रखना चाहते थे। जबकि मैंने ऐसा कोई काम नहीं किया। वे चाहते थे कि मैं यहां रहूं। इसके बाद उन्होंने धीमी आवाज में अपशब्द बोले, जिस पर नोएम और रॉन की हंसी छूट गई।

## एक नज़र

### मृत्यु के बाद चुना जाएगा दलाई लामा का उत्तराधिकारी

**धर्मशाला।** तिब्बती बौद्ध धर्म के सर्वोच्च आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने अपने उत्तराधिकारी के चयन को लेकर स्पष्ट किया है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार होगा और इस प्रक्रिया में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी गादेन फोडरंग ट्रस्ट को सौंपी है। इसके साथ ही दलाई लामा ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी संस्था यानी दलाई लामा का संस्थान भविष्य में भी जारी रहेगा। यह बात उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कही। उन्होंने 2011 में किए गए वादे की भी याद दिलाई। दलाई लामा ने बताया कि 24 सितंबर 2011 को तिब्बती बौद्ध परंपराओं के प्रमुखों की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा उठाया था कि आने वाले समय में यह विचार किया जाए कि क्या दलाई लामा की परंपरा को आगे भी जारी रखा जाना चाहिए। उस वक्त उन्होंने कहा था कि जब मैं लगभग 90 वर्ष का हो जाऊंगा, तब मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामा, तिब्बती जनता, और अन्य संबंधित लोगों से विचार-विमर्श करूंगा कि यह संस्था जारी रहनी चाहिए या नहीं।

### मॉरीशस के पीएम से मिले विदेश सचिव मिस्री

**पोर्ट लुई।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने नई सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। मिस्री मॉरीशस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन महासागर को क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक रोडमैप के रूप में भी चर्चा की। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा, दोनों नेताओं ने भारत-मॉरीशस के गहरे और विशेष संबंधों की पुष्टि की और विकास साझेदारी बढ़ाने व रामगुलाम की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों पर विचार किया। इस दौरान विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम को भारत आने का न्योता दोबारा दिया। मिस्री ने मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल से भी बातचीत की, जिसमें संयुक्त रणनीतिक साझेदारी और अन्य साझा हितों के क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

### अमेरिका के इस्कॉन मंदिर में गोलीबारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के यूटा राज्य के स्पैनिश फोर्क में स्थित प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर पर गोलीबारी की घटना ने पूरी दुनिया में सनातन धर्म मानने वालों को झकझोर दिया है। यह मंदिर अपने भव्य होली उत्सव के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। बीते कुछ दिनों में मंदिर पर 20 से 30 गोलियां चलाई गईं, जिससे मंदिर और आसपास की संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। इस हमले को लेकर भारत सरकार ने भी चिंता जताई है।इस्कॉन संस्था ने बताया कि यह घटना रात के समय हुई, जब मंदिर में श्रद्धालु और अतिथि मौजूद थे। हमलावरों ने मंदिर की खूबसूरती पर भी हमला किया। हाथ से नक्काशी किए गए मंदिर के मेहराबों समेत कई हिस्सों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। अनुमान है कि हमले में हजारों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस्कॉन संस्था ने इस हमले को घृणा अपराध करार दिया है। संगठन का कहना है कि मंदिर पर इस तरह हमला किसी धार्मिक भावना को आहत करने के मकसद से किया गया है। इस्कॉन ने कहा कि ऐसे हमले धार्मिक सहिष्णुता और आपसी भाईचारे के खिलाफ हैं।

### अचानक 26 हजार फीट नीचे आ गया जापान का विमान

**टोक्यो।** जापान में बड़ा विमान हादसा होते-होते बच गया। चीन के शंघाई से टोक्यो जा रहा जापान एयरलाइंस का विमान बोइंग 737 अचानक 26 हजार फीट नीचे आ गया। विमान को अचानक ऊंचाई खोते देख यात्री घबरा गए। उन्होंने मास्क लगा लिए। इस दौरान कुछ यात्रियों ने तो अपनी वसीयत भी लिखना शुरू कर दिया। 30 जून को जापान एयरलाइंस के विमान ने चीन के शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट से टोक्यो के नारिता एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। जापान एयरलाइंस और स्प्रिंग जापान एयरलाइन की एक सहायक कंपनी के बीच कोडशेयर समझौते वाले इस विमान में 191 यात्री सवार थे। विमान 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। इस बीच विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और यह 10 मिनट के अंदर 26 हजार फीट नीचे गिरकर 10500 फीट पर आ गया। विमान को नीचे आता देख यात्री घबरा गए। हादसे के डर में यात्रियों ने मास्क लगा लिए। एक यात्री ने बताया कि मैंने एक धीमी आवाज सुनी और कुछ ही सेकेंड में ऑक्सीजन मास्क गिर गया। इस बीच एक एयर होस्टेस आई और मास्क लगाने के लिए कहने लगी। उसने कहा कि विमान में कुछ खराबी आ गई है। इस बीच कुछ यात्री विमान में सो रहे थे। जबकि कुछ यात्रियों ने अपनी वसीयत लिखनी शुरू कर दी। कुछ यात्रियों ने अपने परिजनों को पिन और बीमा की जानकारी भेजनी शुरू कर दी। एक यात्री ने कहा कि जब मैं अपनी वसीयत, बीमा और बैंक कार्ड के पिन लिख रहा था तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### नेपाल : एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में 31 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में 28 मई से मानसून की शुरुआत हुई। जिसके बाद से एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 151 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मई से 30 जून के बीच नेपाल में बारिश से जुड़ी 682 घटनाएं हुई हैं। इनमें बाढ़, भूस्खलन, बिजली गिरना और आंधी-तूफान जैसी आपदाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्राकृतिक आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है और 151 लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा, घटनाओं में एक व्यक्ति लापता भी हुआ है।

### मोनोजीत पर एक और छात्रा ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**कोलकाता।** कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना के कुछ ही दिनों बाद पश्चिम बंगाल में मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा के खिलाफ नए आरोप सामने आए हैं। एक अन्य छात्रा ने दावा किया है कि उसने दो साल पहले उसके साथ छेड़छाड़ की थी और उसे धमकाया था। एक निजी मीडिया से बात करते हुए महिला ने अक्टूबर 2023 में अपने साथ हुई भयावह घटना के बारे में बताया, जब वह कॉलेज के अन्य छात्रों के साथ एक सभा में शामिल हुई थी, जहां मोनोजीत भी मौजूद था। इस वक्त मोनोजीत मिश्रा अपने दो साथियों जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी के साथ दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के आरोप में पुलिस हिरासत में है।

# जयशंकर ने समकक्ष रुबियो और रक्षा मंत्री हेगसेथ से की द्विपक्षीय मुद्दों पर बात

**वॉशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से मुलाकात की। दोनों के बीच अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तार से बातें हुईं। रुबियो से पहले जयशंकर ने वाशिंगटन डीसी में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी मुलाकात की। अमेरिकी रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद जयशंकर ने खुद एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा कीं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर जयशंकर ने कहा कि हेगसेथ के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। उनके साथ भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने, हितों, क्षमताओं और जिम्मेदारियों के बढ़ते झुकाव जैसे मुद्दों पर उपयोगी बातचीत हुई। वाशिंगटन डीसी में विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सचिव क्रिस राइट के साथ भी बातचीत की। दोनों के बीच भारत में चल रहे ऊर्जा परिवर्तन के बारे में बात हुई। जयशंकर ने बताया कि भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत बनाने के अवसरों के बारे में बात की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नहीं जाएंगे जिनपिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस कॉफ्रेंस में इस बात की पुष्टि कर दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली च्यांग ब्रिक्स शिखर सम्मेलम में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि माओ निंग ने यह नहीं बताया कि जिनपिंग ने इस कार्यक्रम में न शामिल होने का निर्णय क्यों लिया। अब जबकि जिनपिंग के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में न जाने की पुष्टि हो गई है तो पिछले एक दशक में यह पहली बार होगा जब वे ब्रिक्स के सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे।

# इजरायल 60 दिन के सीजफायर पर सहमत : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में जारी हिंसक संघर्ष को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने

**हमास बोला युद्ध पूरी तरह खत्म हो**



सोशल मीडिया हैंडल- ट्रुथ सोशल पर संघर्षविराम होने की संभावनाओं के संकेत दिए। ट्रंप ने कहा है कि इस्राइल 60 दिनों का युद्धविराम करने पर सहमत हो गया है। उन्होंने लिखा, मेरे प्रतिनिधियों ने गाजा पर इजरायल के लोगों के साथ लंबी और सकारात्मक नतीजे देने वाली बैठक की। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान इजरायल ने 60 दिन के युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति व्यक्त की है। ट्रंप ने हमास को चेतावनी देने के अंदाज में कहा, मुझे उम्मीद है कि मध्य पूर्व की भलाई के लिए हमास इस समझौते को स्वीकार करेगा, क्योंकि इससे बेहतर स्थिति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सीजफायर के लिए राजी न होने पर हालात और खराब ही होंगे। हमास ने बुधवार को संकेत दिया कि वह इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए तैयार है, लेकिन उसने अमेरिकी समर्थित उस प्रस्ताव को सीधे तौर पर स्वीकार नहीं किया है, जिसका ट्रंप ने कुछ घंटे पहले ही एलान किया था। हमास ने फिर से अपना पुराना रुख दोहराया और कहा कि वह ऐसा कोई समझौता तभी मानेगा, जब उससे गाजा में चल रहा युद्ध पूरी तरह खत्म हो।

# पलटवार : ईरान नहीं करेगा आईएईए का सहयोग

**तेहरान।** इजरायल-अमेरिका टकराव के बाद ईरान ने बड़ा फैसला करते हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से संबंध तोड़ दिए हैं।

**इजरायल-अमेरिका से टकराव के बाद तोड़े संबंध**



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक आदेश में कहा है कि ईरान अब अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का सहयोग नहीं करेगा। यह आदेश ईरान की संसद द्वारा पारित कानून के तहत पारित किया गया है। आदेश को सांविधानिक निगरानी संस्था की मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। इन हमलों का मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका देना था। हालांकि, अमेरिकी रक्षा एजेंसियों की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मेटल कन्वर्जन प्लांट जरूर तबाह हुआ है, लेकिन बाकी ढांचे को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सका। इन हमलों के बाद ईरान ने आईएईए पर आरोप लगाए थे। ईरान ने कहा था कि उसके परमाणु स्थलों पर हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं। यह कार्रवाई दुर्भाग्य से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की उदासीनता और मिलीभगत के तहत हुई। अमेरिकी दुश्मन ने हमलों की जिम्मेदारी ली है, जो सुरक्षा समझौते और एनपीटी के अनुसार निरंतर आईएईए निगरानी के अधीन हैं। यह उम्मीद की जाती है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय जंगलराज जैसी इस अराजकता की निंदा करेगा और ईरान को उसके वैध अधिकारों का दावा करने में समर्थन देगा। इससे पहले इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बावजूद, तेहरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ग्रॉसी का कहना है कि ईरान महज कुछ महीनों में फिर से यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

# स्वेज की खाड़ी में पलटा ऑयल ड्रिलिंग जहाज, चार मरे

**काहिरा।** स्वेज की खाड़ी में एक ऑयल ड्रिलिंग करने वाला जहाज पलट गया,जिससे चार लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा, चार अन्य लोग लापता हैं, जिन्हें खोजा जा रहा है। मिस्र ने इस बारे में जानकारी दी है। मिस्र के अधिकारियों ने बताया कि ये घटना मंगलवार को तब हुई जब जहाज को दूसरे क्षेत्र में ड्रिलिंग के लिए ले जाया जा रहा था। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना गैबेल एल-जैत नामक क्षेत्र में हुई। जो स्वेज नहर से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण में एक प्रमुख मिस्र का तेल उत्पादन स्थल है।

# शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा

**अदालत की अवमानना की दोषी**



सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था। इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। अदालत की अवमानना के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण शकील बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुना चुका है।

# यूएस ने यूक्रेन को रोकी हथियारों की सप्लाई

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को भेजे जाने वाले कई हथियारों की सप्लाई रोक दी है। दरअसल पेंटागन ने अपने हथियारों को

**पूर्व की बाइडन सरकार ने किया था वादा**

स्टॉक की समीक्षा की और समीक्षा में पाया कि खुद उनके हथियारों का स्टॉक बेहद कम है। ऐसे में अमेरिकी सरकार ने कई अहम हथियारों की यूक्रेन को सप्लाई रोक दी है। हथियारों की सप्लाई ऐसे समय रोकी गई है, जब रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ा दिए हैं। पूर्व की बाइडन सरकार ने कई हथियारों की सप्लाई यूक्रेन को करने का वादा किया था, लेकिन अब ट्रंप प्रशासन उस वादे से मुकर गया है। अमेरिका के इस कदम से पता चलता है कि शायद यूक्रेन युद्ध उसकी प्राथमिकताओं में अब नहीं रह गया है। पेंटागन ने अपनी समीक्षा में पाया कि उसके कई हथियारों का स्टॉक तय मानकों से काफी कम है। यही वजह रही कि अमेरिका ने यूक्रेन की सप्लाई रोकने का फैसला किया। हालांकि पेंटागन ने यह जानकारी नहीं दी कि किस तरह के हथियारों की सप्लाई रोकी गई है।

# 'कुमकुम भाग्य' में रूपम शर्मा की धमाकेदार एंट्री




सभी का चहेता शो 'कुमकुम भाग्य' में पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस रूपम शर्मा 'कुमकुम भाग्य' में सोनालिका की भूमिका में एंट्री कर रही हैं - जो शिवांश की पूर्व मंगेतर रही हैं और अब भी उनकी शादी से पूरी तरह अनजान हैं। वो एक पारिवारिक पूजा के मौके पर लौटती हैं, दिल में पुराने रिश्ते की गर्मजोशी की उम्मीद लेकर, लेकिन सामने आती है एक सच्चाई... जो उनकी दुनिया को हिला देती है। इस कहानी में ड्रामा और भी गहराता है क्योंकि रूपम एक ऐसे ग्रे किरदार में नज़र आएंगी, जिसकी मौजूदगी सिर्फ़पुराने ज़ख्म नहीं कुरेदेगी, बल्कि शिवांश और प्रार्थना के नाज़ुक रिश्ते में हलचल भी मचाएगी। अधूरी भावनाओं के साथ लौट रही सोनालिका अब इस रिश्ते की पूरी तस्वीर ही बदलने वाली है, और जो ट्विस्ट आएंगे - वो दर्शकों को स्क्रीन से नज़रें हटाने नहीं देंगे। रूपम शर्मा कहती हैं, '' 'कुमकुम भाग्य' शो से जुड़ना एक बहुत खास अनुभव रहा, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे सोनालिका जैसे किरदार को निभाने का मौका मिला है - वो कोई आम सीधी-सादी लड़की नहीं है। इस ग्रे शेड को निभाना मेरे लिए एक क्रिएटिव फ्रीडम जैसा रहा है। सोनालिका दिल की बात छुपाकर नहीं रखती - और यकीन मानिए, वो शिवांश और प्रार्थना की दुनिया में उथल-पुथल मचाने वाली है। मुझे उसका किरदार निभाकर बहुत मज़ा आ रहा है और मैं बहुत उत्साहित हूं कि जब दर्शक उसे देखेंगे, तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी।'' मालूम हो कि 'कुमकुम भाग्य' रोजाना रात सवा नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

# प्लास्टिक बैग्स जीवन से कर दिये मुक्त!




'इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे' पर टीवी एक्टर्स सामने आकर एक मजबूत मैसेज दे रहे हैं- सस्टेनेबिलिटी सिर्फ ज़रूरी ही नहीं, बल्कि स्टाइलिश भी हो सकती है।एण्डटीवी के कलाकार भी प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली को अपनाने के अपने खास और क्रिएटिव तरीके साझा कर रहे हैं। शुभांगी अत्रे यानि उर्फ अंगूरी भाबी ने कहा, ''मैं खुद भी प्लास्टिक से दूरी बनाकर कपड़े के बैग्स इस्तेमाल करती हूं। पुराने डेनिम, साड़ियां और दुपट्टों को नया रूप देकर मैंने उन्हें स्टाइलिश कपड़े के बैग्स में बदल दिया है, जिन्हें मैं रोज़ इस्तेमाल करती हूं। मेरे हैंडबैग में हमेशा एक फोल्ड होने वाला जूट बैग रहता है-जो देखने में अच्छा भी लगता है और काम में भी तुरंत आ जाता है। जब भी मैं खुद के लिए हैंडबैग या पर्स खरीदती हूं, तो ऐसे ब्रांड्स को चुनती हूं जो रीसाइकल किए गए प्लास्टिक से बने होते हैं।''हिमानी शिवपुरी ऊर्फ कटोरी अम्मा बताती हैं, ''मैंने अपनी पुरानी साड़ियों और दुपट्टों को एक दोस्त की मदद से मज़बूत और रंग-बिरंगे शॉपिंग बैग्स में बदल दिया है। ये बैग्स न सिर्फ टिकाऊ हैं, बल्कि इनमें पुरानी यादों की खूबसूरती भी बसी है। मैं अपनी कार में हमेशा एक जूट बैग रखती हूं, ताकि कभी प्लास्टिक की ज़रूरत ही न पड़े। सेट पर भी मैं खुद री-यूज़ेबल बैग लेकर जाती हूं और अक्सर यंग एक्टर्स को सस्टेनेबल चॉइसेज़ अपनाने के लिए मोटिवेट करती हूं। सस्टेनेबिलिटी सिर्फ ज़रूरत नहीं, हमारी जड़ों से जुड़ी एक लाइफस्टाइल च्वॉइस है।''

## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089